जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

नए साल में बुमराह के नाम जुड़ा बड़ा रिकॉर्ड
पेज 11




# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

₹4

वर्ष 21 | अंक-156 | मुंबई, गुरुवार, 2 जनवरी 2025 | मुंबई | पृष्ठ 12 | मूल्य










नववर्ष पर मोदी सरकार का बड़ा तोहफा

# 'पहला फैसला किसानों के नाम'

## खाद पर सब्सिडी बढ़ाई, नहीं बढ़ेंगे दाम

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को दो फसल बीमा योजनाओं – पीएमएफबीवाई और आरडब्ल्यूबीसीआईएस – को वर्ष 2025-26 तक एक और साल के लिए बढ़ा दिया है। इसके साथ ही प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए 824.77 करोड़ रुपये का एक अलग कोष भी बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, "(सरकार का) नए साल का पहला फैसला हमारे देश के करोड़ों किसान भाइयों और बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा योजना के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे किसानों की फसलों को अधिक सुरक्षा मिलेगी और किसी भी नुकसान के बारे में उनकी चिंता भी कम होगी।" उन्होंने कहा कि डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पर एकमुश्त विशेष पैकेज को बढ़ाने के कैबिनेट के फैसले से किसानों को सस्ती कीमतों पर उर्वरक सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।' सरकार ने किसानों के लिए कुल 69,515 करोड़ रुपये का आवंटन किया है।



### और चार करोड़ किसानों का समावेश

कैबिनेट बैठक में सरकार ने फसल बीमा योजना का दायरा बढ़ाते हुए 4 करोड़ और किसानों को इसमें शामिल करने का फैसला किया है। इससे अधिक किसानों को फसल नुकसान के समय आर्थिक सहायता मिल सकेगी। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि नौ प्रमुख राज्य आंध्र प्रदेश, असम, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और कर्नाटक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल हैं और अन्य राज्यों को भी तेजी से शामिल किया जा रहा है।

### डीएपी खाद पर अतिरिक्त सब्सिडी

सरकार ने डीएपी खाद पर 3,850 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी देने का फैसला किया है। यह फैसला अंतर्राष्ट्रीय बाजार में खाद के बढ़े दामों को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि किसानों पर बोझ न पड़े। इससे किसानों को 50 किलो का डीएपी बैग 1,350 रुपये में मिलता रहेगा। इसके लिए एकमुश्त विशेष पैकेज प्रदान किया गया है। इस पूरे पैकेज की कुल लागत लगभग 3,850 करोड़ रुपये होगी।

### फसल बीमा योजनाओं को विस्तार

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 15वें वित्त आयोग की अवधि के अनुरूप विस्तारित करने के लिए बढ़ा दिया गया है। पीएमएफबीवाई और आरडब्ल्यूबीसीआई के लिए कुल परिव्यय वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 के लिए 69,515.71 करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया गया है, जो 2020-21 से 2024-25 के लिए 66,550 करोड़ रुपये से अधिक है।

### नवोन्मेषण और प्रौद्योगिकी को अलग कोष

- फसल बीमा योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रौद्योगिकी के लक्षित समावेश पर मंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल ने नवोन्मेषण और प्रौद्योगिकी (एफआईएटी) के लिए 824.77 करोड़ रुपये का एक अलग कोष बनाने को भी मंजूरी दी है। वैष्णव ने कहा कि यह फसल क्षति के तेजी से आकलन, दावा निपटान और कम विवादों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग में मदद करेगा।

जालनाः खड़े ट्रक से टकराई कार



- नववर्ष मनाने गणपुर जा रहा था परिवार

# 4 लोगों की मौत, 2 घायल

**जालना।** नववर्ष पर जालना जिले में बड़ा हादसा हो गया। जहां हाईवे पर खड़े ट्रक से एक कार टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जालना जिले के महाकाल के पास सोलापुर-धुले हाईवे पर बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार एक खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे परिवार के 4 सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार यह परिवार नए साल का जश्न मनाने के लिए अक्कलकोट से गणपुर जा रहा था। हादसे के दोनों घायलों को छत्रपति संभाजी नगर अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित अक्कलकोट की यात्रा के बाद छत्रपति संभाजीनगर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रक अंबाड़ तहसील के महाकाल गांव में सड़क पर खराब हो गया था और तभी कार ने पीछे से उसमें टक्कर मार दी। इस बीच, गोंडी पुलिस मौके पर पहुंच गई है और यह भी बताया जा रहा है कि घायलों को आगे के इलाज के लिए छत्रपति संभाजीनगर ले जाया गया है। जानकारी सामने आ रही है कि इस हादसे में मरने वाले चारों लोग एक ही परिवार के हैं।

### हादसे में इनकी हुई मौत

इस हादसे में अनिता परशुराम कुंटे (48), भागवत चोरे (47), सृष्टि भागवत चोरे (13) और वेदांत भागवत चोरे (11) की मौके पर ही मौत हो गई। कार चला रहे परशुराम कुंटे और छाया चोरे को गंभीर चोटें आईं और उन्हें छत्रपति संभाजीनगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया है।

नए वर्ष पर खौफनाक हत्याकांड

# होटल में मां और चार बहनों का कत्ल

**लखऊ।** यहां होटल शरणजीत में नए साल के पहले दिन एक युवक ने युवक ने मां और 4 बहनों का कत्ल कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी का नाम अरशद और उसके पिता का नाम बदर है। वे इस्लाम नगर, टेढ़ी बगिया, कुबेरपुर, आगरा के रहने वाले हैं। परिवार 30 दिसंबर को लखनऊ आया हुआ था। युवक अपनी मां और चार बहनों के साथ नाका इलाके होटल शरणजीत में ठहरा हुआ था। पुलिस ने बताया कि अरशद (उम्र 24 वर्ष) ने अपनी मां और चार बहनों की धारदार ब्लेड से हत्या कर दी। मरने वालों में आलिया (9), अल्शिया (19), अक्सा (16), रहमीन (18) और बच्चों की मां अस्मा बताए जा रहे हैं।

### 'हमारे घर को मंदिर बनाया जाए'

- गिरफ्तार युवक ने हिंदू धर्म अपनाने की बात की है तथा बस्ती वालों को इस हत्याकांड का जिम्मेदार ठहराते हुए अपने मकान को मंदिर के लिए दान करने का एक वीडियो जारी किया है। इसमें उसने कहा है कि मेरे मकान पर मंदिर बनाया जाए और मकान के अंदर रखा सारा सामान अनाथ आश्रम में दे दिया जाए। वीडियो में अरशद ने रानू, आफताब, आलम अली, सलीम अहमद, आरिफ अजहर पर आरोप लगाते हुए कहा, ये लोग बहनों को हैदराबाद में बेचते हैं। वह बहनों को बिकते नहीं देख सकता था।

# नौसेना में शामिल होंगे तीन अग्रिम बेड़े

**मुंबई।** भारतीय नौसेना तीन अग्रिम बेड़े नीलगिरि, सूरत और वाग्शीर को नौसेना में शामिल करने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। भारतीय नौसेना तीन अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू जहाजों – नीलगिरि, प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट क्लास का प्रमुख जहाज- सूरत, प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ डिस्ट्रॉयर क्लास का चौथा और अंतिम जहाज और वाग्शीर, स्कॉर्पीन-क्लास प्रोजेक्ट की छठी और अंतिम पनडुब्बी को नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में एक साथ 15 जनवरी 2025 को नौसेना में शामिल करने की तैयारी कर रही है। तीनों प्लेटफॉर्म को पूरी तरह से मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), मुंबई में डिजाइन और निर्मित किया गया है। नीलगिरि प्रोजेक्ट 17ए का प्रमुख जहाज, शिवालिक-क्लास फ्रिगेट्स की तुलना में एक बड़ी उन्नति है,

- नीलगिरि, सूरत और वाग्शीर की 15 जनवरी को कमिशनिंग





मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई में हुआ निर्माण

### विमानन सुविधाओं से सुसज्जित

आधुनिक विमानन सुविधाओं से लैस, नीलगिरि व सूरत संचालन के दौरान चेतक, एएलएच, सी किंग व एमएच-60 आर व कई हेलीकॉप्टरों का संचालन कर सकते हैं। रेल-लेस हेलीकॉप्टर ट्रैवर्सिंग सिस्टम व विजुअल एड व लैंडिंग सिस्टम सभी परिस्थितियों में निर्बाध संचालन सुनिश्चित करती हैं।

### महिला अधिकारियों और नाविकों की नियुक्ति

- इन जहाजों में महिला अधिकारियों और नाविकों की एक बड़ी संख्या का सहयोग करने के लिए विशेष व्यवस्था भी शामिल है, जो फ्रंटलाइन लड़ाकू भूमिकाओं में लैंगिक समावेशन की दिशा में नौसेना के प्रगतिशील कदमों के अनुरूप है। वहीं, वाग्शीर कलवरी-क्लास प्रोजेक्ट 75 के तहत छठी स्कॉर्पीन-क्लास पनडुब्बी दुनिया की सबसे शांत और बहुमुखी डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में से एक है।

# कंपनी में लगी आग 4 कर्मचारियों की मौत

**सूरत।** साल के आखिरी दिन गुजरात में सूरत जिले के हजीरा में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां के हजीरा स्थित एएम/एनएस कंपनी के कोरेक्स-2 प्लांट में अचानक आग लग गई। इस प्लांट में लिक्विड मेटल बनाने की प्रक्रिया होती है। आग टु इयर प्लेटफॉर्म से शुरू होकर लिफ्ट तक पहुंच गई थी। इससे लिफ्ट में फंसे 4 कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 1 कर्मचारी को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद इमरजेंसी प्रोटोकॉल लागू कंपनी के संबंधित अधिकारी और फायर विभाग अधिक जानकारी जुटा रहे हैं। साल के आखिरी दिन हुई इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक फैल गया है। वहीं, कंपनी की तरफ से कहा गया है कि हादसे के बाद इमरजेंसी प्रोटोकॉल लागू कर घटनास्थल को सील कर दिया गया है। मृतकों के नाम धवल कुमार, गणेश पटेल, जिग्नेश दिलीप पारेख और संदीप पटेल हैं।



यूनिट दोबारा शुरू करते समय हुआ हादसा

## न्यूज BRIEF

### अमेरिका : युवक ने लोगों को रौंदा, 10 की मौत

**लुइसियाना।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के न्यू आर्लीन्स में एक वाहन भीड़ में घुस गया, जिससे दस लोगों की मौत हो गई। जबकि तीस से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना बोरबन स्ट्रीट पर नए साल के जश्न के दौरान हुई। न्यू ऑर्लीन्स के मेयर ने कहा कि नए साल के दिन हुई मौतों की घटना एक 'आतंकवादी हमला' था।

### कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** नए साल की पहली सुबह एलपीजी ग्राहकों को लिए राहत भरा लेकर आया है। एलपीजी सिलेंडर आज से 14 रुपये 50 पैसे सस्ता हो गया है। एलपीजी गैस सिलेंडर के रेट में यह राहत केवल 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर में मिली है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में साल 2025 के पहले दिन भी कोई बदलाव नहीं हुआ है।



### स्कूटी से 41 लाख रुपए जब्त, दो गिरफ्तार

**नागपुर।** शहर के शिवाजी चौक के पास पुलिस 31 दिसम्बर को नाकाबंदी कर सड़क से जाने वाले वाहन की जांच कर रही थी। इस दौरान एक स्कूटी से जा रहे दो युवको को पुलिस ने रोका। जांच करने पर उनके स्कूटी की डिक्की से 41 लाख रुपये बरामद किए गए। युवक पैसे का हिसाब नहीं दे पाए। मामले की जानकारी पुलिस ने आयकर विभाग को भी दी है।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ेगी बसपा

**लखनऊ।** मायावती की बहुजन समाज पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव में ताल ठोकेगी। बीएसपी के एक नेता ने कहा कि पार्टी सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी और पहली लिस्ट 15 जनवरी तक जारी होगी। शहर को पांच जोन में बांटा गया है और सभी जोन में उम्मीदवारों के नाम तय करने की प्रक्रिया चल रही है। उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया की देखरेख के लिए प्रत्येक जोन में समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। ये केंद्रीय समन्वयक अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देंगे और उन्हें बहनजी (बीएसपी प्रमुख मायावती) को भेजेंगे।

# भजनलाल कैबिनेट में बदलाव जल्द!

## पुराने पेड़, सूखे पेड़ गिरेंगे, नए पत्ते उभरेंगेः अग्रवाल

जयपुर। राजस्थान की भाजपा सरकार और संगठन में बदलाव जल्द हो सकता है। इसकी चर्चाएं बीते काफी दिनों से चल रही है। उपचुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद माना जा रहा है कि पार्टी आलाकमान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को फ्री हैंड दे दिया है। हालांकि जानकारों का यह भी कहना है कि भजनलाल कैबिनेट हो या राजस्थान भाजपा संगठन बदलाव की फाइनल लिस्ट से दिल्ली की सहमति से ही तय होगी। अब भजनलाल कैबिनेट में बदलाव की चर्चा को नया बल प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल के एक बयान से मिली है।



दरअसल राधामोहन दास अग्रवाल ने राजस्थान कैबिनेट में बदलाव को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि यह तो स्वभाविक प्रक्रिया है। पुराने पेड़, सूखे पेड़ गिरेंगे, नए पत्ते उभरेंगे। राजस्थान भाजपा प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने मीडिया से बात करते हुए कैबिनेट और भाजपा संगठन में बदलाव को लेकर कहा कि जवान टीम बनेगी, नए कार्यकर्ता पदों पर होंगे। अनुभवी कार्यकर्ता अन्य दायित्वों पर होंगे। नए और पुराने का सम्मिलन होंगे। मिलकर एक मजबूत संगठन बनेंगे।

### सभी विधायक नहीं बन सकते मंत्री

राधामोहन दास अग्रवाल ने आगे कहा कि जो जमे रहते हैं, वो जमे रहते हैं। उनका उपयोग भी किया जाता है और नए लोगों को मौका भी दिया जाता है। मंत्रिमंडल में अनुभवी लोग है। मंत्रिमंडल का एक सीमा होती है। सभी विधायकों को तो मंत्री नहीं बनाया जा सकता है। भाजपा ऐसे कार्यकर्ताओं से भरी है। सभी एक से एक हीरे हैं।

26/11 मुंबई हमले का आरोपी

# भारत लाया जाएगा तहव्वुर राणा

**नई दिल्ली।** भारत को अमेरिका में बड़ी सफलता मिली है। 26/11 मुंबई हमले में शामिल पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को जल्द ही भारत लाए जाने की संभावना है। राणा के प्रत्यर्पण के लिए अमेरिकी कोर्ट ने हरी झंडी दे दी है। अमेरिकी कोर्ट ने अगस्त 2024 में फैसला सुनाते हुए भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को भारत भेजने को मंजूरी दी थी। राणा पर आरोप है कि उसने 26/11 के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली की मदद की थी। हेडली ने मुंबई में ठिकानों की रेकी की थी। इससे पहले भारत ने अमेरिकी कोर्ट के समक्ष मजबूत सबूत पेश किए थे, जिनमें राणा की संलिप्तता साफ देखी गई थी।



प्रत्यर्पण करने अमेरिका की हरी झंडी

# फडणवीस सरकार की आज कैबिनेट बैठक

**मुंबई।** नए साल की शुरुआत में ही महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस एक्टिव हो गए हैं। आगामी 100 दिन सभी विभागों के मंत्रियों को क्या-क्या करना है? उनकी क्या तैयारी है? अपने विभाग को लेकर उनका रोड मैप क्या होगा? इसे लेकर सीएम फडणवीस गुरुवार, 2 जनवरी को सभी कैबिनेट और राज्य मंत्रियों की एक अहम बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। महाराष्ट्र सरकार की ये कैबिनेट बैठक दोपहर 12 बजे मंत्रालय में होगी। बैठक में अगले 100 दिन के सरकार के रोड मैप पर चर्चा होगी। फडणवीस अपने मंत्रियों को अगले सौ दिन का टारगेट देंगे।इसके अलावा बीड सरपंच हत्या को लेकर चल रहे राजनीतिक घमासान, बेमौसम बारिश से हुआ किसानों का नुकसान, मराठा बनाम ओबीसी आरक्षण का विवाद आदि विषयों पर फडणवीस अपने मंत्रियों से चर्चा करने वाले हैं।



### नगरपालिका चुनाव पर भी होगी चर्चा

आगामी 3 से 4 महीने में महाराष्ट्र में स्थानीय स्वराज संस्थाओं, नगरपालिका और महानगरपालिकाओं के चुनाव होंगे। इन चुनावों को लेकर लोकसभा और विधानसभा की तरह क्या रणनीति हो सकती है? उसपर भी चर्चा की जा सकती है। इसके लिए सीएम फडणवीस अपने बीजेपी कोटे के मंत्रियों से अलग से मिल सकते हैं।

# -40 डिग्री में भारतीय सैनिकों की पेट्रोलिंग

## एलओसी पर बैठे पाक घुसपैठिए

## पाक आतंकियों के तमाम रास्ते बंद

## बर्फबारी के बावजूद भारतीय जवान तैनात

**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी हो रही है और इसी वजह से लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) में कश्मीर के इलाके में करीबन 5-7 फीट तक बर्फ जम गई है। इसकी वजह से भारतीय सेना एलओसी की निगरानी करने के लिए अग्रिम इलाकों की पेट्रोलिंग लगातार कर रही है। जानकारी इस बात की भी मिली है कि पाकिस्तान इसकी आड़ में घुसपैठ की कोशिश कर सकता है या फिर अग्रिम इलाकों में आईईडी लगा सकता है। इसी को देखते हुए भारतीय सेना ने विषम परिस्थितियों में तापमान माइनस 40 डिग्री तक पहुंच जाने के बावजूद लाइन ऑफ कंट्रोल की निगरानी तेज कर दी है।



### 24 घंटे दुश्मन पर नजर

नए साल के जश्न के बीच एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जो आपको आश्चर्यचकित कर देगा। बता दें कि लाइन ऑफ़ कंट्रोल (एलओसी) पर साल भर बर्फ की चादर रहती है और सर्दी के दिनों में तापमान -40 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है। इस इलाके में भारतीय सेना के जवान देश की रक्षा के लिए कठिनाइयों का सामना करते हैं। बर्फबारी के बीच सेना के जवान देश की रक्षा के लिए सीना ताने खड़े हैं। इसमें कई हाईटेक हथियार हैं जो उनकी मदद कर रहे हैं।

# बोरवेल से निकाली गई चेतना, मौत

**जयपुर।** राजस्थान के कोटपूतली में 700 फीट गहरे बोरवेल में 10 दिनों से फंसी 3 साल की बच्ची चेतना को आखिरकार बुधवार को बाहर तो निकाल लिया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है यह बचाव अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण था और इसमें राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। चेतना को बोरवेल से निकालने के तुरंत बाद ही उसे अस्पताल ले जाया गया, ताकि उसकी स्वास्थ्य जांच की जा सके। लेकिन जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



- 10 दिन से फंसी थी 700 फुट गहराई में

### राज्य में अब तक सबसे लंबा बचाव अभियान

10 दिन चले रेस्क्यू ऑपरेशन में एनडीआरएफ की टीम काफी मशक्कत करनी पड़ी। रेस्क्यू टीम ने बोरवेल के समानांतर एक सुरंग खोदकर उसे बाहर निकाला। चेतना को निकालने के लिए यह अभियान राज्य में सबसे लंबे बचाव अभियानों में से एक रहा। बोरवेल में गिरी बच्ची के परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया है। कोटपूतली जिले के सरुंड थानाक्षेत्र में कितरपुरा इलाके में भूपेंद्र चौधरी के खेत में उसकी तीन साल की बच्ची चेतना करीब तीन बजे बोरवेल में गिर गई थी।

# मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने कमाएं 89 लाख रुपए



## ▶▶ 18 हजार गाड़ियों का काटा ई-चालान

## ▶▶ नए साल में ट्रैफिक रूल्स की उड़ाईं धज्जियां

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** नए साल के अवसर पर मुंबई में लोगों ने जमकर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया। पुलिस की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, नए साल के मौके पर मुंबई पुलिस ने देर रात अभियान चलाया। इस दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों का ई चालान किया गया। पुलिस ने बताया कि नए साल के अवसर पर 17 हजार 800 गाड़ियों का चालान किया गया है।

### शराब पीकर गाड़ी चलाते मिले 153 लोग

ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों का कुल मिलाकर 89,19,750 रुपये का चालान काटा गया। 153 लोग शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़े गए। 2893 लोग गलत तरीके से गाड़ी चलाते हुए मिले।

### 1731 गाड़ियों ने किया रेड लाइट पार

नए साल पर 1731 गाड़ियों का चालान रेड लाइट जंप, 868 गाड़ियों का चालान नो एंट्री जोन में जाने का और 842 वाहनों का चालान ओवर स्पीड के कारण किया गया।

### बड़ी संख्या में लोगों ने तोड़ा यातायात नियम

- 123 बाइक का चालान तीन लोगों के बैठने के कारण किया गया। 109 का चालान गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन इस्तेमाल करने की वजह से किया गया। 40 वाहनों का चालान रॉन्ग साइड में ड्राइविंग की वजह से किया गया। दो लोगों का चालान खतरनाक गाड़ी चलाने के कारण किया गया। 432 कार का चालान इसलिए किया गया क्योंकि ड्राइवर सीट बेल्ट नहीं पहना था। 200 वाहनों का चालान इसलिए किया गया क्योंकि ड्राइवर ने यूनिफॉर्म नहीं पहना था।

### जश्न में डूबे दिखे मुंबईकर

मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने नए साल के जश्न में लोग ट्रैफिक नियम तोड़ते हुए मिले। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 89 लाख रुपए से ज्यादा का चालान काटा। पुलिस कई जगहों पर सतर्कता भी बरती थी।

## महाराष्ट्र में अब तक 16 बांग्लादेशी हो चुके गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस की तरफ से कार्रवाई की गई है। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने और उचित दस्तावेजों के बिना देश में रहने के आरोप में 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी राज्य पुलिस के एक अधिकारी ने दी।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने स्थानीय पुलिस की मदद से पिछले चार दिनों में मुंबई, नासिक, नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर से नौ बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों में से आठ पुरुषों और एक महिला ने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके आधार कार्ड बनवाए। पुलिस ने उनके खिलाफ विदेशी अधिनियम और अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत पांच मामले दर्ज किए हैं।

# सीएम सौर कृषि वाहिनी 2.0 परियोजना को गति दें

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**मुंबई।** मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी राज्य सरकार की एक "फ्लैगशिप" योजना है। इस परियोजना का कार्य तेजी से प्रगति पर है। परियोजना विकासकों को कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं का जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक नियमित रूप से समीक्षा करें और उनका समाधान करें। इन समस्याओं से संबंधित रिपोर्ट अगले 15 दिनों में मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी परियोजना के अंतर्गत अब परियोजना विकासकों को ग्राम पंचायत से "अनापत्ति " प्रमाणपत्र लेने की आवश्यकता नहीं है।

साथ ही, अतिक्रमित भूमि के मामलों में परियोजना विकासक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को संयुक्त बैठक आयोजित करनी चाहिए। अतिक्रमित भूमि से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने परियोजना विकासकों को आवश्यक सभी स्वीकृतियां ऑनलाइन प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को लागू करते समय यदि कोई समस्या आती है और वह जिला या ग्राम स्तर पर हल नहीं हो सकती है, तो उसे मंत्रालय स्तर पर सुलझाया जाएगा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी परियोजना हर हाल में समय पर पूरी हो और लागू की जाए। मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में सह्याद्री अतिथि गृह में मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी 2.0 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विद्युत निरीक्षक संदीप पाटिल, ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और दूरदृश्य प्रणाली के माध्यम से अन्य पिछड़ा वर्ग एवं बहुजन कल्याण मंत्री अतुल सावे, पुणे, जालना, लातूर, अहिल्यानगर और नंदुरबार जिलों के जिलाधिकारी तथा परियोजना के विकासक उपस्थित थे।

### ▶▶ डीएम-एसपी नियमित समीक्षा और समाधान करें

# ग्रामीण क्षेत्रों में आवास योजना को मजबूत करेंगे : जय कुमार गोरे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं को और मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देशानुसार गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के लिए इस योजना को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। 100 दिनों के भीतर 20 लाख आवासों को मंजूरी देने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास और पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे ने दी। ग्राम विकास मंत्री गोरे ने मंत्रालय में मंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत की। इस अवसर पर पूर्व सांसद रणजीतसिंह नाईक-निंबालकर, अण्णासाहेब पाटील विकास महामंडल के अध्यक्ष नरेंद्र पाटील, विधायक सचिन कांबले-पाटील और गोरे की पत्नी सानिया गोरे सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री गोरे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर मिला है। मंत्री पद के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की विकास संबंधी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। 100 दिनों के कार्यक्रम के तहत कार्य किया जाएगा।

- 50 लाख अतिरिक्त "लखपति दीदी" बनाएंगे

## प्राथमिकता से पूरा करेंगे मुंबई गोवा राष्ट्रीय मार्ग : भोसले

**मुंबई।** राज्य में सड़कों का नेटवर्क विकसित कर ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ा जाएगा, जिससे नागरिकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। मुंबई-गोवा राष्ट्रीय महामार्ग के कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी। यह जानकारी सार्वजनिक निर्माण मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले (सार्वजनिक उपक्रम को छोड़कर) ने दी। सार्वजनिक निर्माण मंत्री भोसले ने सार्वजनिक निर्माण (सार्वजनिक उपक्रम को छोड़कर) विभाग का कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि राज्य की समग्र प्रगति बुनियादी ढांचे पर निर्भर करती है। सरकार का उद्देश्य राज्य में उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों का नेटवर्क तैयार करना है। मुंबई-गोवा राष्ट्रीय महामार्ग के कार्य की समीक्षा की जाएगी। यदि कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि हो रही है या भूमि हस्तांतरण में कोई समस्या आ रही है, तो उन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मंत्री भोसले ने दोहराया कि मुंबई-गोवा राष्ट्रीय महामार्ग का पूर्ण होना राज्य और जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।



- सड़कों का नेटवर्क विकसित कर ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ा जाएगा

# वखार महामंडल कृषि उत्पाद भंडारण क्षमता बढ़ाए : रावल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** वखार महामंडल द्वारा सहेजे गए कृषि उत्पाद का बीमा कराकर किसानों को भंडारण शुल्क में छूट प्रदान की जाती है। यह सुविधा निश्चित रूप से किसानों के हित में है। किसानों को लाभ प्रदान करने वाले वखार महामंडल को गोदामों का विस्तार कर भंडारण क्षमता बढ़ाने के निर्देश पणन मंत्री जयकुमार रावल ने दिए हैं। सह्याद्री अतिथिगृह में महाराष्ट्र राज्य वखार महामंडल, महाराष्ट्र राज्य मार्केटिंग फेडरेशन और महाराष्ट्र कपास उत्पादक पणन महासंघ की बैठक के दौरान रावल ने समीक्षा करते हुए यह बात कही।

इस बैठक में महाराष्ट्र कपास उत्पादक पणन महासंघ के क्षेत्रीय प्रबंधक आप्पासाहेब धुलाज, महाराष्ट्र राज्य मार्केटिंग फेडरेशन के प्रबंध निदेशक श्रीधर डूबे पाटिल, वखार महामंडल के मुख्य प्रबंध निदेशक कौस्तुभ दिवेगावकर, सहायक प्रबंध निदेशक दीपक शिंदे और प्रबंध निदेशक प्रशांत बारगावकर उपस्थित थे। वर्तमान में मौजूद वखार महामंडल के गोदामों की मरम्मत का कार्यक्रम राज्यभर में चलाया जाना चाहिए। जहां भी गोदामों में शीतगृह की सुविधा उपलब्ध कराना संभव है, वहां इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए। राज्य में बन रहे ड्राय पोर्ट में गोदाम निर्माण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कृषि उत्पादकता के अनुसार विशिष्ट कृषि उत्पादों के भंडारण के लिए 'साइलो' निर्माण पर बल दिया जाना चाहिए। माल ढुलाई के दृष्टिकोण से रेलवे मार्ग के पास गोदामों का निर्माण किया जाए, ऐसी हिदायतें भी रावल ने दीं। पणन मंत्री रावल ने कहा कि भारतीय कपास निगम (सीसीआई) से राशि प्राप्त करने के लिए लगातार प्रयास किए जाने चाहिए। राज्य में मांग और कपास उत्पादन के अनुमान के आधार पर सीसीआई के माध्यम से कपास खरीद केंद्र शुरू करने के प्रयास किए जाने चाहिए। महाराष्ट्र कपास उत्पादक पणन महासंघ की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने के लिए सरकार सकारात्मक है और इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

**किसानों को भंडारण शुल्क में छूट प्रदान की जाती**

### उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज महाकुम्भ 2025

## रेलकर्मियों की जैकेट पर लगे स्कैनर से यात्री निकाल सकेंगे टिकट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** महाकुम्भ 2025 को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल ने डिजिटल तकनीक के उपयोग से टिकटिंग प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए एक अभिनव पहल शुरू की है। महाकुम्भ के दौरान, रेलवे के वाणिज्य विभाग के कर्मयोगी प्रयागराज जंक्शन पर विशेष ड्यूटी पर तैनात रहेंगे और हरे रंग की जैकेट पहनेंगे। इन जैकेट्स के पीछे एक क्यूआर कोड अंकित होगा, जिसे श्रद्धालु अपने मोबाइल से स्कैन कर सीधे यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। यह ऐप यात्रियों को बिना लाइन में खड़े अनारक्षित टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान करेगा। इस पहल से श्रद्धालु रेलवे स्टेशन पर भीड़ और लंबी लाइनों से बचते हुए सहजता से टिकट प्राप्त कर सकेंगे। डिजिटल भुगतान के माध्यम से टिकट बुकिंग की यह प्रक्रिया न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि महाकुम्भ के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करेगी। रेलवे कर्मी हरे रंग की जैकेट पहनकर स्टेशन और विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी सेवाएं देंगे, जिससे श्रद्धालुओं को टिकट बुकिंग संबंधित सहायता हर जगह मिल सके। क्यूआर कोड स्कैन करने पर एक लिंक मिलेगा, जो सीधे यूटीएस ऐप पर ले जाएगा। इसके माध्यम से यात्री टिकट बुकिंग के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का भी लाभ उठा सकते हैं। उत्तर मध्य रेलवे की यह पहल डिजिटल इंडिया की दिशा में एक कदम और महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी। रेलवे का यह प्रयास तीर्थयात्रियों के अनुभव को और भी यादगार बनाएगा।



### शुद्धि पत्र

**जागरूक टाइम्स के 1 जनवरी 2025 के अंक में भूलवश म्हाडा के विज्ञापन में RO नंबर 1077 प्रकाशित हो गया। जबकि RO नंबर 1092 होना चाहिए था। इस त्रुटि के लिए हम खेद प्रकट करते हैं ।**

# आठ तक रेलवे क्रॉसिंग नंबर 7 बंद रहेगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**




**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल के अहमदाबाद–विरमगाम सेक्शन के चांदलोडिया "A" और आम्बली रोड स्टेशनों के बीच स्थित रेलवे क्रॉसिंग नंबर 7 किमी 507/37-39 घाटलोड़िया जनता नगर फाटक आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु 02 जनवरी 2025 को प्रातः 08.00 बजे से 08 जनवरी 2025 सायः 18.00 बजे तक (7 दिन) बंद रहेगा। सड़क उपयोगकर्ता इस अवधि के दौरान चाणक्यपुरी और सोला ब्रिज से आवागमन कर सकते हैं।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्या :** AGCTRDT202426 | **अनुमानित लागत :** ₹15207556/- |
| **कार्य का नाम :** आगरा मंडल के मथुरा पलवल व ईदगाह टूण्डला सेक्शन में ब्रेजिंग जोड़ वाले सम्पर्क तार को बिना जोड़ वाले सम्पर्क तार से प्रतिस्थापन का कार्य (प्रथम चरण)। | |
| **धरोहर राशि :** ₹226000/- | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह |

1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं । 2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. 20.01.2025 को 11:00 Hrs. तक भरा जा सकता है । **2192/24 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**कोच एम. एल. आर. कारखाना, झांसी**

**निविदा सूचना सं. T_24-25_ETL_ICF_Coach_RT_Notice दिनांकः 26.12.2024**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, कोच एम.एल.आर कारखाना, झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| **निविदा संख्याः** T_24-25_ETL_ICF_Coach_RT | **निविदा प्रपत्र मूल्य :** ₹ 0/- | |
| **कार्य का विवरणः** सीएमएलआर कार्यशाला झाँसी में पीओएच के दौरान विद्युत ट्रेन प्रकाश उपकरणों के निराकरण, विच्छेदन, प्रतिस्थापन/रेट्रो-फिटमेंट की गैर-मुख्य गतिविधियों के लिए आउटसोर्सिंग | | |
| **निविदा मूल्यः** ₹ 84,67,772.30 (रूपये चौरासी लाख सडसठ हजार सात सौ बहत्तर और तीस पैसे मात्र) | | |
| **मात्राः** एक कार्य | **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 माह | **बयाना राशिः** ₹ 1,69,400.00/- |

(1) निविदा दिनांक 17.01.2025 को 15:00 बजे बंद होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (2) निविदा की संपूर्ण जानकारी के लिये भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट www.ireps.gov.in को देखें। (3) ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संषोधन/परिषिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की बेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी और ना ही किसी भी प्रकार का पत्राचार किया जायेगा। **2191/24 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

No. Dy.CE/GSU/AGC/Tenders दिनांकः 30.12.2024

**ई-निविदा सूचना**

उप.मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा भारत के रास्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु (E-TENDERING) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **टेंडर संख्या :** DYCE-GS-AGC-2024-15 | **कार्य की अनुमानित लागत :** Rs. 2.02 Cr. |
| **कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि :** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में 35 लेवल क्रॉसिंगों के स्थान पर आरयूबी/आरओबी के निर्माण के लिए व्यवहार्यता अध्ययन सर्वेक्षण और डीपीआर तैयार करना।, **पूर्णता अवधि-06 माह** | |

**टेंडर डालने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक, 21.01.2025 को 15:00 बजे तक टेंडर डाल सकते हैं।, पूरी जानकारी एवं टेंडर मे भाग लेने हेतु इंडियन रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखे । टेंडर केवल बेव पोर्टल इंडियन रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर डाल सकते है। **2193/24 (D)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा संख्याः AGC-EL-C-T-11-2024-25** **दिनांकः 27.12.2024**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य बिजली अभियंता/ नि0-/ उ0म0रे0/आगरा द्वारा निर्धारित फार्म पर निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा ऑन लाइन ई-टेन्डरिंग द्वारा आमंत्रित करते है।

| निविदा संख्या | कार्य का अनुमानित लागत | निविदा धरोहर राशि |
|---|---|---|
| AGC-EL-C-T-11-2024-25 | रु. 61,34,17,119.50 | रु. 32,17,100/- |

**कार्य का नाम लोकेशन सहित:** उत्तर मध्य रेलवे-आगरा मण्डल के आगरा फोर्ट-बांदीकुई (Ph-I, 90 किमी0) के दोहरीकरण के सम्बन्ध में (25 केवी0, एसी, 50 हर्ट्ज) ओएचई विद्युतीकरण और स्विचिंग स्टेशनों (टी0एस0एस0/एस0पी0/एस0एस0पी0) के संसोशन का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्य।

**कार्य समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी होने से 18 माह तक मानसून अवधि सहित

**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 21.01.2025 के 15:00 बजे तक

**वैधता अवधि:** निविदा खोलने की तिथि से 90 दिन

निविदाएं केवल वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 21.01.2025 के 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है। पूरी जानकारी के लिए कृपया भारतीय रेल की वेब साइट www.ireps.gov.in देखें। **2195/24 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद**

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

नगरपरिषद दुबे रुग्णालय ईमारत, पहिला मजला, आदर्श विद्यामंदिर रोड, बदलापूर रेल्वे स्टेशन (पूर्व) कुळगांव, पिन-421503, ता. अंबरनाथ जि. ठाणे. ईमेल :- coud.kulgaonbadlapur@maharashtra.gov.in. वेबसाईट :- http://kbmc.gov.in

जा.क्र : कुबनप/विद्युत/149/2024-25 दिनांक :- 31/12/2024

**जाहिर निविदा सूचना क्र. 16/2024**

कुळगांव-बदलापूर नगरपरिषदेच्या विद्युत विभागामार्फत 1 कामाच्या प्राकलनातील साहित्याचे दर बाजार भावातुन निविदा मागविण्यात येत आहे.

सदर निविदा संच विक्री व स्विकृतीचा कालावधी दि. 1/1/2025 ते दि. 9/1/2025 रोजी दुपारी 3.00 वाजेपर्यंत आहे व सदर निविदा शक्य झाल्यास दि. 9/1/2025 रोजी उघडण्यात येतील.

सही/-
मुख्याधिकारी
कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई–निविदा सूचना सं. एवं अपलोड करने की तिथिः ई–डीवाई–डब्ल्यूडब्ल्यू–हाउसकीपिंग–24, दिनांक 30.12.2024,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (वैगन) /खड़गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मद के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व, खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है एवं 15.00 बजे खोली जाएगी। **कार्य का नाम:** वैगन रिपेयर शॉप, खड़गपुर में शॉप फ्लोर/कार्यालयों/यार्ड की सफाई/रखरखाव और वैगन के पीओएच के लिए कचरे/स्क्रैप की निपटान व्यवस्था। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 2,40,61,573/– जीएसटी @18% सहित। **बयाना राशि:** रु. 2,70,300/–, **ई–निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 21.01.2025 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का वर्णन एवं विवरण:** **www.ireps.gov.in** इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **(PR-965)**

# आधुनिक तकनीक से वनाधिकार पट्टों का करें संरक्षण

### ▶▶ वनाधिकार कानून का प्रभावी क्रियान्वयन आदेश जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** राज्य में वनाधिकार कानून का प्रभावी क्रियान्वयन जारी है। आदिवासी अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से वनाधिकार कानून के तहत डेटा एंट्री का कार्य पूरा किया जा रहा है और स्कैनिंग के माध्यम से सभी डेटा का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। आधुनिक तकनीक के उपयोग से वनाधिकार पट्टों का संरक्षण किया जाए, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। सह्याद्री अतिथिगृह में आदिवासी विकास विभाग के अगले 100 दिनों के कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि शबरी कॉर्पोरेशन के तहत 'वन धन' केंद्रों द्वारा उत्पादित वस्तुओं को बाजार उपलब्ध कराने के लिए 'शबरी नेचुरल्स' नामक ब्रांड तैयार किया गया है, जो एक सराहनीय पहल है। 'वन धन' केंद्रों से उत्पादित वस्तुओं के लिए ई-कॉमर्स पोर्टल शुरू किया जाए। आदिवासी जिलों में गोदामों की संख्या बढ़ाकर उनका नेटवर्क विस्तारित किया जाए। इन गोदामों को नाबार्ड की योजना के तहत स्थापित करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आदिवासी जिलों में सौर ऊर्जा आधारित कृषि पंपों की मांग को पूरा किया जाए। आश्रम स्कूलों में खेल और कला शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। आदिवासी समाज के क्रांतिकारियों का इतिहास छोटे पुस्तकों के रूप में तैयार कर नई पीढ़ी को उपलब्ध कराया जाए। 'पीएम जनमन योजना' के तहत सभी पात्र आदिवासी लाभार्थियों को आवश्यक प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने शबरी आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के 'शबरी नेचुरल्स' किट का उद्घाटन किया।



### विशेष सहायता योजनाओं का अनुदान

## 'डीबीटी' प्रणाली के माध्यम से किए जाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** राज्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से पात्र निराधार व्यक्तियों को राहत मिलती है। हालांकि, इन व्यक्तियों को लाभ मिलने में हो रही देरी को रोकने के लिए, संजय गांधी निराधार योजना और श्रवणबाल सेवा राज्य निवृत्तिवेतन योजना के तहत दी जाने वाली वित्तीय सहायता को सीधे लाभार्थी हस्तांतरण (डीबीटी) पोर्टल के माध्यम से वितरित करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। सह्याद्री अतिथिगृह में सामाजिक न्याय विभाग के अगले 100 दिनों के कार्यों की योजना को लेकर मुख्यमंत्री फडणवीस ने समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अधिकतम लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए योजनाओं की वर्तमान शर्तों में सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता हो, वहां सरकारी छात्रावास भवनों की तत्काल मरम्मत की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को समय पर सभी सुविधाएं मिलें। छात्रावास की प्रवेश प्रक्रिया और जाति सत्यापन प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जाए। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए पोर्टल जल्द से जल्द चालू किया जाए।

**सभी निगमों के लिए एक तैयार की जाए 'एस.ओ.पी.'**

### महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे

# वॉल और टेबल कैलेंडर 2025 का विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र ने पश्चिम रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री प्रकाश बुटानी के साथ पश्चिम रेलवे के वॉल कैलेंडर और टेबल कैलेंडर का विमोचन किया। वर्ष 2025 के लिए पश्चिम रेलवे का वॉल कैलेंडर और टेबल कैलेंडर पश्चिम रेलवे की गौरवशाली विरासत पर आधारित है। वॉल कैलेंडर में पश्चिम रेलवे के समृद्ध और विविध इतिहास को दर्शाने वाली अनूठी विरासत की तस्वीरों की एक श्रृंखला प्रदर्शित की गई है, चाहे वह मुंबई के चर्चगेट में पश्चिम रेलवे मुख्यालय की श्वेत और श्याम रंग में भव्य इमारत हो, या बैलार्ड पियर स्टेशन से गुजरने वाली फ्रंटियर मेल (वर्तमान में गोल्डन टेम्पल मेल) की दुर्लभ तस्वीर हो।



पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र, पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक प्रकाश बुटानी के साथ पश्चिम रेलवे का वॉल कैलेंडर का विमोचन करते हुए।



पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ पश्चिम रेलवे का टेबल कैलेंडर का विमोचन करते हुए

वर्ष 2025 के लिए टेबल कैलेंडर 'पश्चिम रेलवे के गौरवशाली अतीत का कला संगम' थीम पर तैयार किया गया है। कैलेंडर में रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों और सर जेजे स्कूल ऑफ आर्ट के छात्रों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स शामिल हैं, जो चर्चगेट मुख्यालय के 125 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कला प्रतियोगिताओं में इमारत की भव्यता और विरासत को दर्शाती हैं। यह कैलेंडर अतीत की एक झलक है, जो पश्चिम रेलवे की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है।

# प्रवासी श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर दें स्मार्ट राशन कार्ड : फडणवीस



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** प्रवासी मजदूरों पर ध्यान केंद्रित किया जाए और उन्हें स्मार्ट राशन कार्ड दिये जाने चाहिए। साथ ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निर्देश दिया कि स्मार्ट कार्ड देते समय ऐसी योजना बनायी जाए कि चाहे वे मजदूर किसी भी राज्य के हों, उन्हें महाराष्ट्र में किसी भी उचित मूल्य की दुकान पर अनाज मिलेगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने सह्याद्री अतिथिगृह में खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अगले 100 दिनों की योजना की समीक्षा की। लाभार्थियों को सही मात्रा में राशन प्राप्त हो सके इसके लिए सभी उचित मूल्य की दुकानों में इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे लगाये जाएं और सभी राशन कार्ड धारकों को स्मार्ट राशन कार्ड वितरित किये जाएं।

▶▶ 'एक गांव, एक गोदाम' की स्थापना की प्रक्रिया शुरू की जाए

### राशन न लेने वालों की हो जांच

आगामी वर्ष में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में 25 लाख नये लाभार्थियों को शामिल करने और उनके ई-केवाईसी के माध्यम से उनका सत्यापन करने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि पिछले छह महीनों में एक बार भी राशन न लेने वाले राशन कार्डों की जांच की जानी चाहिए। राशन कार्ड में मृत व्यक्ति का नाम हटाया जाए, सौ से अधिक आयु के लाभार्थियों की फिर से जांच की जाए।

### समय से हो खाद्यान्न वितरण

लाभार्थियों को समय से खाद्यान्न वितरित हो सके इसके लिए 'एक गांव, एक गोदाम' की स्थापना की कार्यवाही शुरू की जाए। वाहनों की जियो टैगिंग की जाए। खाद्यान्न वितरण में प्रदेश में 'एक देश एक राशन कार्ड' नीति लागू की जा रही है। इसके तहत प्रवासी मजदूरों को खाद्यान्न वितरण में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जरूरतमंद लाभार्थी त्यौहार आनंद के साथ मना सकें, इस उद्देश्य से राज्य में त्यौहारों के दौरान 'आनंदाचा शिधा' वितरित किया जाता है। मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि इस वितरण के लिए एक कैलेंडर तैयार किया जाना चाहिए।

### सोलराइजेशन पर लाएं जल जीवन मिशन योजना

**मुंबई।** जल जीवन मिशन योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है। राज्य की इस योजना में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, मिशन मोड पर कार्य पूर्ण कर योजना को पूरी तरह से सोलराइजेशन पर लाया जाए, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत लागू की जा रही योजनाओं का सोलराइजेशन किया जाए, जिससे बिजली के साथ-साथ बिजली बिल में भी बचत होगी। इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर एक समग्र योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नल जल मित्र योजना के लिए आवश्यक कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण देने की कार्यवाही की जाए। सह्याद्री अतिथिगृह में पानी आपूर्ति और स्वच्छता विभाग के अगले 100 दिनों की योजना को लेकर मुख्यमंत्री फडणवीस ने समीक्षा की।

बिजली के साथ बिजली बिल में भी होगी बचत



बीएमसी आयुक्त भूषण गगराणी के सख्त निर्देश

# निर्माण परियोजनाओं पर जारी रहेंगे प्रतिबंध

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** पर्यावरणीय बदलाव के कारण हवा की गुणवत्ता में गिरावट और इससे जनजीवन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को ध्यान में रखते हुए, बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने निर्माण कार्यों के संबंध में कठोर कदम उठाए हैं। मनपा द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी आवश्यक कार्रवाई करना विकासकर्ताओं के लिए अनिवार्य है। जब तक वायु प्रदूषण पूरी तरह से नियंत्रित नहीं होता, तब तक ई विभाग की निर्माण परियोजनाओं पर प्रतिबंध लागू रहेंगे। बार-बार निर्देश देने के बावजूद मानकों का पालन न करने वाली परियोजनाओं पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश गगराणी ने दिए हैं। मुंबई महानगर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए महापालिका ने कठोर उपाय लागू किए हैं। इसके तहत जिन क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब या बहुत खराब श्रेणी में है, वहां निर्माण कार्यों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इसमें मुख्य रूप से भायखला और बोरीवली पूर्व क्षेत्र शामिल हैं। निर्माण कार्य बंद होने के बाद क्षेत्रीय स्थिति का जायजा लेने के लिए महापालिका आयुक्त और प्रशासक गगराणी ने 1 जनवरी को भायखला में निर्माण परियोजनाओं का अचानक निरीक्षण किया। गगराणी ने संत गाडगे महाराज चौक (सात रास्ता) क्षेत्र में दो निजी इमारत निर्माण परियोजनाओं का दौरा किया।



■ वायु प्रदूषण पूरी तरह नियंत्रण में करने की कवायद
■ भायखला क्षेत्र में निर्माण परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

# वसईकरों को 2025 में भी सरकारी अस्पताल की उम्मीद नहीं

■ 10 जुलाई 2024 को उसी क्षेत्र में दूसरी जगह हुआ भूमिपूजन
■ पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने 2021 में किया था ऑनलाइन भूमिपूजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** तीस लाख से भी आबादी वाले वसई - विरार मनपा क्षेत्र के लोगों को उपचार के लिए मुंबई सरकारी या प्राइवेट अस्पतालों में जाना पड़ता है। क्योंकि वसई -विरार शहर मनपा क्षेत्र में अभी भी चिकित्सा सेवाओं का अभाव है। मनपा क्षेत्र में नागरिकों के लिए कोई अच्छा अस्पताल नही हैं। इसलिए लोगों को मुंबई शहर या प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करना पड़ता है। जबकि 2021 में तत्कालीन मनपा आयुक्त गंगाधरन डी. ने एव्हरशाइन स्थित सर्वे क्रमांक 6 में 9 एकड़ रिजर्वेशन जमीन पर दो सौ बेड के मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल बनाने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा था। जिसके बाद राज्य सरकार ने उक्त स्थान पर अस्पताल बनाने की मंजूरी दें दिया था। राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने 19 अगस्त 2021 को ऑनलाईन भूमिपूजन भी किया था।लेकिन विवाद की वजह से उक्त स्थान पर अस्पताल का कार्य शुरू नही हो सका। हालांकि 10 जुलाई 2024 को उसी क्षेत्र में दूसरी जगह पर भूमिपूजन किया गया। लेकिन अब तक वहां भी अस्पताल का कार्य शुरू नही हो सका। सन 2025 में भी वसईकरों को सरकारी अस्पताल बनने की उम्मीद नजर नही आ रही है। वसई विरार मनपा क्षेत्र में केवल दो बड़े अस्पताल हैं। जो वसई पश्चिम और नालासोपारा पूर्व के विजय नगर में स्थित हैं। हालांकि इन दोनों अस्पतालो में भी मरीजों के चेकअप की सुविधाओं का आभाव हैं। मरीजों को एमआरआई आदि चेकअप के लिए अस्पताल के बाहर जाना पड़ता हैं। इन अस्पतालों में असुविधा के चलते वसईकरों को इलाज के लिए प्राइवेट व मुंबई के बड़े अस्पतालों में जाना पड़ता है। हालांकि सरकार बेहतर सेवाएं देने के लिए तमाम दावा कर रही है।लेकिन वसई विरार शहर की चिकित्सा सेवाएं दम तोड़ती नजर आ रही है। यही हाल जिला परिषद के दवाखानों का भी है। बीजेपी के पूर्व नगरसेवक किरण भोईर ने बताया कि जिस जगह पर पहले भूमि पूजन किया गया था। उस स्थान पर कुछ स्थानीय लोगों ने अस्पताल बनाने का विरोध किया था।



# 'दूध पीयो-दारू छोड़ो' अभियान पुणे में



■ शान्तिरक्षक कल्याण संस्थान पुलिस मित्र की पहल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पुणे।** पुणे के आबेंगाव दत्तनगर स्थित पीसकीपर्स वेलफेयर फाउंडेशन, शान्तिरक्षक कल्याण संस्थान पुलिस मित्र के संस्थापक उमेदाराम सुथार व आबेंगाव पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शरद झीने के निर्देशानुसार 31 दिसंबर को आबेंगाव पुलिस स्टेशन पुलिस उपनिरीक्षक मोहन कलमकर, सहायक पुलिस निरीक्षक स्वाती देवधर, पुलिस नीलिमा जाधव, अमर भोसले, अविनाश रेवे, गायकवाड, आबेगांव यातायात विभाग के महेश, श्रध्दा यादव, शान्तिरक्षक कल्याण के पुणे शहर सचिव शेखर पवार,हवेली तहसील उपाध्यक्ष जगदीश वैष्णव, सदस्य जगदीश हलकुडे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दत्त नगर चौक पर 'दूध पियो दारू छोड़ो' अभियान चलाया गया। आबेगांव पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शरद झीने ने बताया कि समय के साथ बदलाव जरूरी है। दारू पीने से रूपयों की बरबादी है। शरीर का नुक़सान व कैंसर जैसी भयानक बीमारियां भी हो जाती है। इसलिए दूध पियो दारू छोड़ो। शान्तिरक्षक कल्याण संस्थान पुलिस मित्र संस्थापक उमेदाराम सुथार ने बताया की 'दूध पियो दारू छोड़ो'मुहिम को आगे बढ़ाओ और दारू की फिजूलखर्ची बचाओ।

# धीमी गति से हो रहा विरार के नारंगी फ्लाईओवर का कार्य

▶▶ वसई विरार महानगरपालिका क्षेत्र के लिए प्रस्तावित चार नए फ्लाइओवर



अखिलेश आर. तिवारी / जागरूक टाइम्स

**नालासोपारा।** वसई - विरार क्षेत्र के लोग कई वर्षों से ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। नागरिकों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए नालासोपारा के विधायक राजन नाईक ने हाल ही में नागपुर में आयोजित शीतकालीन सत्र के दौरान विधान भवन में यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने वसई विरार महानगरपालिका क्षेत्र के लिए प्रस्तावित चार नए पुलों (फ्लाइओवर ) के निर्माण की ओर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित कराया था। हालांकि विरार के नारंगी फाटक के पास फ्लाईओवर का कार्य शुरू है,लेकिन कार्य धीमी गति से चल रहा है। शुक्रवार को निर्माणाधीन पुल को गति देने को लेकर विधायक राजन नाईक नें वहां का दौरा किया। नाईक नें रेलवे, लोक निर्माण विभाग व मनपा अधिकारियों से चर्चा की और इस पुल के निर्माण कार्य में हो रही देरी की जानकारी ली। उन्होंने पुल का कार्य तेजी से करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि इस पुल का निर्माण पिछले छह साल से चल रहा है, लेकिन इसका काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। पुल के निर्माण कार्य को लेकर विधायक के दौरे के दौरान मौजूद स्थानीय भूमिपुत्रों नें आरोप लगाया कि कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए मनपा और कुछ लोगों ने भूमिपुत्रों की जमीन हड़प कर उनके साथ अन्याय करते हुए इस पुल का नक्शा बदलने की साजिश रची है। नागरिकों के इस गंभीर आरोप पर नाराजगी व्यक्त करते हुए राजन नाईक नें रेलवे, लोक निर्माण विभाग, वसई विरार मनपा और भूमि अधिग्रहण विभाग के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक ली और सभी विभागों के अधिकारियों को भूमिपुत्रों की शिकायतों का समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही जल्द से जल्द पुल का निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। विधायक के दौरे के समय शिवसेना शिंदे गुट के नेता सुदेश चौधरी, कैलास पाटील, मनोज बारोट, संजोग यांडे, युवा अध्यक्ष विनीत तिवारी, नारायण मांजरेकर, रवि पुरोहित, जय प्रकाश वझे आदि मौजूद थे।

# सड़कों के कार्य पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराएं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से तैयार किए जाने वाले सड़कों के कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह निर्देश ग्राम विकास और पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे ने दिए। मंत्रालय में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना और ठेका कर्मचारियों के वेतन बकाया के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के सचिव सतीश चिखलीकर, वित्तीय नियंत्रक अभय धांडे, उपसचिव प्रशांत पाटिल, कार्यासन अधिकारी विवेक शिंदे, अच्युत इप्पर और विजय चौधरी उपस्थित थे। ग्राम विकास और पंचायत राज मंत्री गोरे ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मानकों में बदलाव के लिए केंद्र सरकार से चर्चा की जाएगी, ताकि कार्यों में सुगमता लाई जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के नेटवर्क के विस्तार के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने चाहिए। इसके अलावा, ग्रामीण और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनाओं के तहत आगामी कार्यों की स्वीकृति के लिए बाहरी वित्तीय संस्थानों से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के प्रयास किए जाएं। ठेका कर्मचारियों के वेतन बकाया के संबंध में भी इस बैठक में समीक्षा की गई।

# एआई, आरएस और जीआईएस का उपयोग करें

**मुंबई।** गन्ना पेराई सत्र में गन्ना क्षेत्र, गन्ना उत्पादन और उत्पादकता का सटीक अनुमान लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रिमोट सेंसिंग (आरएस) और जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) का उपयोग किया जाए, ऐसी निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने सहकार विभाग के अगले 100 दिनों के कामकाज की समीक्षा सह्याद्री अतिथिगृह में की। उन्होंने कहा कि राज्य में गन्ने का क्षेत्र व्यापक है, और एआई तकनीक का उपयोग किसानों के साथ-साथ चीनी मिलों के लिए भी लाभदायक हो सकता है। इस तकनीक के जरिए पेराई के लिए उपलब्ध गन्ने का उचित प्रबंधन करना आसान होगा। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के तहत राज्य में 100 विविध कार्यकारी सेवा सहकारी संस्थानों में 300 मीट्रिक टन से 1000 मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण किया जाएगा।

गन्ना पेराई सत्र में गन्ना उत्पादन और उत्पादकता में

# राज्य में टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन की होगी स्थापना

▶▶ आगामी 100 दिनों में वस्त्रोद्योग विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र में टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन (एमटीटीएम) की स्थापना करने, महाराष्ट्र राज्य वस्त्रोद्योग विकास निगम (एमएसटीडीसी), के गठन और नवी दिल्ली स्थित भारत टेक्स 2025 में राज्य की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, टेक्निकल टेक्सटाइल पार्क के लिए अभिरुचि पत्र आमंत्रित करने और स्थानीय वस्त्रोद्योग को बढ़ावा देने के लिए कैप्टिव मार्केट योजना लागू करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने सह्याद्री अतिथिगृह में वस्त्रोद्योग विभाग के आगामी 100 दिनों की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के हथकरघा बुनकरों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से वृद्धावस्था पेंशन योजना को लागू किया जाए। राज्य की एकीकृत और स्थायी वस्त्रोद्योग नीति 2023-28 के तहत हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहन देने के लिए अर्बन हाट केंद्रों की स्थापना की योजना बनाई जाए। इसके अलावा, प्रसार भारती के सहयोग से पारंपरिक वस्त्रोद्योग पर आधारित 'करघा' श्रृंखला का पहला भाग प्रसारित किया जाए। उन्होंने वस्त्रोद्योग विभाग की योजनाओं को डिजिटाइज और ऑटोमेट करने, सूतमिलों में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन के तहत राज्य में नए उद्योग स्थापित करने पर जोर दिया। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री धनंजय मुंडे, सांस्कृतिक कार्य मंत्री एड. आशीष शेलार मौजूद थे।

# भव्यराज सिंह ने जीती तीन अबॉकस चैंपियनशिप

▶▶ 14 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी प्रतियोगिता

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पुणे।** पुणे निवासी भवानीसिंह सुमेरसिंह शेखावत के 9 वर्षीय पुत्र भव्यराज सिंह ने यूसीएमएएस द्वारा आयोजित अबॉकस(ABACUS) प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर जीत दर्ज कर अपने परिवार और राज्य का नाम रोशन किया है। अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं 14 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थीं, जिनमें विभिन्न देशों के छात्रों ने भाग लिया था। भव्यराज ने अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय दोनों स्तर की प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन बने। इस उपलब्धि ने उनके परिवार और शिक्षकों को गौरवान्वित किया है। भवानीसिंह, जो मूलतः सीकर जिले की श्रीमाधोपुर तहसील के बागरियावास गांव के निवासी हैं, अपने बचपन से पुणे में रह रहे हैं। वह पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, जबकि उनकी पत्नी अमृतकुँवर टैक्स कंसल्टेंट हैं। भव्यराज की बहनें, लिखिता और कनक, भी अबॉकस में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और कई चैंपियनशिप जीत चुकी हैं। भव्यराज के नानोसा, उगम सिंह उदावत (ठि. बर), जो पुणे में एक व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, उन्होंने भी भव्यराज की इस उपलब्धि पर अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि भव्यराज ने यूसीएमएएस गणित में महारत हासिल की है और अबॉकस में उनकी यह उपलब्धि उनके प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है।



### अजीत पवार ने दी प्रदीप नाईक को श्रद्धांजलि

**मुंबई।** किनवट के पूर्व विधायक प्रदीप नाईक के निधन से एक कर्मठ जनप्रतिनिधि और कर्तव्यनिष्ठ लोकसेवक को हमने खो दिया है। उनके निधन से किनवट के सामाजिक जीवन से गहराई से जुड़े हुए एक व्यक्तित्व का अंत हो गया है। किनवट विधानसभा क्षेत्र के विकास में उनके द्वारा दिया गया योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। दिवंगत प्रदीप नाईक के परिवारजनों, सहयोगियों और कार्यकर्ताओं के दुःख में हम सभी सहभागी हैं। मैं उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, इन शब्दों में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी।

# सरकारी पोर्टल पर 15 तक करें रजिस्ट्रेशन

अन्न, नागरी आपूर्ति और ग्राहक संरक्षण मंत्री धनंजय मुंडे ने दी जानकारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** सरकारी खरीद केंद्र पर धान/भरडधान्य बिक्री के लिए राज्य सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। इसके लिए पहले अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित थी। लेकिन, कई किसान पंजीकरण से वंचित रह गए, इस कारण विभिन्न जनप्रतिनिधियों की मांग के अनुसार राज्य सरकार ने पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 जनवरी कर दिया है। यह जानकारी अन्न, नागरी आपूर्ति और ग्राहक संरक्षण मंत्री धनंजय मुंडे ने दी। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर न मिले, इसे सुनिश्चित करने के लिए महाराष्ट्र राज्य सहकारी विपणन महासंघ और आदिवासी विकास महामंडल के माध्यम से धान/भरडधान्य की खरीद की जाती है। इस प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। खरीफ विपणन सत्र 2024-25 के लिए किसान पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर थी। हालांकि, कई क्षेत्रों के किसान पंजीकरण से वंचित रह गए थे। इसे देखते हुए राज्य के वित्त और योजना विभाग के राज्यमंत्री एड. आशीष जयस्वाल, पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, विधायक राजू कारेमोरे सहित कई जनप्रतिनिधियों ने पंजीकरण की समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। इस मांग को ध्यान में रखते हुए किसान पंजीकरण की समय सीमा बढ़ाकर 15 जनवरी कर दी गई है। इस संबंध में अन्न, नागरी आपूर्ति और ग्राहक संरक्षण विभाग की उप सचिव राजश्री सारंग ने महाराष्ट्र राज्य सहकारी विपणन महासंघ, महाराष्ट्र राज्य सहकारी आदिवासी विकास महामंडल और संबंधित एजेंसियों को सूचित किया है। यह समय सीमा अंतिम है और मंत्री मुंडे ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें।

शोक संदेश
(स्वर्गवास : 24.12.2024)



श्रीमती इंद्रा कुंवर
निवास : गांव -पाड़ीव, जिला-सिरोही

# हमारे देश का युवा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित : प्रेमभूषण महाराज



**नालासोपारा।** नए साल का शुभारंभ हम रामकथा से कर रहे हैं, यह भी एक सुयोग है। मुंबई शहर में रहने वालों को दकियानूसी से दूर रहना चाहिए।पूज्यश्री ने नई विधा भजनात्मक रामकथा में अपना लोकप्रिय भजन.. बड़े भाग से ये मनुज तन मिला है। सुना कर स्वर्ग, नरक और मोक्ष प्राप्ति का सरल उपाय बताते हुए कहा पुण्य का एकत्रीकरण और प्रसन्नता भगवान ने केवल मनुष्य को प्रदान किया है यही मानव जीवन का वैशिष्ठ है।जीवन में भजन की निरंतरता के बिना शांति की प्राप्ति हो ही नही सकती।इस बात को सरलता से समझाते हुए एक और प्रेरक भजन पूज्यश्री ने... भजन करा होई तवन होई होई हो सुनाकर सुखमय जीवन का सुंदर सूत्र प्रदान किया।शिव सती के प्रसंग का वर्णन करते हुए पूज्यश्री ने श्रेष्ठ का अनादर और अवज्ञा विनाश कारी होता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर दोषारोपण करने वालों को पूज्यश्री ने लताड़ लगाते हुए कहा कि सनातन धर्म के लिए विधर्मियों से अधिक घातक तथाकथित हिन्दू हैं जो कहते हैं कि अल्प संख्यकों के धार्मिक केंद्रों को योगीजी खुदवाते जा रहे हैं ऐसे छद्म हिंदुओं को यह जान लेना चाहिए कि, इस देश का दुर्भाग्य है कि किसी इतिहासकार ने विधर्मियों के अत्याचार को नही लिखा। पूज्यश्री ने अपनी कथा को विस्तार देते हुए कहा कि समाज एकल परिवार की व्यवस्था से ऊब चुके हैं लोग इसलिए भविष्य में अपने हित के लिए पुनः संयुक्त परिवार की व्यवस्था की ओर लौटेंगे।पूज्यश्री ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि, जीवन मे जब भी सत्कर्म का सुअवसर बने तब पंचाग और साइत न देखा जाए।देश के नव युवकों को दोष देने वालों को मिथ्या बतलाते हुए कहा कि देश का युवा अपने लक्ष्य में लगा हुआ है अतः इसमें कोई सत्यता नही है, बिगड़ा है कोई तो इस देश का पचपन जो ऐसा आरोप लगाता है।ये सारी बाते पूज्यश्री प्रेमभूषण महाराज ने नालासोपारा (पूर्व)में बिजेंद्र रामचंद्र सिंह के संयोजन में चल रही श्रीरामकथा में कही। मानस महाकुंभ में उमड़े श्रद्धालुओं के बीच कथा की मुख्य यजमान श्रीमती मीरा बिजेंद्र सिंह, श्रीमती श्रद्धा प्रिंस सिंह,कुमारी शिवानी सिंह, मुम्बई प्रधान गणेश अग्रवाल, श्रीमती विभा अविनाश मिश्रा, भागवताचार्य श्यामजी,प्रभात सिंह बब्लू,सतीश सिंह, कुँवर संजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार लालशेखर सिंह,राजेश एस. सिंह,सनी सिंह, विशाल सिंह ननवग,त्रिभुवन पांडे,श्रीमती अशोका तिवारी, प्रिया सिंह,विपिन अग्रवाल, पूज्यश्री के सुपुत्र चि.राघव मिश्रा,प्रेमभूषण महाराज के मीडिया प्रभारी दिनेशप्रताप सिंह ने भी अवगाहन करते हुए अपना सौभाग्यवर्धन किया।

मुंबईकरों को दकियानूसी से दूर रहना चाहिए

विशेष सूचना
जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

विशेष सूचना
जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# भगवत का अर्थ भगवान और भागवत का अर्थ भक्त : कथावाचक

### स्व. जेठीदेवी धर्मपत्नी गोवर्धन त्रिवेदी की पुण्यतिथि पर श्रीमद् भागवत सप्ताह का आयोजन

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** शहर के शांतिपुरा में बुधवार को मातुश्री स्व. जेठीदेवी धर्मपत्नी गोवर्धन त्रिवेदी की वार्षिक पुण्यतिथि पर बुधवार को सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन कथावाचक डा. देवकीनंदन (ब्रह्मर्षि) डाकोर ने श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ भगवान गणपति की आराधना से किया। इसके बाद कथा में प्रवेश करते हुए बताया कि यज्ञ कई प्रकार के होते हैं लेकिन मुख्यतः तीन यज्ञ यथा सात्विक, राजसूय एवं ताम्सिक यज्ञ होते है। सात्विक यज्ञ परमात्मा को प्रसन्न करने के लिए होता हैं जिसमें सात्विक सामग्री की आहुति दी जाती है। राजसूय यज्ञ में पद पर बैठकर लाभ प्राप्ति के उद्देश्य से आहुति देता है। जबकि ताम्सिक यज्ञ किसी को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से किया जाता है। कथावाचक डा. देवकीनंदन ने श्रीमद् भगवत एवं श्रीमद् भागवत में भेद में बताते हुए कहा कि भगवत का अर्थ भगवान ने जो अपने मुख से वाणी कही जिसमें भगवान की ही कथा हैं और भागवत का अर्थ भक्तों की कथा है। भागवत कथा में द्वादश स्कन्ध है जिसमें 18 हजार श्लोक है। कथावाचक ने भागवत कथा की शुरू होने का प्रसंग बताते हुए कहा कि उतरप्रदेश के नेमीसारण्य में 18 हजार ऋषि एकत्रित हुए और 1 हजार वर्ष के ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया। लेकिन किसी भी शुभ कार्य में बाधाओं की संभावना होती है। एक हजार वर्ष के यज्ञ में भी अनेक बाधाओं का भय था। इसलिए ऋषियों ने धर्मराज और यमराज को ही यजमान बनाकर यज्ञ में बैठा दिया ताकि बाधायें ज्ञान यज्ञ से दूर रहे। जिसका उद्देश्य कथा में बाधाओं की संभावनाओं को कम करना होता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



#### चार जगह खाली हाथ नहीं जाना चाहिए

▪ कथावाचक ने कहा कि व्यक्ति को चार स्थानों पर कभी भी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। पहला पिता को पुत्री के घर, दूसरा शिष्य को गुरू से मिलने पर, तीसरा मठ-मंदिर में और चौथा किसी भी धार्मिक आयोजन में व्यक्ति को खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने आशीर्वाद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि व्यक्ति को आशीर्वाद भी एक बार लेना चाहिए, बार-बार आशीर्वाद के लिए झुकने से पूर्व आशीर्वाद का पुण्य भी चला जाता है। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन शांतिपुरा स्थित आयोजक परिवार स्व. जयशंकर त्रिवेदी परिवार के निवास स्थल से वरघोड़े का आयोजन किया गया। जिसमें सुसज्जित रथ में कथावाचक डा. देवकीनंदन डाकोर विराजमान थे। वरघोडा ढोल-ढमाकों के साथ ब्रह्मपुरी स्थित महालक्ष्मी मंदिर पहुंचा। जहां से श्रीमद् भागवत कथा को सिर पर धारण कर पुराना बस स्टेंड स्थित गणपति मंदिर पहुंचे। जहां पूजा अर्चना के बाद पुनः नाचते गाते हुए कथास्थल पहुंचे।

## आतिशबाजी व उत्साह से नववर्ष का स्वागत



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** कस्बे समेत क्षेत्रभर में नववर्ष 2025 का स्वागत आतिशबाजी व उत्साह के साथ किया गया। मंगलवार रात 12 बजे आतिशबाजी शुरू हो गई। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी लोगों ने नए साल के मैसेज भेजने शुरू कर दिए। दूसरी तरफ लोगों ने नववर्ष कई तरह से मनाया। कस्बे के समीप सुंधा पर्वत पर नव वर्ष के पहले दिन मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं अन्य देवी मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। कस्बे में नववर्ष की पहली सूर्य किरण का नजारा।

# जालोर में कृषि उपज मंडी का सेल्समैन रिश्वत लेते गिरफ्तार

### ▸▸ बोरियों को तौलकर नंबर से लगाने की एवज में मांगी थी राशि

▪ एसीबी जोधपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस हरेंद्र महावर के सुपरविजन में कार्रवाई की गई

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर में एसीबी की टीम ने आहोर कॉपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी के सेल्समैन को 9 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। सेल्समैन के पास खरीद केंद्र कृषि उपज उप मंडी, आहोर के सहायक खरीद प्रभारी की भी जिम्मेदारी है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डा. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी जालोर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी मूंग की पैदावार की बोरियों का कृषि मंडी में तोलकर खरीदने की एवज में आरोपी सैल्समेन भंवरसिंह द्वारा 9 हजार रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है।

एसीबी जोधपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस हरेंद्र महावर के सुपरविजन में कार्रवाई की गई। जालोर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया। उनके द्वारा मय टीम के साथ ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी भंवरसिंह को परिवादी से 9 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ और कार्रवाई जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।



### जालोर में नए साल का स्वागत

# डीजे की धुन पर थिरके युवा

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▪ तारीख बदलते ही आतिशबाजी और गूंजा हैप्पी न्यू ईयर

**जालोर।** साल 2024 को यादगार बनाने और 2025 का वेलकम करने के लिए जालोर शहर के विभिन्न होटल- रिसोर्ट में न्यू ईयर प्रोगाम का आयोजन किया गया। इसके साथ युवा अलग-अलग जगहों पर डीजे की धुन पर झूमे और 12 बजे बाद 2025 का स्वागत किया। लोगों ने साल 2025 का वेलकम करने के लिए शाम होते ही जालोर के कई गार्डन, रिसोर्ट लाईट से जगमगा उठे। रात ढलने के साथ ही युवक व युवतियों ने रात करीब 12 बजे तक जम नाचे। वहीं 12 बजते ही युवाओं ने आतिशबाजी कर एक साथ न्यू ईयर बोल कर 2025 का स्वागत किया। जिसके बाद सभी ने एक-दूसरे के गले मिल कर नए साल की शुभकामनाएं दी। इसके अलावा युवाओं ने अलग-अलग जगह पार्टी कर नए साल का जश्न मनाया। हालांकि कई लोगों ने अपने परिवार के साथ ही घर में अपने-अपने तरीके से 2025 का वेलकम किया है। वहीं कई युवाओं ने बुरी आदतें छोड़ कर कुछ नया करने का प्रण लिया। आमजन की सुरक्षा के लिए पुलिस भी जगह-जगह रात भर तैनात रही है।



### आई शिविर में 335 रोगियों की जांच

# 75 मोतियाबिंद के मरीजों का होगा ऑपरेशन

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पीटल जालोर के तत्वावधान में एवं आरआरआईएल फाउंडेशन के सौजन्य से नव वर्ष के उपलक्ष में 130 वां विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा व मोतियाबिंद शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि आंखों के विशाल निःशुल्क कैम्प में 335 रोगियों की जांच कर, 225 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित एवं 75 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए। ब्रह्माकुमारी राज योग केंद्र प्रभारी गीता बहन ने आयोजित समारोह में कहा कि आंखो का विशाल निःशुल्क कैम्प लगाकर नववर्ष में लोगों की सेवा का कार्य किया है। शिविर आयोजक रतनचंद सालेचा को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए इस आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। मरीजों का ऑपरेशन ग्लोबल नेत्र अस्पताल जालोर में प्रसिद्ध फेको सर्जन एवं वरिष्ठ नैत्र रोग विशेषज्ञ डा. धनेश्वर एवं उनकी टीम द्वारा मोतियाबिंद फेको लेजर द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर आयोजक रतनचंद सालेचा ने सभी महानुभावों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके आने से ही शिविर की सफलता होती है, इसलिए आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं। इन्होंने अगले वर्ष भी शिविर लगाने की घोषणा की, जिसका सभी ने स्वागत किया। मातुश्री पारूबाई देशमल सालेचा की पुण्य स्मृति में रतनचंद देशमल सालेचा, मोदरान-मुम्बई के सौजन्य से कैम्प का आयोजन किया। इस अवसर पर दुधमल कामदार, जेठमल नागोत्रा सोलंकी, चंदनमल कांकरिया, सुमेरमल साचेला, माणकमल भंडारी, राजकंवर भंडारी, रमेश बोहरा, अरविंद भंडारी, राकेश भंसाली, परबतसिंह राठौड़, रघुनाथमल सुथार, बी के रंजू बहिन, कीर्ति बहन, नैनाकुमारी, कालू भाई, केवल भाई, मुकेश भाई, अर्जुन भाई सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।



# शॉर्ट सर्किट से कच्चे घर में आग लगी

▪ आठ हजार रुपए सहित घरेलू सामान जला
▪ आग पर एक घंटे में पाया काबू

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** भाद्राजून के पास रामा गांव में मंगलवार की रात करीब 1 बजे अचानक अज्ञात कारणों से रहवासी झोपड़ी में आग लग गई। जिससे घर में रखे 8 हजार रुपए का कैश समेत घरेलू सामान जलकर राख हो गया।
हरियाणा हाल भाद्राजून के राम गांव निवासी प्रदेशी पुत्र पालाराम ने बताया कि वह परिवार सहित अपने कच्चे झोपड़े में रहता है। रात करीब 1 बजे शॉर्ट सर्किल से झोपड़ी में आग लग गई। आग को देख प्रदेशी ने अपने परिवार को आग से बचा कर बाहर निकाला। लेकिन अन्य सामान बाहर निकालने से पहले आग विकराल हो गई। इससे छप्पर से बने घर में रखे 8 हजार रुपए का कैश और एक मोबाइल समेत सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटों को देख आसपास के ग्रामीण भी पहुंचे और करीब 1 घटे की मश्क्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।
हालांकि तब तक सामान जल चुका था।



# सांचौर जिले को रखा जाए यथावत : देवजी पटेल

### ▸▸ खोला जाए एडीएम कार्यालय

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**साचौर।** जालोर सिरोही लोकसभा से पूर्व सांसद देवजी पटेल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र प्रेषित कर सांचौर जिले को यथावत रखने और पुनः समीक्षा तक सांचौर में प्रशासनिक व्यवस्था हेतु अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) कार्यालय खोलने का अनुरोध किया है। देवजी पटेल ने प्रेषित पत्र में बताया कि वर्ष 2023 में जिला जालोर में से सांचौर जिला बनाया गया था, लेकिन अब इसे निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सांचौर जिला बनने से प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधार हुआ था, लेकिन अब इसके निरस्त होने से यहां के निवासियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। पूर्व सांसद ने बताया कि सांचौर जिला में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और चोरी-लूट-हत्या जैसी अपराधिक गतिविधियां आम बात थी, लेकिन जिला बनने के बाद इन पर कुछ हद तक अंकुश लगा था। उन्होंने कहा कि जालोर जिला मुख्यालय से सांचौर की दूरी करीबन 240 किमी है, जिससे यहां के निवासियों को प्रशासनिक कार्यों में परेशानी होती है। देवजी पटेल ने अनुरोध करते हुए कहा कि सांचौर क्षेत्र जालोर जिला मुख्यालय से दूरस्थ होने और वर्तमान की परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए सरकार द्वारा पुनः समीक्षा कर जिला यथावत रखा जाये और समीक्षा किये जाने तक सांचौर मुख्यालय पर प्रशासनिक व्यवस्था हेतु अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) कार्यालय खोलने की जनहित में स्वीकृति प्रदान की जाए।



# पुलिस को दें संदिग्ध लोगों की जानकारी

▪ भाद्राजून पुलिस ने महिलाओं को साइबर क्राइम और पोक्सो कानून की दी जानकारी

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** नए साल को लेकर भाद्राजून पुलिस ने नरेगा मजदूरी करने वाली महिलाओं को साइबर फ्रॉड, पोक्सो कानून, गुड और बैंड टच सहित विभिन्न जानकारी दी। गांवों में संदिग्ध युवक घूमने की जानकारी पुलिस को देकर सहयोग करने की अपील की। भाद्राजून थानाधिकारी कमल किशोर ने बताया कि यातायात सप्ताह और बढ़ते अपराधों को देखते हुए नए साल के पहले दिन बुधवार को भाद्राजून पुलिस ने भाद्राजून व मुलेवा में नरेगा महिला मजदूरों को साईबर फ्रॉड, पाक्सो कानून सहित गुड टच और बैंड टच सहित यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग और इससे होने वाले नुकसान आपरेशन गरिमा एक्ट नशे का दुष्प्रभाव आदि उपाय बताए गए। वहीं उन्होंने कहा कि गांवों में कोई भी संदिग्ध युवक दिखे तो तुरंत थाने व हेल्पलाइन नबर पर सूचना दें। इस दौरान हेड कॉन्स्टेबल भैरू सिंह विशाल प्रमोद तथा ग्रामीण कैलाश कुमार माली, नारायण मेघवाल, नरपत, मुकेश, पोकर मीणा, रुपाराम दैवासी, जितेंद्र जोगस्न, करण मीणा और कई महिला मजूदर मौजूद रही।



# सीसीटीवी की मदद से 24 घंटों में चोर गिरफ्तार

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर के आरके ट्रेडिंग कम्पनी के गोदाम में चोरी की घटना के बाद मामला दर्जकर 24 घंटो में पुलिस ने घी चोर हर्षित सुंदेशा को गिरफ्तार करने के साथ चोरी का 8 टिन के पीपे बरामद बरामद किया है। वहीं, पुलिस थाना क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की घटना को लेकर पूछताछ कर रही है। कोतवाल जसंवत सिंह ने बताया- जालोर के सिरे मंदिर रोड पर स्थित ब्राह्मणी माता मंदिर के पास स्थित आरके ट्रेडिंग के नाम से होलसेल किराना शॉप आई हुई है। जिसमें सोमवार की रात करीब 1 बजे के आसपास चोरों ने गोदाम के ताले तोड़ कर गोदाम में रखे 15 किलोग्राम अमूल घी के 8 डिब्बे चोरी की ले गए। दुकान मालिक राकेश कुमार ने कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। जिसकी रिपोर्ट पर जांच कर व सीसीटीवी के आधार पर कार्रवाई करते हुए 1 जनवरी को जालोर के बड़ी के बाहर निवासी हर्षित सुंदेशा (20) पुत्र नारायणलाल माली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में चोरी की घटना को कबूल किया गया।
निशानदेही में चोरी की चुराए गए अमूल देशी घी के 15 किलोग्राम के 8 डिब्बे बरामद किए। वही, घटना में शरीक अन्य आरोपी मनोज गोस्वामी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कि जा रही हैतथा कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई अन्य चोरियां के सम्बध में आरोपी से पूछताछ जारी है। टीम में कोतवाल जसवंत सिंह, एसआई चतुराराम, हेड कॉन्स्टेबल रणजीत सिह, कॉन्स्टेबल भंवरलाल, उम्मेदाराम, कोहलाराम व नेकीराम शामिल रहे।



# जिला कलेक्टर ने किया रसोई-रैन बसेरे का निरीक्षण

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कलेक्टर डा. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को नगर परिषद जालोर के पास स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई तथा आश्रय स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने श्री अन्नपूर्णा रसोई में भोजन की गुणवत्ता व केंद्र की व्यवस्थाएं जांची तथा भोजन कर रहे आमजन से बातचीत करते हुए खाने की गुणवता पर फीडबैक लेते हुए संचालक को जरूरी निर्देश दिए। साथ ही साप्ताहिक मेन्यू, टोकन व्यवस्था, पेयजल तथा मैस आदि का भी अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए तथा प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने की बात कही। जिला कलक्टर ने नगर परिषद के पास विरम मंच के पीछे नगर परिषद द्वारा संचालित आश्रय स्थल (रैन बसेरा) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आश्रय स्थल में गर्म बिस्तर, रजाई, गद्दे, शौचालय आदि का अवलोकन कर नगर परिषद के आयुक्त दिलीप माथुर को निराश्रित, बेघर, जरूरतमंद को आश्रय स्थल में कडाके की सर्दी से राहत दिलाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं तथा संसाधनों के उचित प्रबंधन की बात कहीं।



# अवैध डंपिंग को लेकर जालोर में टीम और व्यापारी आमने-सामने

### व्यापारियों के विरोध पर ग्रेनाइट स्लरी से भरे जब्त ट्रेलर को छोड़ा

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** ग्रेनाइट स्लरी के अवैध डंपिंग मामले को लेकर कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को तहसीलदार व प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की टीम ने औद्योगिक क्षेत्र के तीसरे फेज में कार्रवाई करने पहुंची। लेकिन सूचना पर ग्रेनाइट स्लरी के अवैध डंपिंग करने वाले मौके से फरार हो गए। टीम ने ग्रेनाइट स्लरी परिवहन करते एक ट्रेलर को रुकवा दिया। जिसके बाद विवाद बढ़ गया। ग्रेनाइट एसोसिएशन अध्यक्ष राजू चौधरी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने टीम को बताया कि यह ट्रेलर लीगल रूप से ग्रेनाइट स्लरी लोड करके मोरबी जा रही है। यह अवैध नहीं है। इसके बाद व्यापारियों ने भी टीम का विरोध किया। जिसके बाद टीम ने ट्रेलर को रिलीज कर दिया। ग्रेनाइट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू चौधरी ने बताया कि टीम ने जिस ट्रेलर को पकड़ा था, वह ग्रेनाइट स्लरी लोड कर मोरबी के लिए जा रहा था। यह स्लरी सीधे ग्रेनाइट फैक्ट्री से ही लोड की है और वैध तरीके से मोरबी (गुजरात) सप्लाई के लिए जा रही थी। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन ने अवैध रूप से कृषि भूमि पर स्लरी डंप करने वालों पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर से मांग की थी। साथ ही ग्रेनाइट स्लरी के डंपिंग के लिए जगह की मांग की है। कार्रवाई के लिए तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, नायब तहसीलदार, आरआई, पटवारी समेत प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की टीम ने औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण किया।



#### आज से अभियान शुरू

▪ जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित ने बताया- कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार से ग्रेनाइट स्लरी के अवैध डंपिंग के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर अभियान शुरू किया है। टीम को देखकर आज अवैध डंपिंग वाले भाग गए। पटवारियों को अवैध ग्रेनाइट स्लरी डंपिंग वाली कृषि भूमि के सर्वे के लिए निर्देशित किया है। जो ट्रेलर पकड़ा था, वो मोरबी जा रहा था, इसलिए कार्रवाई नहीं की।

**मध्य रेल**
**आईसीएफ बोगी फ्रेम का सुदृढ़ीकरण**
निविदा सूचना क्र.– आरआर / पीआर / डब्ल्युसी / 1984 / 24–25 / 90. **1. कार्य का विवरण:** आईसीएफ बोगी फ्रेम का सुदृढ़ीकरण **2. मात्रा:** 2544 बोगी **3. निविदा समापन / खोलने और समय की तिथि:** 17.01.2025, 12:00 बजे तक **4.** निविदा विवरण और निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाएं वेबसाइट के माध्यम से केवल ई–टेंडरिंग प्रारूप में ही स्वीकार की जाएगी। 648
अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**विद्युतीकरण का कार्य**
**खुली ई-निविदा सूचना क्र. 41/2024 दिनांक 26.12.2024** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण: (A)** इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड, विद्याविहार में लोको शेड और पिटों के विस्तार लिए विद्युतीकरण का कार्य करने हेतु। **(B)** एलटीटी में पार्सल प्रबंधन प्रणाली के लिए विद्युतीकरण करने हेतु। **(C)** वाडीबन्दर में पार्सल प्रबंधन प्रणाली के लिए विद्युतीकरण करने हेतु। **निविदा सूचना क्र. 41/2024 BB.LG. W.VVH.2024.01 कार्य की औसत लागत:** रु. 24,95,988/- **बोली प्रतिभूति:** रु. 49,900/- **वैधता:** 60 दिन **समापन अवधि:** 06 महीने **अनुदेश: 1.** उपर्युक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय 27.01.2025 को 13.00 बजे और उसी दिन 13.00 बजे बाद खोली जाएगी। **2.** निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि निविदा के विस्तृत विवरण एवं शुद्धीपत्र, यदि कोई हो तो, की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **3.** निविदाकर्ता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से केवल ऑनलाइन निविदा में भाग ले सकते हैं एवं मेनुअल रूप से निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **4.** आगे की अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) मध्य रेलवे एनेक्स बिल्डिंग पहली मंजिल सी.एस.एम.टी. 400001 से संपर्क कर सकते हैं। **5.** यह निविदा, सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है। 646
अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**वार्षिक रखरखाव कार्य**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं के लिए मण्डल रेल प्रबंधक (सं.एवं.दु.सं.) छ.शि.म.ट. मुंबई, पहली मंज़िल पार्सेल कार्यालय भवन, प्लैटफ़ार्म क्रमांक 13 के पास, मध्य रेल, छ.शि.म.ट. मुंबई 400001, प्रतिष्ठित ठेकेदार से ऑनलाइन खुली निविदा बुलाना आमंत्रित करते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवम समय **20.01.2025** को **15.00 बजे** होगा। **निविदा सूचना नं. सी आर – बी बी - दु.सं. – 2024-66. कार्य का नाम:** "मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन में एक साल की अवधि के लिए छह स्टेशनों (सीएसएमटी, दादर, कुर्ला, एलटीटी, ठाणे और कल्याण) पर मौजूदा सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध।" **लगभग मूल्य:** ₹ 72,20,443.44. **बयाना राशि जमा:** ₹ 1,44,500/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय: 20.01.2025** को **15.00 बजे। वैधता:** 60 दिन. **समापन अवधी:** 12 महीने। निविदा का पूरा विवरण, शुद्धिपत्र और पूरे निविदा दस्तावेज़ भारतीय रेल के कार्यालयीन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा का पूरा विवरण म.रे.प्र.(सं. एवं दु.सं.) के कार्यालय के सूचनाफलक (नोटिस बोर्ड) पर भी उपलब्ध है। **यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017\ दिनांक 15.06.2017 (Public Procurement Policy Order 2017\ dated 15.06.2017) का अनुपालन करती है।** AK-640
अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**एबीएसएस के अंतर्गत एस्केलेटर का प्रावधान**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा वेबसाईट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। **1) निविदा सूचना क्र.: 40/2024 (BB.LG.W. CSMT. 2024.06.R). कार्य का विवरण:** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मुंबई मंडल में रेलवे प्लेटफार्मो पर एस्केलेटर का प्रावधान कार्य करने हेतु। **कार्य की औसत लागत:** रु. 20,53,48,447/-. **बोली प्रतिभूति:** रु. 11,76,800/-. **वैधता:** 90 दिन। **समापन/अनुरक्षण अवधि:** शेड्युल आइटम: -1 के लिए: 12 महिने & शेड्युल आइटम:- 2 और 3 के लिए: दो वर्ष, 24 महीने की वारंटी अवधि के सफल समापन के बाद। **अनुदेश: 1.** उपर्युक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय **23.01.2025** को **13:00 बजे** और उसी दिन **13:00 बजे के बाद** खोली जाएगी। **2.** निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि निविदा के विस्तृत विवरण एवं शुद्धीपत्र, यदि कोई हो तो, की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **3.** निविदाकर्ता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से केवल ऑनलाइन निविदा में भाग ले सकते हैं एवं मेनुअल रूप से निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **4.** आगे की अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) मध्य रेलवे, एनेक्स बिल्डिंग पहली मंजिल सी.एस.एम.टी. मुंबई- 400001 से संपर्क कर सकते हैं। **5.** यह निविदा, सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है। AK-643
अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

## सुविचार

जीवन में अगर शरीर से स्वस्थ हो तो आपकी आधि परेशानीय यू ही समाप्त हो जाएगी।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## पाक में कैद 266 भारतीय

नए साल के दौरान भारत एवं पड़ोसी देश पाकिस्तान ने अपने-अपने देश में बंद कैदियों की जानकारियों को साझा किया। भारत और पाकिस्तान ने एक साथ राजनयिक चैनलों से नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह कार्रवाई 2008 के द्विपक्षीय 'कांसुलर एक्सेस समझौते' के तहत की गई। इस समझौते के अनुसार हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को दोनों देशों के बीच इस तरह की सूचियां साझा की जाती हैं। भारत ने अपनी हिरासत में मौजूद 381 नागरिक कैदियों और 81 मछुआरों की सूची पाकिस्तान के साथ साझा की है। ये वो कैदी हैं जो या तो पाकिस्तानी हैं या जिन्हें पाकिस्तानी माना जाता है। इसी प्रकार, पाकिस्तान ने भी अपनी हिरासत में मौजूद 49 भारतीय नागरिक कैदियों और 217 भारतीय मछुआरों की सूची साझा की। इनमें भी वह कैदी शामिल हैं जो या तो भारतीय हैं या जिन्हें भारतीय माना जाता है। भारत सरकार ने पाकिस्तान से अपील की है कि वह भारतीय नागरिक कैदियों, मछुआरों और उनकी नावों के साथ-साथ पाकिस्तानी हिरासत में मौजूद लापता भारतीय रक्षा कर्मियों की जल्द रिहाई और प्रत्यावर्तन सुनिश्चित करे। विशेष रूप से, पाकिस्तान से 183 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों की रिहाई की मांग भारत द्वारा की गई है। पाकिस्तानी जेलों में ये वो कैदी हैं जिन्होंने अपनी सजा तो पूरी कर ली है, लेकिन उनको रिहाई नहीं मिल पाई है। इसके अलावा, 18 भारतीय और भारतीय माने जाने वाले नागरिक कैदियों और मछुआरों को तत्काल कांसुलर एक्सेस प्रदान करने की भी मांग की गई है, जिन्हें अब तक यह सुविधा नहीं दी गई है। भारत ने पाकिस्तान से यह भी अनुरोध किया है कि वह अपनी हिरासत में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों और मछुआरों की सुरक्षा, संरक्षण और कल्याण सुनिश्चित करे, जब तक कि उनकी रिहाई नहीं हो जाती। भारत ने पाकिस्तान से अपील की है कि वह अपनी हिरासत में मौजूद 76 पाकिस्तानी माने जाने वाले नागरिक कैदियों और मछुआरों की राष्ट्रीयता की सत्यापन प्रक्रिया में तेजी लाए। ये लोग भारत की हिरासत में हैं और उनकी वापसी केवल पाकिस्तान द्वारा उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि न किए जाने के कारण लंबित है। सरकार के सतत प्रयासों के चलते, 2014 से अब तक 2,639 भारतीय मछुआरों और 71 भारतीय नागरिक कैदियों को पाकिस्तान की हिरासत से रिहा किया गया है। इनमें से 2023 से अब तक 478 भारतीय मछुआरों और 13 भारतीय नागरिक कैदियों को रिहा किया गया है।

## विशेष सम-सामयिक

# भारतीयों के विरुद्ध अमेरिका में बढ़ती नफरत



**डा.अनिता राठौर**

साल 1958 में अमेरिका में लगभग 12,000 भारतीय रहते थे। अब उनकी संख्या न सिर्फ़ बहुत बढ़ गई है बल्कि वह प्रभावी पदों पर भी हैं। हालांकि वह अब भी अमेरिकी जनसंख्या का बामुश्किल 1.5 प्रतिशत ही हैं, लेकिन वह सीईओ हैं, वैज्ञानिक हैं, एस्ट्रोनॉट्स हैं, राय बनाने वाले हैं, सांसद हैं और किसी भी देशज समूह की तुलना में उनकी औसत आय सबसे अधिक है। अब तो एक हिंदू महिला सेकंड लेडी भी है। श्वेत स्वदेशी भारतीयों की सफलता को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं और वह ही डोनल्ड ट्रम्प की मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) भीड़ हैं। इसलिए ट्रम्प की प्रमुख समर्थक लौरा लूमर ने क्रिसमस के जश्न की शुरुआत इस ट्वीट से की- 'भारत से तीसरी दुनिया के घुसपैठिया'। इसके बाद से भारतीयों के विरोध में यह शोर निरंतर बढ़ता ही चला जा रहा है। चूंकि ट्रम्प ने राष्ट्रपति का चुनाव मुख्यतः 'अमेरिका फर्स्ट' व अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे विदेशियों को वापस उनके देश भेजने के वायदों/नारों के आधार पर जीता है और कहा है कि 20 जनवरी 2025 को शपथ लेते ही वह पहला काम 'घुसपैठियों' को बाहर का रास्ता दिखाने का करेंगे। इसलिए अब मागा कट्टरपंथी एच-1बी वीज़ा के साथ ही ओपीटी (ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग) को भी निशाना बना रहे हैं। लूमर और उनके दोस्त सभी 'विदेशी-दिखाई' देने वाले लोगों को अमेरिका की सीमा से बाहर देखना चाहते हैं। अनुमान यह है कि अप्रेल 2024 तक अमेरिका में 13.3 मिलियन लोग बिना दस्तावेज़ के थे और 20 जनवरी के बाद इन्हें ही सामूहिक निर्वासन के लिए टारगेट किया जाएगा।

- इमेज



पिउ रिसर्च सेंटर के 2022 के अनुमान के अनुसार अमेरिका में 7,25,000 अवैध अप्रवासी भारतीय हैं और इन पर भी 20 जनवरी की तलवार लटकी हुई है। अक्टूबर 2024 में 11,000 भारतीयों को अमेरिका से वापस भारत भेजा गया था। बहरहाल, इस समय बात केवल बिना दस्तावेज़ वालों को वापस भेजने की ही नहीं है। मागा कट्टरपंथी ओपीटी प्रोग्राम को भी अपने निशाने पर लिए हुए हैं। ओपीटी की मदद से विदेशी छात्र व स्नातक, जिनमें अधिकतर भारतीय होते हैं, अमेरिका में कार्य अनुभव प्राप्त करने के लिए रुक जाते थे। कट्टरपंथी ओपीटी को एच-1बी वीज़ा के अग्रगामी के रूप में देख रहे हैं। वह पहले ही ट्रम्प को इस बात के लिए मजबूर कर चुके हैं कि वाइट हाउस में पहुंचते ही उनका प्रशासन एच-1बी वीज़ा की समीक्षा व सुधार करेंगे, इस आधार पर कि उसका दुरुपयोग अमेरिकी श्रमिकों को रिप्लेस करने के लिए किया जाता है। इस संदर्भ में कट्टरपंथियों का दबाव इतना अधिक है कि एच-1बी वीज़ा पर एलोन मस्क को भी अपना नज़रिया बदलना पड़ा है। मस्क ट्रम्प के लिए अनेक भूमिकाएं निभाते हैं। वह ट्रम्प के सबसे महत्वपूर्ण डोनर हैं, सबसे प्रभावी सोशल मीडिया प्रमोटर हैं और मुख्य सलाहकार भी हैं। मस्क ने गुणात्मक अप्रवासन के लिए एच-1बी वीज़ा का समर्थन किया था कि प्रतिभाशाली प्रोग्रामर्स और अन्य वाइट-कालर वर्कर्स को अमेरिका में आने दिया जाए। मस्क ने एच-1बी वीज़ा को चुंबक बताते हुए कहा था कि इससे 'टॉप 0.1 प्रतिशत इंजीनियरिंग टैलेंट' खिंचा चला आता है और इसकी रक्षा करने के लिए उन्होंने 'युद्ध पर जाने' तक की धमकी दी थी। लेकिन अब मागा कट्टरपंथियों के दबाव में उनका कहना है कि एच-1बी वीज़ा 'प्रोग्राम टूटा हुआ है और इसमें बड़े सुधारों की ज़रूरत है'। आगे बढ़ने से पहले कुछ बातों को समझना आवश्यक है। विदेशी छात्र जो एफ1 वीज़ा पर अमेरिका आते हैं, वह पहले अकादमिक वर्ष के बाद ओपीटी में हिस्सा लेने और कार्य अनुभव हासिल करने के लिए अमेरिका में रुकने के योग्य हो जाते हैं। इस सिलसिले में स्टेम स्नातक तीन साल तक अमेरिका में रुक सकते हैं। मागा 'अमेरिका फर्स्ट' कट्टरपंथियों का कहना है कि ओपीटी का मूल उद्देश्य स्किल डेवलपमेंट के लिए शॉर्ट-टर्म वर्क परमिट देना था, लेकिन अब यह 'अमेरिका में जॉब्स हासिल करने और दीर्घकालीन वर्क वीज़ा जैसे एच-1बी वीज़ा लेने का औज़ार बन गया है'। स्वदेशी टेक वर्कर्स गठबंधन का कहना है, "एम्प्लायर्स ओपीटी वर्कर्स को हताश व्यक्तियों के रूप में देखते हैं जो अपना परमिट खत्म होने से पहले एच-1बी वीज़ा स्पॉन्सरशिप हासिल करने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाते हैं।" गठबंधन के अनुसार, सबसे बड़ा मेहमान कर्मचारी कार्यक्रम नए अमेरिकी कॉलेज ग्रेजुएट्स के लिए जॉब्स को खत्म कर रहा है। कम्पनियां कम पैसों पर विदेशियों से अनुबंध कर लेती हैं,जिससे अमेरिकियों में बेरोज़गारी बढ़ती जा रही है। अनेक विदेशी छात्र, विशेषकर भारत से, अमेरिका में शिक्षा के लिए आते हैं कि उन्हें कार्य अनुभव प्राप्त करने के लिए ओपीटी मिल जाएगा। अधिकतर मामलों में उन्हें ओपीटी के दौरान या उसके पूर्ण होने पर एच-1बी वीज़ा मिल जाता है, जिससे उन्हें अमेरिका में 9 वर्ष तक रहने का अवसर मिल जाता है। इनमें से कुछ ग्रीन कार्ड हासिल करने में भी कामयाब हो जाते हैं और आखिरकार अमेरिकी नागरिक बन जाते हैं। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में अमेरिका में 1.5 मिलियन एफ1 व एम1 छात्र व नव स्नातक थे। इनमें से लगभग 23 प्रतिशत को ओपीटी के ज़रिये कार्य करने की अनुमति थी। ओपीटी पर विराम लगाने का अर्थ होगा कि विदेशी छात्रों को ग्रेजुएशन के बाद अमेरिका छोड़ना पड़ेगा, बिना कार्य अनुभव का लाभ प्राप्त किए हुए। ज़ाहिर है ऐसा करने से अमेरिका में विदेशी छात्रों की आमद कम हो जाएगी। अमेरिका में ओपीटी कार्यक्रम 1947 से लागू है। इससे जहां विदेशी छात्रों को लाभ हुआ है वहीं इन छात्रों के टैलेंट से अमेरिका को भी सुपर पॉवर बनने में मदद मिली है। अगर गौर से देखा जाए तो श्वेत कट्टरपंथी केवल विरोध करने के लिए विरोध कर रहे हैं। विभिन्न श्रेणियों के तहत अमेरिका में साल में केवल 85,000 वीज़ा दिए जाते हैं।

## पंचांग

2 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | - | 2081 |
| शक संवत् | - | 1946 |
| ऋतु | - | शिशिर |
| माह | - | पौष |
| पक्ष | - | शुक्ल |
| तिथि | - | तृतीया 25.09 तक |
| वार | - | गुरुवार |
| नक्षत्र | - | श्रवण 23.11 तक |
| योग | - | हर्षण 14.58 तक |
| करण | - | तैतिल 13.49 तक |
| सूर्योदय | - | 07.13 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - | 06.11 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - | 07.26 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - | 06.02 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - | मकर |
| अभिजित् मुहूर्त | - | 12.20 से 13.04 |
| राहु काल | - | 14.05 से 15.27 |
| व्रत, त्यौहार | - | रवियोग 23.11 प्रारंभ, यतीन्द्र सूरिश्वर पुण्य त्रि.स्तु. जैन |
| दिशा शूल | - | दक्षिण |

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## खगोलीय काल गणना का पञ्चांगीय पाठ खरमास

आर.सी.शर्मा

गुजरे 16 दिसंबर 2024 (सोमवार प्रतिपदा 1.12 दिन) आद्रा 2.43 रात धनु की संक्रांति सूर्य मूल नक्षत्र, को प्रातः 7:35 बजे से खरमास लग चुका है, जो कि 14 जनवरी 2025 को (मंगलवार प्रतिपदा 3.19 रात्रि पुनर्वस नक्षत्र) सुबह 10.27 तक रहेगा, जब तक कि सूर्य मकर राशि में नहीं पहुंच जाता। इसका मतलब यह है कि इस दौरान शादी ब्याह से लेकर किसी भी तरह का कोई मंगल कार्य नहीं होगा। खरमास दरअसल उस समय को कहते हैं, जब सूर्य, धनु या मीन राशि में प्रवेश करता है। गौरतलब है कि 12 राशियों में से सूर्य हर राशि में एक महीना रहता है। खरमास आमतौर पर पौष और चैत्र के माह में लगता है। खरमास के साथ कई कहानियां जुड़ी हुई हैं। एक मुख्य कहानी के मुताबिक खरमास दरअसल तब लगता है, जब सूरज के रथ का घोड़ा विश्राम कर रहा होता है और उसकी जगह खर यानी गधा रथ को खींच रहा होता है। जाहिर है गधा जब रथ को खींचेगा तो वैसा तो नहीं खींच पाएगा, जितनी फुर्ती और तेजी से घोड़ा खींचता है। कहने का मतलब ऐसे में सूर्य की गति मंद हो जाएगी और इस प्रकार उसका तेज भी धीमा पड़ जाएगा। खरमास वास्तव में पारंपरिक भारतीय पंचांग की व्यवस्था के तहत होने वाली काल गणना की प्रक्रिया है। इसलिए इसे हिंदू या सनातन से संबंधित भी कहा जा सकता है। धनु और मीन राशियों को गुरु की राशि मानी जाती है। जब सूर्य धनु राशि में होता है तब पौष माह होता है और जब मीन राशि में होता है तो चौत्र मास होता है।

खरमास ज्योतिषीय और धार्मिक अवधारणाओं पर आधारित है, जिसमें कुछ हिस्सा वैज्ञानिक और सांस्कृतिक तत्वों का भी है। हालांकि सीधे सीधे इसे वैज्ञानिक प्रक्रिया नहीं कहा जा सकता है, लेकिन खगोलीय घटनाओं और प्राचीन भारतीय ज्ञान के आधार पर ग्रह नक्षत्रों की यह गणना वास्तव में सूर्य की गति और उसकी तीव्रता की द्योतक है। चूंकि धरती में जीवन और जीवन को सच बनाने वाली सारी ऊर्जा सूर्य से ही मिलती है, इस कारण खरमास इस बात का सूचक है कि इस दौरान सूर्य की ऊर्जा बहुत क्षीण रहेगी, जिस कारण पौधों की वृद्धि और मौसम परिवर्तन की दर भी बहुत धीमी हो जाएगी।

वास्तव में यह वैदिक युग में ज्ञान को व्यक्त करने की अपनी व्यवस्था थी, जिसमें सूर्य की कम ऊर्जा के दिनों को अप्रत्यक्ष रूप से अर्थहीन या कम प्रभाव वाले दिनों से जोड़ दिया गया और इस दौरान होने वाले तमाम मंगल कार्यों को रोक दिया गया। क्योंकि इस व्यवस्था की पहचान करने वाले मनीषी जानते थे कि यह सूर्य की कमजोर ऊर्जा का समय है। अतः इस समय को आराम करने, भगवत भजन आदि से जोड़ दिया गया।

## तारीख विशेष

### जैनेन्द्र कुमार

प्रेमचंदोत्तर उपन्यासकारों में जैनेंद्र कुमार का विशिष्ट स्थान है। वह हिंदी उपन्यास के इतिहास में मनोविश्लेषणात्मक परंपरा के प्रवर्तक के रूप में मान्य हैं। जैनेंद्र अपने पात्रों की सामान्य गति में सूक्ष्म संकेतों की निहिति की खोज करके उन्हें बड़े कौशल से प्रस्तुत करते हैं। उनके पात्रों की चारित्रिक विशेषताएँ इसी कारण से संयुक्त होकर उभरती हैं।



जैनेंद्र के उपन्यासों में घटनाओं की संघटनात्मकता पर बहुत कम बल दिया गया मिलता है। चरित्रों की प्रतिक्रियात्मक संभावनाओं के निर्देशक सूत्र ही मनोविज्ञान और दर्शन का आश्रय लेकर विकास को प्राप्त होते हैं। जैनेंद्र कुमार का जन्म 2 जनवरी सन 1905, में अलीगढ़ के कौड़ियागंज गांव में हुआ। उनके बचपन का नाम आनंदीलाल था। इनकी मुख्य देन उपन्यास तथा कहानी है। एक साहित्य विचारक के रूप में भी इनका स्थान मान्य है। इनके जन्म के दो वर्ष पश्चात इनके पिता की मृत्यु हो गई। इनकी माता एवं मामा ने ही इनका पालन-पोषण किया। इनके मामा ने हस्तिनापुर में एक गुरुकुल की स्थापना की थी। वहीं जैनेंद्र की प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा हुई। उनका नामकरण भी इसी संस्था में हुआ। उनका घर का नाम आनंदी लाल था। सन 1912 में उन्होंने गुरुकुल छोड़ दिया। प्राइवेट रूप से मैट्रिक परीक्षा में बैठने की तैयारी के लिए वह बिजनौर आ गए। 1919 में उन्होंने यह परीक्षा बिजनौर से न देकर पंजाब से उत्तीर्ण की। जैनेंद्र की उच्च शिक्षा काशी हिंदू विश्वविद्यालय में हुई। 1921 में उन्होंने विश्वविद्यालय की पढ़ाई छोड़ दी और कांग्रेस के असहयोग आंदोलन में भाग लेने के उद्देश्य से दिल्ली आ गए। कुछ समय के लिए ये लाला लाजपत राय के 'तिलक स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स' में भी रहे, परंतु अंत में उसे भी छोड़ दिया। सन 1921 से 23 के बीच जैनेंद्र ने अपनी माता की सहायता से व्यापार किया, जिसमें इन्हें सफलता भी मिली। परंतु सन 23 में वे नागपुर चले गए और वहां राजनीतिक पत्रों में संवाददाता के रूप में कार्य करने लगे।

## साल-2024

# सुप्रीम कोर्ट के पांच ऐतिहासिक फैसले

**शाहिद ए चौधरी**

वैवाहिक विवाद बहुत जटिल होते हैं या ज़िद व अहंकार के चलते बना दिए जाते हैं, कहना कठिन है। इनका समाधान सरल होते हुए भी अक्सर सरल नहीं होता है। बंग्लुरु के 34-वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष आत्महत्या केस ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। शायद यही वजह है कि साल 2024 के अंत में सुप्रीम कोर्ट ने गुज़ाराभत्ता के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया। जोड़े को तलाक़ प्रदान करते न्यायाधीश बीवी नागरत्ना और न्यायाधीश पंकज मित्तल की खंडपीठ ने 20 दिसंबर 2024 को अपने फैसले में कहा कि गुज़ाराभत्ता क़ानून का उद्देश्य पूर्व पत्नी को निराश्रयता से बचाना, उसके सम्मान को बरकरार रखना और सामाजिक न्याय प्रदान करना है। इसलिए वह उतने गुज़ाराभत्ते की अधिकारी है, जिससे जहां तक संभव हो सके, वह उस स्तर से रह सके, जिस स्तर से अपने वैवाहिक घर में अपने पति के साथ रहती थी।

- इमेज

अब महिलाओं का यह ट्रेंड हो गया है कि वह अपने पूर्व पति के एसेट्स, स्टेटस व आय को देखते हुए उतना गुज़ाराभत्ता मांगती हैं, जिससे उनकी दौलत उनके पूर्व पति जितनी हो जाए। अतः सुप्रीम कोर्ट का सवाल है कि अगर पूर्व पति की आय में किसी कारणवश कमी आ जाती है तो क्या महिला अपने गुज़ाराभत्ते में उसी अनुपात में कटौती कराने के लिए तैयार हो जाएगी? कहने का अर्थ यह है कि गुज़ाराभत्ता के नाम पर किसी को निचोड़ा नहीं जा सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई 2024 को कहा था कि महिला, उसका धर्म चाहे जो भी हो, को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुज़ाराभत्ता लेने का अधिकार है, चूंकि यह मुद्दा 'लिंग समता का है, चैरिटी का नहीं', यानी मुस्लिम महिला को भी गुज़ाराभत्ता का हक है। सुप्रीम कोर्ट का यह एक अति महत्वपूर्ण फैसला था, जो देश में चल रहे गुज़ाराभत्ता मामलों के लिए नज़ीर बनेगा। ऐसे ही अन्य अनेक फैसले इस साल सुप्रीम कोर्ट ने दिये, जैसे 15 फरवरी 2024 को चुनावी बांड्स को असंवैधानिक घोषित करना, बिलकिस बानो के अपराधियों को मिली छूट को निरस्त करना, खनिज सम्पदा पर कर, असम समझौते के सेक्शन 6ए की वैधता, आदि। इनकी सूची बहुत लंबी है, इसलिए सबका उल्लेख करना भी संभव नहीं है, लेकिन कुछ अति महत्वपूर्ण निर्णयों का ज़िक्र आवश्यक मालूम होता है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान तथाकथित 'बुल्डोज़र न्याय' राजनीतिक व चुनावी स्टंट की सीमा तक पहुंच गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 13 नवंबर 2024 को 'बुल्डोज़र न्याय' पर अखिल भारतीय प्रतिबंध लगाया और इसके लिए ज़िम्मेदार अधिकारियों पर जुर्माना परिभाषित करके उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, गुजरात, झारखंड, दिल्ली आदि की राज्य सरकारों की निर्लज अराजकता को ध्वस्त करने का प्रयास किया, जोकि सर्वोच्च न्यायालय के इन शब्दों के कारण ही अच्छा व स्वीकार्य कदम है, "अगर कानून का शासन गायब रहेगा तो कोई जवाबदेही नहीं रहेगी, सत्ता का दुरूपयोग होगा और भ्रष्टाचार होगा। हम क़ानून से शासित होने की बजाय सत्ता में बैठे लोगों के पागलपन और सनक से शासित होने लगेंगे।" सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यतः तीन बिंदुओं पर बल दिया। एक, क़ानून के शासन की अनिवार्यता पर कि इससे ही 'राज्य शक्ति के मनमाने प्रयोग के विरुद्ध सुरक्षा मिलती है'। सबसे महत्वपूर्ण है 'यह अंतर करना कि सत्ता का उपयोग नेक नीयत से किया जा रहा है या बदनीयत से दुरूपयोग'। दो, शक्ति के विभाजन पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब सरकारें अपनी मनमर्ज़ी से किसी व्यक्ति को 'दोषी' घोषित करती हैं, तो वह न्यायपालिका के कार्यों में दखल दे रही होती हैं। इसलिए राज्य सरकारों को यह उल्लंघन नहीं करना चाहिए। तीन, सुप्रीम कोर्ट ने एकदम सही एहसास किया कि मकान गिराने के सिलसिले में केवल दिशानिर्देश जारी करना पर्याप्त नहीं होगा, इसलिए उसने 'तोड़ी गई संपत्तियों की बहाली को शामिल किया। अधिकारियों के व्यक्तिगत खर्च पर, नुकसान की भरपाई के अलावा', ताकि 'अधिकारियों को मनमर्ज़ी करने की कोई गुंजाइश ही न रहे'। सभी अदालतों के न्यायाधीशों से यह उम्मीद की जाती है कि वह अपने निजी विचारों और झुकावों को खुद तक सीमित रखें और केवल क़ानून और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष फैसला सुनाएं। इसी से न्यायपालिका, न्याय व्यवस्था और लोकतंत्र में जनता का विश्वास मज़बूत होता है। लेकिन हाल के दिनों में यह भी देखने को मिला कि न्यायाधीशों ने ऐसी टिप्पणियां की, जो उन्हें करनी नहीं चाहिए थीं। इस प्रवृत्ति पर नकेल कसने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट ने 25 सितंबर 2024 को संवैधानिक अदालतों के न्यायाधीशों पर इस बात का बल दिया कि वह अपनी पूर्ववृत्तियों के प्रति जागृत रहें और संयम बरतें ताकि अपनी बुनियादी जिम्मेदारियों के प्रति वफादार रहें और स्त्री जाति से द्वेष या कुछ समुदायों की ओर पूर्वाग्रहपूर्ण प्रतीत हुए बिना वस्तुनिष्ठ व न्यायोचित फैसले सुना सकें। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश वी श्रीशानंद की टिप्पणियों का स्वतः संज्ञान लिया था, जिन्होंने एक केस की सुनवाई के दौरान बंग्लुरु की एक बस्ती को 'पाकिस्तान' कहा था और एक महिला वकील से महिलाओं के सिलसिले में आपत्तिजनक बात कही थी। सुप्रीम कोर्ट ने 23 सितंबर 2024 को बाल पोर्नोग्राफिक मटेरियल के संदर्भ में ऐसा ऐतिहासिक व अति महत्वपूर्ण निर्णय दिया है, जिसका भारत ही नहीं बल्कि ग्लोबल समाज पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ने की संभावना है और इससे बाल यौन शोषण को भी नियंत्रित करने के द्वार खुल सकते हैं। यह फैसला स्वागतयोग्य तो है ही, इसकी जितनी तारीफ की जाए वह कम ही होगी; क्योंकि यह मासूम जिंदगियों के लिए मज़बूत सुरक्षाकवच के तौरपर सामने आता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यौन अपराधों से बाल संरक्षण क़ानून की धारा 15 और सूचना प्रौद्योगिकी क़ानून के प्रावधानों के तहत इंटरनेट पर बाल पोर्नोग्राफिक मटेरियल देखना मात्र भी अपराध है। इसके अतिरिक्त सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के आपराधिक वीडियोज, इमेज को डिलीट किए बिना और पोक्सो एक्ट के अनुसार उन्हें पुलिस में रिपोर्ट किए बिना, सोशल मीडिया बिचौलिये आईटी एक्ट के तहत 'सुरक्षित शरण' हासिल नहीं कर सकते। गौरतलब है कि आईटी एक्ट का सेक्शन 79 बिचौलियों को 'सेफ हार्बर' प्रदान करता है कि वह जो थर्ड पार्टी के लिए सूचना, डाटा या कम्युनिकेशन के लिए लिंक उपलब्ध कराते हैं, उसके कंटेंट की उनकी कोई जवाबदेही नहीं है।



## गीता सार

**प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः ।**
**अहंकारविमूढात्मा कर्ताहमिति मन्यते ॥ (27)**

**भावार्थ :**

जन्म से लेकर मृत्यु तक के सभी कर्म प्रकृति के गुणों के द्वारा सम्पन्न किए जाते हैं, अहंकार के प्रभाव से मोह-ग्रस्त होकर अज्ञानी मनुष्य स्वयं को कर्ता मानने लगता है।

## बोले तो...



केंद्र सरकार किसानों के कल्याण को प्रतिबद्ध है। नए वर्ष का पहला निर्णय हमारे देश के करोड़ों किसान भाई-बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे अन्नदाताओं की फसलों को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी।

- नरेंद्र मोदी



वर्ष 2024 राजस्थान और देश के लिए उपलब्धियों और गर्व का वर्ष रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का सपना 500 वर्षों के संघर्ष के बाद साकार हुआ।

- भजनलाल शर्मा



कुछ चीजें नहीं बदली हैं, लोग हर समस्या के समाधान के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को याद करते हैं, लेकिन मतदान के समय इसे अनदेखा कर देते हैं। लोगों को उम्मीद थी कि मनसे इन मामलों में कार्रवाई करेगी और उसने ऐसा किया।

- राज ठाकरे

## कुछ अलग | अजब गजब

# चचा ने हाई वोल्टेज तार पर सुखा डाले कपड़े, लोगों ने किए मजेदार कमेंट

सोशल मीडिया और इंटरनेट के ज़माने में हमें कई बार कुछ ऐसा देखने को मिल जाता है कि हम चौंक जाते हैं। ऐसे ही एक वीडियो ने इंटरनेट पर तहलका मचा रखा है। आमतौर पर बिजली के तारों को देखकर ही हम सुरक्षा के लिहाज से थोड़ा दूर हट जाते हैं। वो बात अलग है कि कुछ लोगों को मानो खतरों से खेलने का शौक होता है और वो देखकर भी इससे अनजान बने रहते हैं। इस वीडियो में भी कुछ ऐसा ही हो रहा है।

वीडियो में एक शख्स खंभे से होकर गुजरने वाले हाई वोल्टेज तार पर गीले कपड़े सुखाते नजर आ रहा है। घर की छत पर खड़े होकर चचा को खतरों से खेलते हुए देखना आपको चौंका देगा। उन्हें मानो फिक्र ही नहीं है कि वो जिस



तार पर कपड़े सुखा रहे हैं, वो कितना खतरनाक है। आप भी उसकी इस हरकत को देखकर दंग हो जाएंगे। वायरल हो रहे वीडियो में आप देख सकते हैं कि खंभे से गुजर रहे बिजली के तारों पर एक शख्स बड़ी तसल्ली से एक-एक कपड़े डालकर सुखा रहा है। शख्स द्वारा डाले जा रहे कपड़े कुछ तो बिल्कुल ही गीले हैं, तो कुछ सूख चुके हैं, जिन्हें वो समेट रहा है। हम सभी जानते हैं कि हाइटेंशन तारों के सिर्फ छूने भर से जहां व्यक्ति की जान पर बन आती है, लेकिन चचा को इसकी कोई फिक्र ही नहीं है। जब उन्हें किसी ने टोका, तो उन्होंने कुछ ऐसा जवाब दिया, जिसे सुनकर आपकी हंसी छूट जाएगी। इस वीडियो को 5 ही दिनों में 75 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं, जबकि 1 लाख से ज्यादा लोगों ने इसे पसंद किया है। वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूज़र ने लिखा, लगता है ये अपनी बीवी से परेशान है। वहीं एक अन्य यूज़र ने लिखा- सरकार पर इसे कितना भरोसा है।

## पाठक पाती

### सुविधाओं की दरकार

स्वास्थ्य सेवाओं और उसके संसाधनों की कमी देश भर में नजर आती है मगर ग्रामीण क्षेत्र इससे विशेष रूप से प्रभावित हैं। इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती है। सर्वोच्च न्यायालय ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों में खाली सीटों को भरने का जो निर्देश दिया है, वह इस दिशा में महत्त्वपूर्ण है। ग्रामीण और सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की कमी की खास वजह इन क्षेत्रों में कार्य की कठिन परिस्थितियां और सीमित प्रोत्साहन भी हैं। इसके समाधान के लिए आवश्यक है कि ग्रामीण इलाकों में चिकित्सकों को बेहतर सुविधाएं और आर्थिक प्रोत्साहन दिए जाएं।नए चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्रों में अनिवार्य सेवा नियमों का पालन करें। निजी अस्पतालों में अनुकूल सुविधाओं के साथ ही उचित प्रबंधन मरीजों को वहां जाने को मजबुर करता है। इसलिए जरूरी यह हो जाता है कि सरकार वहां अनुकूल चिकित्सा के लिए बुनियादी सुविधाओं की पहले पूर्ति करें।

-अमृतलाल मारू 'रवि' मप्र

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में विद्यालय प्रांगण की स्वच्छता का सन्देश




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाइयों के 7 दिवसीय शिविर के चौथे दिन गोद ली गई बस्ती कींदप लालसिंहपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में विविध गतिविधियों का आयोजन हुआ। योग व प्राणायाम के प्रथम सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशन में विभिन्न योगासन का अभ्यास कियास स्वयंसेविका दक्षिता प्रजापत ने स्वयंसेवकों को योगमुद्रा, ताड़ासन, अर्धचक्रासन, मंडूकासन और सूर्य नमस्कार जैसे विभिन्न योगासन करवाएंस सुबह के अल्पाहार के बाद में श्रमदान सत्र में स्वयंसेवकों ने विद्यालय प्रांगण के पृष्ठ भाग में श्रमदान का कार्य किया स जिसके अंतर्गत वहां उगी हुई खरपतवार को हटाया, पेड़ पौधों की कटाई चटाई का कार्य किया और पौधों में पानी डालास लोकमाता अहिल्याबाई होलकर दल ने दल प्रभारी मोहित शर्मा के नेतृत्व में दोनों इकाई के स्वयंसेवक हेतु खाना बनाने का कार्य किया। शेष सभी दलों, जिसमें विवेकानंद दल, भगतसिंह दल, महात्मा गांधी दल और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई दल ने विद्यालय प्रांगण की स्वच्छता हेतु श्रमदान का कार्य कियास व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच ताराचंद भांभू ने की। व्याख्यान सत्र के मुख्य वक्ता राजकीय लोहिया महाविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्ति प्रोफेसर व प्रसिद्ध पक्षी विज्ञान विशेषज्ञ के सोनी थे। सोनी ने अपने व्याख्यान में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालास उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया की प्रतिरक्षा प्राकृतिक और उपार्जित दो प्रकार की होती है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के द्वारा बच्चों में कृत्रिम इम्यूनिटी को पैदा करके उनकी रोगों से रक्षा की जा सकती है। साथ ही उन्होंने वायरस तथा बैक्टीरिया जनित विभिन्न रोगों के कारण तथा बचाव के उपाय पर भी प्रकाश डाला सटीकाकरण के अंतर्गत उन्होंने बच्चों के जन्म से लेकर युवावस्था तक लगने वाले विभिन्न टिकों के बारे में चर्चा करउनके महत्व को भी उजागर किया। साथ ही विभिन्न प्रकार की वैक्सीन निर्माण की प्रक्रिया के बारे में बताकर उनकी विभिन्न संस्थाओं का परिचय भी अपने व्याख्यान के माध्यम से स्वयंसेवकों को दियास उन्होंने बताया कि सभी लोग अपनी जीवनचार्य को सुधार कर तथा देसी खान-पान को अपने भोजन का अंग बनकर विभिन्न अवांछित रोगों से अपने को बचा सकते हैं। व्याख्यान सत्र अंतर्गत ही स्वयं सेवकों के विभिन्न रोगों तथा टीकों के संबंध में जिज्ञासाओं का समाधान प्रोफेसर सोनी जी द्वारा किया गया। व्याख्यान सत्र के बाद स्वयंसेवकों ने प्रोफेसर सोनी जी के निर्देशन में रतन नगर के ठममक की यात्रा की ससोनी जी ने ठममक में मौजूद स्थानीय पशु-पक्षियों तथा वनस्पति की विविध प्रजातियां का परिचय दियास प्रोफेसर सोनी नाम विभिन्न वन्य प्राणियों की आवाजों तथा उनके व्यवहार के बारे में भी स्वयंसेवकों को अवगत करवाया। यात्रा के दौरान ही सोनी ने बताया कि रतन नगर की स्थापना 1861 ईस्वी में सेठ नंदराम केडिया द्वारा की गई थी।

# हैप्पी न्यू ईयर से गूंजा चौमूं

**25 कपल ने एक साथ 25 केक काटकर 2025 का किया स्वागत**



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** शहर के एक होटल पर नए साल का जश्न हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने 2024 को अलविदा कहकर 2025 का स्वागत कर एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी। सेवानी ग्रुप ऑफ कंपनीज एंड दिशा क्लासेस के निदेशक नरेंद्र कुमार सेवानी को टाटा एआईए एमडीआरटी अर्चीव करने पर न्यू ईयर पार्टी रखी गई। यहां पर स्वादिष्ट व्यंजन परोसने के साथ ही मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित होटल में किए गए। सेवाधारी नरेंद्र कुमार सेवानी ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए। साथ ही बच्चों के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। लाइव म्यूजिक, बोनफायर, आतिशबाजी और गाला डिनर का आयोजन किया गया।

**25 कपल ने एक साथ 25 केक काटकर 2025 का किया वेलकम :** चौमूं के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि नए साल की स्वागत के लिए यूनीक कॉन्सेप्ट लाया गया हो। दरअसल सेवाधारी नरेंद्र कुमार सेवानी ने अलग ही यूनीक कॉन्सेप्ट के तहत 25 कपल एक साथ 25 केक काटकर 2025 का वेलकम किया गया। यह नजारा सभी के लिए एक अद्भुत और आकर्षक रहा। एकाएक जैसे ही 12 बजे 25 कपल मिलकर एक साथ 25 केक काटकर चौमूं के इतिहास में नए साल का वेलकम का इस तरह का खास रिकॉर्ड बनाया। सेवाधारी नरेंद्र कुमार सेवानी ने बताया कि न्यू ईयर 2025 का पल-पल इंतजार और वो घड़ी जैसे ही आई..चौमूं झूम उठा..बोल उठा हैप्पी न्यू ईयर। युवाओं ने आतिशबाजी और जोरदार शोर शराबे के बीच नए साल 2025 का स्वागत कर जश्न मनाया।

## न्यूज ब्रीफ

### नववर्ष पर नगर की विभूतियों के संक्षिप्त परिचय के साथ लगाई होर्डिंग

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्थानीय नगर परिषद द्वारा नव वर्ष पर नगर की विभूतियों के संक्षिप्त परिचय के साथ सचित्र होर्डिंग लगाए गए है। नगर के महान संगीत निर्देशक जमाल सेन, संगीतकार शम्भू सेन व महान संगीतज्ञ स्व खेमचंद प्रकाश, कथक गुरु पंडित गौरीशंकर व पंडित सुन्दर लाल गंगानी सहित नगर के प्रबुद्ध साहित्यकार कन्हैयालाल सेठिया, नगर के स्वतंत्रता सेनानी व विशिष्ट व्यक्तित्व पंडित गिरीश चंद्र मिश्र,स्व बनवारीलाल बेदी, पूर्व विधायक फूलचंद जैन, स्व घनश्याम दत्त आर्य, स्व. हीरालाल शर्मा, स्व सागरमल खेतान सहित नगर के बगड़िया परिवार के भामाशाह सुजानमल बगड़िया के सुपुत्र रंगलाल, प्रतापमल, गंगाधर बगड़िया व चाय क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर पद्मश्री से नवाजे गए हनुमानबुक्स कनोई का नव वर्ष परइस रूप में स्मरण किया जाना नगर परिषद का एक अनुकरणीय व प्रशंसनीय प्रयास है। सम्भाग की अग्रणी सांस्कृतिक संस्था द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया व सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा लंबे समय से अपने सांस्कृतिक आयोजनों में नगर के राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय ख्यातिनाम कलाकारों की नगर के प्रमुख स्थानों पर मूर्ति लगाने, उनकी स्मृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए सड़क, पार्क का नामकरण करने सहित होर्डिंग लगाने की मांग करते आ रहे है। उसी के फलस्वरूप नगरपरिषद का यह प्रयास सराहनीय है।

### ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आज

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 2 जनवरी गुरुवार को प्रात: 11 बजे से प्रत्येक ग्राम पंचायत पर किया जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा ग्राम पंचायत खेड़ा की जनसुनवाई में भाग लिया जायेगा।

### सैंपऊ रोड़ गेट तीन दिन तक रहेगा बंद

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** सैंपऊ रोड़ पर नवीन रेलवे ट्रेक के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान एनएच-23 सैंपऊ रोड़ गेट 2 जनवरी से 4 जनवरी तक बंद रहेगा।

### नई सड़क पर नववर्ष की दी बधाई




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नववर्ष पर चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया द्वारा नई सड़क पर आयोजित सचिन पायलट को नववर्ष की बधाई समारोह में महनसरिया ने कहा कि प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री मुख्यमंत्री सचिन पायलट करोड़ों युवाओं की आवाज है, हम सब ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि यह स्वस्थ रहते हुए राजस्थान की सेवा करें। इस अवसर पर रिटायर्ड एडिशनल एसपी अयूब खान किसान नेता अमर सिंह दनेवा, पूर्व उपसभापति प्रतिनिधि रमजान खा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष असलम खोकर, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अबरार खान, शीशपाल गुर्जर, शकील छिपा, कालूराम महर्षि, पार्षद प्रवीण वेद, सत्यनारायण बाकोलिया, मोहन ट्रेलर, किसना राम बाबल, मुशीखा, सोहनलाल फगेडिया, महावीर झाझरिया, पार्षद अली मोहम्मद भाटी सहित सैकड़ो जन उपस्थित थे।

### मंत्रालयिक कर्मचारियों को खेलकूद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भुवाडी के सहायक प्रशासनिक अधिकारी रणवीर सिंह नीमड का भी सम्मान किया गया संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा चूरू कार्यालय में जिन मंत्रालय कर्मचारियों ने कुचामन सिटी में आयोजित मंत्रालयिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया उन खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में इन विजेता खिलाड़ियों को संयुक्त निदेशक बजरंग लाल एवं सहायक निदेशक एम.एस.बंडसरा ने खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर मेडल प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी तथा साथ ही भविष्य में भी इसी तरह चूरू मंडल में का नाम रोशन करते रहे।

### बाबा रामदेव जी मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में बाबा रामदेव जी मंदिर प्रांगण में स्व. पिता श्री शिवलाल सांखोलिया माताश्री गायत्री देवी सांखोलिया एवं अनुज स्व. सज्जन कुमार सांखोलिया की स्मृति में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ 2 से 9 जनवरी गुरुवार तक प्रतिदिन दोपहर 1:15 बजे से सांय 5:15 बजे तक आयोजन किया जाएगा।

# छात्राओं ने पवन चक्कियों का अवलोकन किया, जानीं उनकी कार्यप्रणाली



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय,राजगढ़ की छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. सुशीला बलौदा के मार्गदर्शन में मंगलवार को राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत सीकर स्थित हर्ष पर्वत पर चल रही पवन चक्कियों का अवलोकन कर उनकी कार्यप्रणाली से रूबरू हुई। प्राचार्य डॉ.सुशीला बलौदा ने छात्राओं से कहा कि पवन ऊर्जा का आज के परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण स्थान है। जनसंख्या वृद्धि के साथ विद्युत की आपूर्ति दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पवन ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर इसकी खपत पर नियंत्रण किया जा सकता है। आज अधिकाधिक संख्या में पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि हम ऊर्जा के क्षेत्र में आत्म-निर्भर बन सकें। हरित विद्यालय योजना के अंतर्गत छात्राओं ने हर्ष पर्वत पर स्थित जैव विविधता का अवलोकन किया। सांस्कृतिक विविधता के अंतर्गत छात्राओं ने विभिन्न पुरातात्विक स्थलों का अवलोकन किया। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न प्राचीन मंदिरों के स्थापना वर्ष के बारे में जाना तथा उन पर बनी कलाकृत्तियों का बारीकी से अवलोकन किया। इसी क्रम में छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. बलौदा के नेतृत्व में माँ जीण भवानी के दर्शन कर खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

# यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट वालों को समझाईश के तौर किया गुलाब का पुष्प भेंट



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** कलेक्ट्रेट के आगे पंखा रोड पर एसपी जय यादव के निर्देशानसुार सीटी सीओ सुनील झाझड़िया के नेतृत्व में यातायात पुलिस प्रभारी सुभाषचन्द्र राहड़ ने वाहनों चालको को गुलाब का पुष्प भेंट कर बिना हेलमेट चलने वाले दूपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने की समझाईश की। सीटी सीओ सुनील झाझड़िया ने बताया कि वाहन चालक बिना हेलमेट वाहन को चलाने से खतरा रहता है। अगर वाहन चालक के पास हेलमेट लगा हुआ तो किसी भी दूर्घटना से बचा जा सकता है। शहर में कई वाहन चालको को हेलमेट नहीं लगाने की वजह अनायास कही पर भी कोई दूर्घटना हो जाए जो जान को खतरा बना रहता है। इसलिए सभी वाहन चालको को हेलमेट को लगाकर चलना चााहिए। ताकि घटनाओं का ग्राफ नीचे की ओर रहेगा। जिससे वाहन चलाको की सुरक्षा होगी। यातायात प्रभारी राहड़ ने बताया कि यातायात पुलिस ने बुधवार को वाहन चालको को गुलाब का पुष्प देकर समझाईश की गई। दुबारा अगर वाहन चालक बिना हेलमेट मिल गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। जिससे वाहन चालकों को नियमानुसार वाहन का चालान भरना पड़ेगा। इसलिए वाहन चालक हेलमेट लगाकर ही अपनी यात्रा करें। अन्यथा बिना हेलमेट के मिलने पर जुर्माना भी भरना पड़ेगा।

# नववर्ष पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** नववर्ष पर लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में समाजसेवी एवं रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष नरेश सैनी मुख्यातिथि के रूप में आए हुए थे जबकि शिविर की अध्यक्षता ऋषि पाल ने की। शिविर संयोजक पुलिस उप निरीक्षक एवं हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों एवं रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और उन्होंने आज शिविर में 174 वीं बार रक्तदान किया और वे 85 बार प्लेटलेट्स दे चुके हैं। मुख्यातिथि नरेश सैनी ने कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। रक्तदान महादान है। रक्त कोष प्रभारी रमा की अध्यक्षता में रक्त संग्रहित किया गया। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्त की बूंद-बूंद अमूल्य है। आज का युवा नशे की और जाकर नशे की सुई लगाकर अपने जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्हें चाहिए कि नशे की सुई से बचें और रक्तदान की सुई लगाकर लोगों के जीवन को बचाने का महत्वपूर्ण काम करें।

**सेवानिवृत्ति पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन**

# तारानगर बीडीओ अमरजीत सिंह बाबल हुए सेवानिवृत्त



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर पंचायत समिति प्रधान संजय कस्वां की अध्यक्षता एवं उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार के मुख्यतिथ्य में तारानगर पंचायत समिति सभागार में विकास अधिकारी अमरजीत सिँह बाबल के सेवानिवृत्ति होने पर उनका विदाई कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। सरपंच फॉर्म अध्यक्ष प्रतिनिधि दौलत मेघवाल व सहायक अभियंता विनोद धायल के नेतृत्व में पंचायत समिति स्टाफ व जनप्रतिनिधिगणो ने माला व साफा पहनाकर बाबल का सम्मान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधान कस्वां ने कहा कि बीडीओ बाबल का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा। बाबल हमेशा मुस्कराते रहते थे इनके चेहरे पर हमने कभी शिकन तक नहीं देखी सभी को हंसकर ही जवाब देते थे। इनकी कमी हमेशा हमें खलती रहेगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने कहा कि बीडीओ बाबल का हमेशा हमें सहयोग मिलता रहा है। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी छगनलाल छिम्पा ने किया। इस मोके पर सहायक अभियंता विनोद धायल, नायब तहसीलदार रतनसिँह, सहायक अभियंता बलवंत सिंह, अतिरिक्त विकास अधिकारी तुलसीराम सैनी, धर्मपाल ज्याणी, राकेश शर्मा, लेखाधिकारी अशोक पुरोहित, कृष्ण सहारण, सुरेन्द्र सहारण, कृष्ण मेघवाल, मोहर सिँह, रामजीलाल, टीकूराम मीणा, राजेश कुमार, दिनेश प्रजापत, सहित बीडीसी सदस्य, सरपंचगण व ग्राम विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# 'सड़क सुरक्षा के लिए करें जागरूक, सिविक सेंस का हो विकास'

**जिला कलेक्टर ने वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर किया सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ**




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्किल के पास पुराने कलक्ट्रेट परिसर से वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया। इस मौके पर सुराणा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए आमजन को जागरूक करें तथा आमजन में सिविक सेंस का विकास हो। सड़क सुरक्षा के बारे में नई पीढ़ी को व्यवहारिक जानकारी दी जाए। सड़क पर वाहन चलाने के लिए जरूरी ट्रैफिक नियमों, आवश्यक एहतियात, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग आदि के बारे में जागरूकता गतिविधियां आयोजित करें। उन्होंने कहा कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पहला प्रयास सिविक सेंस का विकास करना है। इसलिए जनमानस में सड़क सुरक्षा को लेकर सिविक सेंस का विकास करना हम सभी का उत्तदायित्व है। हमें चूरू को दुर्घटनामुक्त बनाने के संकल्प के साथ काम करना चाहिए। इस मौके पर एएसपी लोकेन्द्र दादरवाल ने सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत की जाने वाली गमिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार सड़क सुरक्षा माह की थीम 'परवाह' रखी गई है। उन्होंने आमजन से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने और वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने सहित आवश्यक एहतियात बरतने की अपील की। इस दौरान एडीपीआर कुमार अजय, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, जिला परिवहन अधिकारी सुजानगढ़ विनोद कुमार लेगा, सहायक लेखाधिकारी सत्यपाल सिंह शेखावत, परिवहन निरीक्षक कन्हैयालाल यादव, एपीआरओ मनीष कुमार, बिशन सिंह, ट्रैफिक इंचार्ज सुभाष चंद सहित अधिकारी, पुलिसकर्मी व नागरिक मौजूद रहे।

# खंड शिक्षा अधिकारी राज सिंह का सेवानिवृत्ति पर सम्मान



**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में निकटवर्ती तहसील तोशाम में खंड शिक्षा अधिकारी राज सिंह का 35 साल का कार्यकाल पूरा होने पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह ने कहा कि राज सिंह का सेवाकाल उनके अच्छे कार्यों के लिए हमेशा याद रखा जाएगा विजय सिंह सांगवान ने कहा कि हमेशा व्यक्ति को पॉजिटिव विचार रखना चाहिए और हमेशा ऊंची सोच रखनी चाहिए। प्राचार्य सुनील जैन ने कहा कि राज सिंह का कार्यकाल एक अच्छे व्यवहार और जुनून का उदाहरण है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक प्रधान संजय बुसान ने कहा कि राज सिंह ने हमेशा यूनियन के कार्यों को सम्मानित तरीके से किया और यूनियन के पदाधिकारियों को सम्मान दिया इस अवसर पर कई अन्य अधिकारी और शिक्षक उपस्थित थे राज सिंह को उनके कार्यकाल के दौरान किए गए अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।


**उत्तर मध्य रेलवे**

टेण्डर संख्याः 230-वि/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2024/544 दिनांकः 30.12.2024

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विधुत अभियन्ता/क.वि./उ.म.रे./प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं.:** 230-क0वि0-कार्य ठेका-935-2024 | **कार्य अवधिः** 09 महीना |
| **कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल के शिकोहाबाद-फर्रुखाबाद सेक्शन में निबकरोरी स्टेशन पर दूसरी लूप लाइन के प्रावधान के कारण 25 केवी ओएचई संशोधन और विद्युतीकरण कार्य। | |
| **अनुमानित लागतः** ₹ 14759863.00 | **बिड सुरक्षा राशिः** ₹ 223800.00 |
| **बोली प्रणालीः** एक पैकेट | **निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः** 20.01.2025, 14.00 बजे |
| **निविदा खुलने की तिथि तथा समयः** 20.01.2025, 15.00 बजे | |
| **एलोकेशनः** कैपिटल | **यूडब्लूआईडी नं0** 060216231014 |

**नोटः 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। **2.**उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है।

**2197/24(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# ग्रामीणों ने लगाया एबूलेंस से शराब तस्करी का आरोप

## देलदर का मामला, ग्रामीणों ने अधिकारियों को करवाया अवगत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**तलहटी।** देलदर के ग्रामीणों ने थाने में रिपोर्ट देकर गांव स्थित शराब ठेके के सामने खड़ी 108 एम्बूलेंस से शराब तस्करी का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार देलदर के ग्रामीणों ने थाने में लिखित पत्र देकर बताया कि गांव के अंगेजी शराब की दुकान के सामने खडी एम्बुलेंस द्वारा शराब तस्करी का संदेह होने पर अधिकारियों को लिखित में अवगत करवाया गया। बताया गया कि 108 एम्बुलेस हर समय ठेके के सामने खडी रहती हैं। जिससे रात के समय में शराब की तस्करी करने का अंदेशा रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि डेरणा स्थित अंगेजी शराब की दुकान से भी आबकारी विभाग ने नकली शराब पकड़ी थी। इसी मामले में पुलिस को एम्बुलेंस से शराब तस्करी की जानकारी मिलने पर मौके पर जाकर जांच भी की थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एम्बूलेंस चालक की ओर से ठेके के सामने नमकीन दुकान भी खोली गई है।




### जांच करवाएंगे

वैसे एम्बुलेंस अस्पताल परिसर में ही खडी रहनी चाहिए। अगर ठेके के बाहर खड़ी रहती है तो जांच करवाता हूं।
– **निरंजन शर्मा**–इएमइ प्रभारी सिरोही

### बाहर खड़ी रहती है एम्बुलेंस

*पूर्व में भी इस प्रकार की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। जिसकी उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया। 108 एम्बुलेंस हॉस्पिटल परिसर से बाहर ही खड़ी रहती हैं।*
***डॉ. सलीम खान**–प्रभारी देलदर चिकित्सालय।*

# एनडीपीएस एक्ट में आठ माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** पुलिस ने बुधवार को एनडीपीएस एक्ट में आठ माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी कमलसिंह ने बताया कि पुलिस थाना पिण्डवाडा द्वारा नाकाबंदी के दौरान एक लग्जरी कार में क्विटल 60 किलोग्राम बरामद किया था। मौके से दो आरोपी फरार हो गए थे। प्रकरण में एक आरोपी गोरधनराम व हीराराम को गिरफ्तार कर जेसी करवाया गया था। प्रकरण में मुलजिम जोगाराम वांछित था। धोलानाड़ा बाड़मेर निवासी जोगाराम पुत्र ठाकराराम जाट (सारण) को गिरफ्तार किया।



# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों से आमजन को मिल रहा लाभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सिरोही ब्लॉक के पीएचसी मोहब्बतनगर, पिंडवाड़ा ब्लॉक में पीएचसी नितोड़ा में आयोजित हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने पीएचसी नितोड़ा में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ (परिवार कल्याण) डॉ. चन्दनसिंह, बीसीएमओ डॉ. भूपेन्द्रप्रतापसिंह मौजूद रहे।

**मंडार।** भटाना में बुधवार को सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमांशु की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन हुआ। शिविर प्रभारी डॉ. ईश्वरसिंह मय चिकित्सा टीम ने आमजन के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के दौरान कुल 600 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें से 199 मरीजों का बीपी व शुगर जांच कर निशुल्क इलाज किया गया। इस दौरान भटाना सरपंच भवानीसिंह देवड़ा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्रमसिंह राव, धीराराम देवासी, बलवंतसिंह, गणेश पुरोहित, गोविंद पुरोहित, प्रताप कुमार, सहित सैकड़ों लोगों मौजूद रहे।



# पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मानपुर के ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भागवत कथा का समापन एवं पूर्णाहुति यज्ञ का आयोजन किया गया। यजमान ने पूजा कर यज्ञ में आहुतियां दी। सेवा समिति सदस्यों का महंत जनकपुरी महाराज व स्वामी सदानद महाराज द्वारा सम्मानित किया गया। सेवासमिति के सदस्यों द्वारा वृंदावन के कथा वाचक स्वामी सदानंद महाराज का स्वागत अभिनन्दन किया गया। सांसद लुम्बारामजी, पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# गरासिया बने ब्लॉक अध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** गरासिया समाज विकास सेवा समिति सिरोही की जिला बैठक समाज के भवन मारकुण्डेश्वर धाम अजारी में आयोजित की गई। जिसमें सर्व सहमति से पिण्डवाडा ब्लॉक कि नविन कार्यकारणी कि घोषणा की गई। कार्यकारणी में संरक्षक भाणाराम, ब्लॉक अध्यक्ष प्रभुराम, उपाध्यक्ष विपेशकुमार, सचिव भंवरलाल, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, मीडीया प्रभारी रावाराम, अर्जुन कुमार, जुमाराम, कोकाराम, मोवाराम, पीथाराम, वजाराम, बाबूराम, राजुराम, रण्छाराम, सोहनलाल, कालुराम, नारायणलाल, खीमाराम, लाडूराम, मोहनराम, नाथाराम, प्रभुराम, अजाराम, सुरेश कुमार, मोहनलाल आदि की उपस्थिति में समाज हितों पर चर्चा की।

### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर गरासिया समाज जिलाध्यक्ष नरसाराम सोलंकी, सचिव प्रभुराम, अण्दाराम, छोगाराम, दुर्गाराम, कोषाध्यक्ष भावाराम, धरमाराम, रतनलाल, बाबूभाई, उपाध्यक्ष थावराराम, धुलाराम, भुराराम, सीताराम आदि मौजूद थे।




# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत की कार्रवाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** परिवहन विभाग की ओर से परवाह थीम के तहत जिले में बुधवार को अभियान के पहले दिन विभिन्न कार्रवाई की गई। डीटीओ रजनीश विद्यार्थी ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बुधवार को परिवहन निरीक्षक पुष्पेन्द्र शर्मा द्वारा सीट बेल्ट नहीं पहनने वाले वाहन चालक 1, बिना हेलमेट वाले 3, बिना रिफलेक्टर के 1 एवं विदाउट साइड अंडर रन प्रोटेक्शन डिवाइश 1 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा 82 वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाई गई।

### आठवां वस्त्र वितरण अभियान

# जरूरतमंद लोगों को वितरित किए गर्म कपड़े एवं कंबल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** युवाओं द्वारा लगातार आठवें वर्ष भी जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े एवं कंबल वितरित किए गए। युवा कवि कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि आठ वर्ष पूर्व उन्होंने अपने मित्रो के साथ एक मुहिम प्रारंभ की थी। जिसमें लोगों से निवेदन किया गया कि उनके घर में पड़े वे कपड़े जो उनके किसी काम नहीं आते हो उन्हें वे इन युवाओं को दे और इनकी टीम कपड़ों को जरूरतमंद लोगों तक कच्ची बस्तियों में पहुंचाएगी। इसके तहत मांकरोड़ा, ईसरा, दरबारी खेड़ा, केर, वास्तानजी, नितोड़ा, अजारी, खेराली इत्यादि गांवों में कपड़े एवं कंबल वितरित किए गए। भावेश खंडेलवाल, अनोपसिंह, दिनेश पटेल, हिमांशु प्रजापत, बदाराम देवासी आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# वार्षिक केलेण्डर वर्ष 2025 का विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिले का प्रसिद्ध ज्योतिषीय अर्बुद वार्षिक कलेण्डर वर्ष 2025 का विमोचन सीइओ प्रकाशचन्द्र अग्रवाल ने किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी अग्रवाल ने पंचाग का अवलोकन कर पंचाग को आमजन के लिए बहुपयोगी सिद्ध होना बताया। राज ज्योतिषी पंडित जनार्दन ओझा जावाल ने बताया कि अर्बुद श्री पंचाग वर्ष 2009 से प्रतिवर्ष प्रकाशित होता आ रहा हैं एवं आमजन को निःशुल्क वितरण किया जाता हैं। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेन्द्रकुमार पुरोहित, हेमन्त कुमार ओझा, मनीष त्रिवेदी एवं नरेन्द्र कुमार ओझा आदि मौजूद थे।



# देवासी समाज के पंचों के खिलाफ मामला दर्ज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** बड़ावेरा निवासी एक परिवादी ने पालड़ी थाने में समाज के पंचों की ओर से प्रताड़ना को लेकर उनके खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार बड़ा वेरा निवासी रुपाराम पुत्र जेठाराम देवासी ने बताया कि देवासी समाज के पंचों की ओर से रुपयों की मांग को लेकर परेशान एवं समाज से बहिष्कृत करने की धमकी दे रहे है। उन्होंने बताया कि दस दिसम्बर को बागसीन में उतरा भागली निवासी प्रकाश देवासी, वीरकाराम, रतिया, नवाराम, बालिया, जगमालाराम, गजाराम, मोतीरात, सोपाराम, गणेश, चतरा, बीका पुत्र ढलाराम, भीखा पुत्र स्वरूपाराम एवं कालाराम सभी भगाराम के घर जमा हो गए। इसी दौरान बागसीन से पुनाराम बागसीन तथा थानाराम पालड़ी को गाड़ी लेकर बड़ावेरा उसके घर आए और कहा कि पंच बुला रहे है। इस पर वह भी उनके साथ बागसीन गया। जहां समाज के किसी प्रकरण में राजीनामा करने पर दबाव बनाया गया। राजीनामा नहीं करने पर समाज से बहिष्कृत कर उसका हुका पानी बंद कर दिया और सभी को रुपाराम के घर नहीं जाने की बात ही। पुलिस ने पंचों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर जांच शुरु की।



# रक्तदान कर बचाई गर्भवती की जान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** राजस्थान रक्तदान सेवा संस्थान के प्रयास से एक युवक ने रक्तदान कर गर्भवती की जान बचाई। संस्था के जिलाध्यक्ष मनीष सिंहल ने बताया कि टीम द्वारा समय समय पर ब्लड कैम्प व इमरजेंसी होने पर तत्काल रक्त की व्यवस्था करवाई जाती है। अस्पताल से गर्भवति के रक्त की कमी की सूचना पर सदर बाजार निवासी राहुल सोनी मौके पर पहुंचे तथा रक्तदान कर गर्भवति की जान बचाई। ब्लड बैंक प्रभारी धर्मेंद्रसिंह ने रक्तदाता का आभार जताया। युवाओं से समय-समय पर रक्तदान करने की अपील की।

# देवड़ा का मनाया जन्मदिन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेके पुरम।** राजस्थान इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष इंदरसिंह देवड़ा का 52वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इंटक यूनियन के कार्यकर्ताओं द्वारा देवड़ा का 11 किलो फूलों की माला पहनाकर केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। यूनियन के लोकेश ने भी सम्मान किया।





# प्रतिभा सम्मान पर चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सरगरा समाज की धर्मशाला में आबू पटटे की बैठक हुई। जिसमें प्रतिभा सम्मान समारोह पर चर्चा की गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा महासभा जिलाध्यक्ष राजेश धवलेशा के अनुसार नवनियुक्त पदाधाकारियों का स्वागत किया गया। समिति पदाधिकारी व समाजबंधु मौजूद थे।

# हैप्पी न्यू इयरः नववर्ष के स्वागत में मनाया जश्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर समेत जिलेभर में मंगलवार रात को होटल, रेस्तरा, पार्टी प्लॉट एवं फॉर्म हाउस पर लोगों ने बीत वर्ष 2024 अलविदा किया तो नए साल 2025 का स्वागत किया। जैसे ही रात को बारह बजे, कहीं.कहीं तेज शोर में डीजे बजता दिखा तो कहीं पटाखों का शोर गूंज उठा। सभी एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई देते नजर आए। हालांकि पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी गाइडलाइन को लेकर भी पुलिस देर रात तक मुस्तैदी से कानून.व्यवस्था बनाने में जुटी रही।



### नव वर्ष पर गायों की सेवा कर खिलाई लापसी, लिया सेवा का संकल्प

युवाओं एवं भामाशाहों के सहयोग से नववर्ष के शुभारंभ पर गायों को लापसी खिलाई गई। इसके अलावा सभी ने नववर्ष पर बेसहारा गायों की सेवा करने का प्रण लिया। नव वर्ष 2025 के उपलक्ष में सभी ने बुधवार सवेरे सारणेश्वर स्थित पीएफए में सुबह गायों को लापसी खिला कर नया साल मनाया। भामाशाह शैलेन्द्रसिंह चौहान अहमदाबाद की ओर से बुधवार को गायों के लिए दो क्विंटल लापसी बनाकर खिलाई गई। जितेन्द्रसिंह बारड़ ने बताया की इस मौके पर आए गोसेवकों ने गायों की पूजा कर लापसी खिलाई और गायों की सेवा करने का संकल्प लिया गया। लापसी बनाने में चंपत माली, रविन्द्रसिंह, रिक्षित कोटेसा, राकेश पटेल व पीपल फॉर एनिमल के मनोहरसिंह, महिपाल, बलवंत मीना, लक्ष्मण देवासी एवं रामलाल आदि मौजूद थे। बंदरों को बिस्कीट खिलाई गई।

## माधव विवि में नववर्ष के स्वागत में की पूजा अर्चना

**पिंडवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय ने नववर्ष का आगमन उत्साह और आध्यात्मिकता के साथ मनाया। बुधवार सवेरे माधवेश्वर महादेव मंदिर में भव्य हवन और पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें विवि चैयरमेन डॉ. राजकुमार ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने पूरे विश्वविद्यालय परिवार सहित राज्य और समस्त देश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। निदेशक भारती देसाई, प्रवेश विभाग के निदेशक महेंद्र गुर्जर, आईटी विभाग के चिराग मालवीय सहित अन्य संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। चैयरमेन डॉ. राजकुमार ने कहा कि नववर्ष पर इस प्रकार के आयोजन हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित रखते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। पूजन और हवन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान छात्रों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और उत्साहपूर्ण माहौल में नए संकल्प लिए।



# सेवानिवृति पर सोलंकी का किया अभिनंदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** उप तहसीलदार शम्भुसिह सोलंकी के मंगलवार को सेवानिवृति पर लोगों ने अभिनंदन कर विदाई दी। सोलंकी बीरबलसर जालोर के 34 वर्ष की राजकीय सेवा से निवृत्त होने विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भीनमाल विधायक डॉ समरजीतसिंह, सिरोही तहसीलदार जगदीश विश्नोई, कालन्द्री सरपंच महीपालसिंह देवड़ा, विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष टाइगर अशोक राजपुरोहित, रामसीन उप तहसीलदार रूपाराम सोलंकी, फूगणी सरपंच नैनसिंह राजपुरोहित, मोहब्बत नगर सरपंच अर्जुनसिंह तंवर आदी के अतिथ्य मे आयोजित हुआ। मंच संचालन सुरेश जुगनू वलदरा ने किया। सोलंकी दासपा पुनासा दातीवास आदी जगह सेवाए दी ओर रामसीन तखतगढ और कालन्द्री मे उप तहसीलदार के रूप मे सेवाए दी। छगनलाल, खीमसिंह परमार, ईश्वर पुरोहित, हंसाराम घांची, सुरेश पुरोहित, सुरेश पटेल, हिम्मतसिंह झाला, माधुसिंह, गोकूल देवासी, महेन्द्रसिंह, गणपतसिंह, पुखराज, अशोक माली, बुधाराम, बद्रीनारायण, राजुराम, प्रवीण माली, रमेश गोयल, रमेश माली आदि मौजूद थे।




# 'शिक्षक सेवानिवृत्ति पर पौधारस्म की पहल सराहनीय'

**पोसालिया।** कस्बे में शिक्षक सेवानिवृत्त पर एक व्यक्ति एक पौधा मिशन द्वारा पौधा-रस्म कार्यक्रम आयोजित किया। खंदरा आश्रम के रामनाथ महाराज, पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोछाल सेवानिवृत्त शिक्षक कार्यवाहक प्रधानाचार्य शिवलाल मीणा को तुलसी का पौधा माला पहनाकर स्वागत कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। शिक्षक गोविंद मीणा व पन्नालाल वेराजेतपुरा ने शिक्षक परिवार को 51पौधे वितरण का संकल्प दिलवाया। खंदरा आश्रम के रामनाथ ने बताया की पौधारस्म अनिवार्य प्रथा जिसका घर घर प्रचलन अति आवश्यक है। पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत ने बताया तुलसी का पौधा इसलिए दिया जाता है कि आप घर की वेस्ट वस्तुओं से गमला बनाकर तुलसी का संरक्षण करें। अंजना देवी, ललिता मीणा सब इंस्पेक्टर सुमेरपुर, गीता मीणा, कन्हैयालाल पीटीआई, रमेश कुमार, हरिशंकर एसीबीओ, जैसाराम, प्रहलादराम, माधोसिंह, प्रकाश कुमार, हकमाराम, जेठाराम, वागालाल, महेंद्रपाल, ललित कुमार, दिलीप कुमार आदि मौजूद थे।



# बॉलीवुड नाइट के साथ नए साल 2025 का आगाज



**पिंडवाड़ा।** पिंडवाड़ा आबूरोड फोरलेन पर स्थित मातेश्वरी होटल एंड रेस्टोरेंट में 31 दिसंबर की रात को एक भव्य पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें पंजाबी सिंगर सतवंत बादशाह, डीजे अलास्का, और सिंगर कनिष्का चौहान ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेहमानों ने न सिर्फ बेहतरीन संगीत का आनंद लिया, बल्कि होटल द्वारा विशेष तौर पर तैयार किए गए व्यंजनों का भी खूब लुत्फ उठाया। इस मौके पर दिलीप पटेल सिरोही, राइटर बाबू, ट्वींस ब्लॉगर, सनम जोशी, रूपाराम, राहुल मेवाड़ा, दुर्गेश देवासी आदि मौजूद थे।

### सड़क मृत्युदर जीरो करने के उद्देश्य जिले में चलेगा 'अलवर परवाह' अभियान

# जन जागरूकता अभियान चलाने, अतिक्रमण हटाने सहित नियमों तोड़ने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**




**अलवर।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय सड़क सूरक्षा माह 2025 (1 जनवरी से 31 जनवरी) के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर डॉ. शुक्ला ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सूरक्षा माह का आयोजन किया जाना है इसके संबंध में संबंधित विभाग प्रो एक्टिव होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि यातायात एक सतत प्रक्रिया है इसको सुगम व सुरक्षित बनाने हेतु सडक परिवहन जुडें विभागों के साथ जिला प्रशासन की महती भूमिका रहती है। अत: इसको दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन ने अलवर परवाह अभियान आज से प्रारंभ किया है जिसका मुख्य उदेश्य जिले की सड़कों पर जीरो दुर्घटना मृत्यु रखा गया है। यह जिले में सतत रूप से चलेगा और मासिक आधार पर इसकी समीक्षा की जाएगी। अभियान को जिले में चरणबद्ध रूप से लागू किया जायेगा जिसमें पहले वर्ष का लक्ष्य जिले की सडक दुर्घटना मृत्यु में 25 फीसदी की कमी लाना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान 6 रणनीति को अपनाते हुए समन्वित प्रयास किये जाएगे जिसके तहत एजुकेशन, इंजिनियरिंग, इन्फोर्समेंट, इमरजेंसी केयर, इवैल्यूएशन और एंगेजमेंट पर योजनाबद्ध रूप से कार्य किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह आमजन के जीवन से जुडा हुआ विषय है। अत: इस अभियान को जन-जन का अभियान बनाएं। जिसमें जनजागरूकता के तहत यातायात के नियमों की पालना की सेमिनार आदि कराये जावे। इसमें संस्थाओं, प्रभुद्ध व्यक्तियों का सहयोग लें। राजकीय विद्यालयों व महाविद्यालयों में परिवहन व पुलिस के द्वारा सडक सुरक्षा के नियमों की जानकारी निरन्तर दी जाए। सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता व सडक सुरक्षा संबंधित संदेश के पोस्टर लगाये जाए व गतिविधियां करें। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में पंजीकृत सभी भारी वाहन चालकों एव बाल-वाहिनियों के चालकों को कार्यशाला के माध्यम से रिफ्रेशमेंट प्रशिक्षण चरणबद्ध रूप से प्रदान करें। उन्होने निर्देश दिए कि आरटीओ व सीडीईओ सभी बाल-वाहिनियों के सुरक्षा मापदण्डों की जांच एक माह में सुनिश्चित कर रिपोर्ट भिजवायें। उन्होंने यूआईटी सचिव व नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर में अपने-अपने क्षेत्र की सड़कों के कट पर रोशनी की व्यवस्था आगामी 15 दिवस में करें। उन्होंने आरटीओ,पीडब्लूडी, आरएसआरटीसी, रिडकोर, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले से गुजरने वाले अधिक दुर्घटना वाले चिन्हित किये गये राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 248ए व राज्य मार्ग संख्या 14,25 व 44 की व्यापक ऑडिट रिपोर्ट आगामी 15 दिवस में प्रस्तुत करें तथा उन्होंने निर्देश दिए कि जिसमें अवैध कट, ब्रेकर, साईनेज, पार्किंग व अन्य सभी पहलू को शामिल करें। उन्होने पुलिस को निर्देश दिए कि आई रेड पोर्टल के डाटा संबंधित विभागों को निरन्तर उपलब्ध कराएं। उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुडे सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीम भावना के साथ प्रो-एक्टिव रहकर इस अभियान में निरन्तर कार्य करें। उन्होंने आरटीओ को निर्देश दिए कि सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को चिकित्सालय पहुंचाने वाले व्यक्तियों को गुड सेमेरिटन योजना के तहत सम्मानित करावे इसके लिए सीएमएचओ आवश्यक कार्यवाही करें। इसके साथ ही उन्होने सीएमएचओ को निर्देश दिऐ कि दुर्घटना के सूचना पर तुरन्त मौके पर एम्बूलेंस पंहुचे तथा तुरन्त ही घायल को प्राथमिक उपचार दिया जाए। बैठक में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम शहर बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, यूआईटी सचिव धगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, आरटीओ सतीश चौधरी, एआरटीओ इन्दु मीना, डीटीओ सुरेस यादव, पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियंता भूरीसिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, सीडीईओ महेश गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## दिशा की बैठक सात जनवरी को

**झुंझुनूं।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सात जनवरी को दोपहर एक बजे झुंझुनूं सांसद बृजेंद्र सिंह ओला की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में महात्मा गांधी नरेगा योजना, दीनदयाल अंत्योदय, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, दीनदयाल उपाध्यक्ष ग्रामीण कौशल, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल भारत भू अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, अटल मिशन फॉर रिजूवेशन एंड अरबन ट्रांसफोर्मेशन, उज्जवला डिस्काम एश्योरेंस, प्रधानमंत्री फसल बीमा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, मिड डे मिल, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, डिजिटल इंडिया अन्नपूर्णा भंडार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्य पर समीक्षा की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का शुभारंभ



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**खेतड़ी।** कस्बे में स्थित जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय परिसर में बुधवार को सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निजी बस ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष रघुनंदन शाह, एसीबीईओ सनोज कुमार मान एवं डीटीओ रमेश कुमार यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला परिवहन अधिकारी ने इस वर्ष का विषय (परवाह) के बारे में बताया तथा कहा कि सड़क सुरक्षा किसी एक की जिम्मेदारी नहीं अपितु हम सब का सामूहिक प्रयास एवं दायित्व है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग के साथ अन्य विभाग यथा सार्वजनिक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा व विद्युत विभाग भी अपनी भूमिका निभाएं एवं सड़क पर गड्ढे या बिजली के पोल हो तो उनको भरने व शिफ्ट करने का कार्य इसी माह के दौरान करवाते। इसी के साथ शिक्षा विभाग भी बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दें तथा जिन विद्यालयों में बाल वाहिनी एवं ऑटो रिक्शा टैंपों आदि से बच्चे स्कूल जाते हैं। तो उन सभी वाहनों के कागजात हर माह की एक तिथि तय करके एप पर चैक करवा लें। चालक सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट बहन ना, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, कोहरे में लाइट, इंडिकेटर एंव वाइपर सही करवाने की बात पर बल दिया गया। रघुनंदन शाह ने कहा कि हमेशा वाहन चालक कोशिश करें कि कोहरे में कम से कम वहान चलाएं एवं पशु चारा वाहनों को रात के समय नहीं चलाने की सलाह दी। इस अवसर पर नरेंद्र पारीक, महेश खटाना, दिनेश कुमार, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, चंद्रशेखर, पवन शर्मा, घनश्याम स्वामी, दूलीचंद मीणा, विनोद सनी, मनोज स्वामी, छत्रसाल, गुलशन जांगिड़, दिनेश सैनी, शिंभू व विक्रम रावत आदि लोग मौजूद थे।

# उपनिदेशक क्षेत्रीय स्वायत शासन ने श्री अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण किया



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** लायंस क्लब कुचामन फोर्ट द्वारा संचालित पुराना बस स्टैंड स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई संख्या 228 का क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वायत शासन सना सिद्दीकी द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें रसोई की साफ-सफाई एवं भोजन की गुणवत्ता जांची गई। उपनिदेशक एवं आयुक्त नगर परिषद कुचामन सिटी द्वारा स्वयं का टोकन काटकर रसोई में जरूरतमंदों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया एवं भोजन की गुणवत्ता एवं रसोई के कर्मचारियों के व्यवहार के बारे में पूछा गया क्लब सचिव एवं रसोई प्रभारी रचित नंदवाना द्वारा निरीक्षण करवाया गया निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं एवं भोजन की गुणवत्ता माकूल पाई गई। रसोई प्रभारी रचित नंदवाना ने बताया कि पुराना बस स्टैंड स्थित रसोई मैं प्रतिदिन सुबह एवं शाम 200 जरूरतमंद व्यक्तियों को सम्मान पूर्वक बैठ कर भोजन कराया जाता है समय-समय पर भामाशाहों द्वारा भी जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन कराया जाता है। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचलिया एवं कनवर लाल गोयर, महेश चंद्र वर्मा साथ रहे।

## रात्रि चौपाल का आयोजन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**बड़ागांव।** कस्बे के घूमचक्कर बस स्टैंड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ागांव में मंगलवार को रात्रि चौपाल में झुंझुनूं एसडीएम हवाईसिंह यादव ने समस्याएं सुनीं। रात्रि चौपाल में आम रास्तों में जगह-जगह गंदगी, बिजली पानी आबादी के विस्तार के मुद्दे प्रमुख रूप से छाए रहे। झूथाराम वार्ड पंच ने बताया कि बड़ागांव के सीएचसी में चिकित्सक लगाने व मुख्य बाजार में भरने वाले गंदे पानी की निकास और बाईपास बस स्टैंड पर सुलभ शौचालय नहीं होने की लिखित में समस्याएं दी। इस मौके पर समस्त ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

# खेलों से शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी होता है : अशोक गुप्ता



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर सांसद खेल उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत खेले जा रहे क्रिकेट मैचों में अलवर शहर विधानसभा में 4 महिला व 24 पुरुष टीम सहित कुल 28 टीमें भाग ले रही है। शहर विधानसभा संयोजक पवन जैन ने बताया कि अभी तक 18 से अधिक टीमें खेल चुकी हैं। क्रिकेट मैचों का समापन राज ऋषि महाविद्यालय खेल परिसर में 4 जनवरी को होगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, संयोजक पवन जैन, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, रवि यादव महामंत्री, विजय कोली, राकेश यादव, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, आशीष अरोड़ा, नवीन यादव, सुरेंद्र यादव, सोनू चौधरी, जीतू चौधरी सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीडवाना पुलिस ने युवाओं को दूध पिलाकर किया नववर्ष का आगाज, नशे से दूर रहने की सलाह दी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** नए साल के जश्न के मौके पर जहां देशभर में पार्टी और उत्सव का माहौल है, वहीं डीडवाना पुलिस ने युवाओं को नशा मुक्त जीवन जीने का प्रेरक संदेश देकर एक अनोखी मिसाल पेश की। पुलिस ने युवाओं को शराब और नशे से दूर रखने के उद्देश्य से एक हजार लीटर दूध पिलाकर नव वर्ष का स्वागत किया। डीडवाना कोर्ट परिसर के सामने पुलिस ने केसर और बादाम मिश्रित दूध की स्टॉल लगाई। जहां जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने स्वयं युवाओं को दूध के गिलास वितरित किए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर पुखराज सैन, एसपी हनुमान प्रसाद मीणा, एएसपी हिमांशु शर्मा, डीएसपी धरम पूनिया और थानाधिकारी राजेंद्र सिंह कमांडो उपस्थित थे। एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने कहा युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखना हमारा मुख्य उद्देश्य है। नव वर्ष को पौष्टिक और स्वस्थ जीवन शैली के साथ मनाना चाहिए। थानाधिकारी राजेंद्र सिंह कमांडो ने बताया कि यह कार्यक्रम हर साल आयोजित किया जाता है ताकि युवाओं को शराब और अन्य नशों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा सके। कार्यक्रम में बैंड बाजे के साथ नव वर्ष का स्वागत किया गया, जिससे माहौल में उत्साह भर गया। भाजपा नेता जितेंद्र सिंह जोधा ने युवाओं को प्रेरणादायक बातें बताते हुए नशे से दूर रहने और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने का संदेश दिया। डीडवाना पुलिस की इस पहल को स्थानीय लोगों और युवाओं ने खूब सराहा। इस कार्यक्रम ने न केवल युवाओं को नशा मुक्त रहने की प्रेरणा दी, बल्कि परिवार के साथ स्वास्थ्य वर्धक तरीके से नव वर्ष मनाने का महत्व भी बताया। डीडवाना पुलिस का यह अनोखा नवाचार समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक प्रेरक कदम है।

# जिला कलेक्टर ने 'अतुल्य अलवर पोर्टल' लॉन्च किया



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** नव वर्ष के पहले दिन अलवर जिला प्रशासन ने नागरिकों को सुशासन और पारदर्शिता प्रदान करने के उद्देश्य से 'अतुल्य अलवर पोर्टल' का शुभारंभ किया गया। जिसको जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने पोर्टल को बटन दबाकर लॉन्च किया। जिला कलक्टर ने बताया कि इस पोर्टल का उद्देश्य नागरिकों को डिजिटली सशक्त बनाना, समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और पारदर्शी एवं प्रभावी गवर्नेंस की दिशा में कदम बढ़ाना है। यह पोर्टल नागरिकों को अनेक सेवाओं और सुविधाओं की जानकारी एवं समाधान प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पोर्टल नागरिकों और प्रशासन के बीच संवाद को सुदृढ़ बनाएगा और आधुनिक आईटी तकनीकों के माध्यम से सेवाओं को उनके मोबाइल पर ही उपलब्ध कराएगा। उन्होंने ने बताया कि अलवर नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में कचरा संग्रहण वाहनों की रियल-टाइम लोकेशन अब नागरिकों के लिए पोर्टल पर उपलब्ध होगी। नागरिक अपने वार्ड का चयन कर यह देख सकेंगे कि कचरा संग्रहण वाहन उनके घर से कितनी दूर है। वाहन की रियल-टाइम मूवमेंट और रुकने के स्थान गूगल मैप पर प्रदर्शित किए जाएंगे। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अलवर जिले के पर्यटन व पर्यटन स्थलों से जुड़ी सभी जानकारियां पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई हैं। इससे पर्यटकों को अलवर की प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नागरिक इस मॉड्यूल के माध्यम से सफाई और रोड लाइट से संबंधित समस्याओं का पंजीकरण करवा सकते हैं और उनकी स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने ने बताया कि इसके साथ ही आने वाले समय में जिला प्रशासन के अन्य विभिन्न प्रकार के माड्यूल/नवाचार यातायात सुरक्षा माह-परवाह ई-विद्या इत्यादि अतुल्य अलवर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम शहर बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, यूआईटी सचिव धगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, आरटीओ सतीश चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक चारू अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कोहरे की ठंड से फसलों को फायदा

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** राजस्थान में सर्दी बढ़ने से कुचामन सहित आसपास के ग्रामीण इलाके में पिछले छह-सात दिन से सुबह-सुबह लगातार पड़ रहे कोहरे से जहां जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं किसान कोहरे से फसलों को मिल रहे लाभ से खुश नजर आ रहे है कोहरे की वजह से लोगों को ठंड का भी अहसास हो रहा लेकिन इससे फसलों को लाभ मिलेगा। ठंड की वजह से अब तापमान भी घटने लगा है। बुधवार को भी शहर में करीब 10 बजे तक कोहरा छाया रहा जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में देर तक कोहरे की चादर छाई रही इस समय क्षेत्र के खेतों में फसले लहलहा रही है। इन फसलों में पानी की भी आवश्यकता है। किसानों का कहना है कि सुबह के समय पड़ने वाला कोहरा फिर रात के समय पड़ने वाली ओस फसलों के लिए अच्छी होती है कोहरे के कारण लोगों को थोड़ी परेशानी होती है लेकिन रबी की फसल को इससे फायदा होता है। आसमान से बरस रही ओस की बूंदों के कारण सर्दी का प्रकोप बढ़ गया जिसके चलते लोग घरों में दुबके हुए नजर आए। खेतों में भी फसलों पर ओस की बूंदें जम गई जिससे खेतों में काम करने वाले किसानों को सुबह-सुबह काफी परेशानी होती है। शहर से ज्यादा ग्रामीण इलाके में सर्दी का प्रकोप देखने को मिलता है। कोहरे से गेहूं जौ सहित रबी फसलों में तेजी से फूटान होगा। कोहरे के रूप में गिरने वाली ओस की बूंदें रबी की फसलो के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। वहीं फसलों में सिंचाई पानी की आवश्यकता कमरहती है क्योंकि ओस गिरने से जमीन में नमी बनी रहती है यही कारण है कि कोहरा जौ, गेहूं, चना, सरसों, मेथी, रायड़ा, इसबगोल सहित रबी फसलों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। किसान परसाराम बुगालिया, मुनाराम महला, कमलकांत डोडवाडिया, बिरमाराम बांगड़वा, झूमरमल बिजारणिया आदि किसानों की बात माने तो कोहरे से फसलों को फायदा मिल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### राजस्व मंत्री विजय सिंह चौधरी ने की जनसुनवाई



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** राजस्थान के राजस्व मंत्री और नावां विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय सिंह चौधरी ने बुधवार को कुचामन सिटी में अपने निजी निवास काला भाटा की ढाणी पर जनसुनवाई की। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर मंत्री से मुलाकात की।मंत्री चौधरी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान मंत्री ने नए वर्ष के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। वहीं, क्षेत्र के लोगों ने भी मंत्री के निवास पर पहुंचकर उन्हें नए वर्ष की बधाई दी।इस मौके पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### माता सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती कल मनाई जाएगी

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर जिला सैनी महासभा के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सेविका माता सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती समारोह शुक्रवार को 'मातृ वन्दना महोत्सव' के रूप में मनाई जाएगी। जिला प्रवक्ता जितेंद्र खुराडिया बताया कि भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की 194वीं जयंती के अवसर पर 3 जनवरी 2025 शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे सैनी समाज सभा भवन परिसर में मातृ वंदना महोत्सव के रूप में मनाते हुए सर्वप्रथम माता सावित्रीबाई फुले एवं महात्मा ज्योतिबा फुले जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की जाएगी। दोपहर 1:30 बजे समाज की महिलाएं जिन्होंने शैक्षणिक, सामाजिक, खेलकूद, साहित्य एवं अन्य स्तर पर विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त की है, महिलाओं को 'माता सावित्रीबाई फुले गौरव अवार्ड' से सम्मानित करते हुए माता सावित्रीबाई फुले के जीवन दर्शन एवं सिद्धांतों पर गोष्ठी का आयोजन करते हुए अतिथियों ओर वक्ताओं द्वारा विचार रखे जाएंगे। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ता बुद्धिजीवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### गौ सेवा करके अंग्रेजी नववर्ष का स्वागत किया



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** रतननगर कस्बे में सेवासंघ की ओर से गौ सेवा करके अंग्रेजी नववर्ष का स्वागत किया गया। अंग्रेजी नववर्ष को कामधेनु गौशाला मे गौवंश को मीठा केक व सवामणी कर गुड़ का दलिया खिलाकर मनाया गया। इसी प्रकार रतननगर पिंजरापोल गौशाला में गौवंश को सवा पांच मण चारा खिलाकर तथा कामधेनु गौ शाला में गौ सेवा के साथ अंग्रेजी नववर्ष मनाया गया। कस्बे के सेवानिवृत सैनिक अधिकारी एवं समाजसेवी विजय गोठवाल ने बताया कि पुराने साल की विदाई रतननगर कामधेनु गौशाला मे डॉ बजरंग लाल शर्मा के जन्मदिन को गौवंश को मीठा केक व सवामणी का गुड़ दलिया खिलाकर मनाया गया तथा नये कैलेंडर वर्ष 2025 का स्वागत रतननगर पिंजरापोल की गौशाला में रजनी गोस्वामी धर्मपत्नी शिव गोस्वामी का जन्मदिन गौवंश को सवा पांच मण चारा खिला कर तथा कामधेनु गौ शाला में गौ सेवा के साथ मनाया गया। इन दोनों ही अवसर पर रतननगर नारी शक्ति टीम की मुखिया संतोष परिहार नारिशक्ति टीम की पच्चीस महिलाओं के साथ व रतननगर सेवासंघ के सदस्य भी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे। गौ सेवक एवं समाज सेवी शिव गोस्वामी ने बताया कि जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एव अन्य अवसर पर गौसेवा कर एक नवाचार की मिसाल पेश करने के लिए रतननगर सेवासंघ प्रेरणा का काम करता है।

### जरूरतमंदों को कंबल और मिठाई वितरित

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सीकर।** नववर्ष के अवसर पर कमलादेवी जनसेवा ट्रस्ट सीकर द्वारा संचालित कमूल एक सहारा संस्थान ने एक नई पहल की शुरुआत की है। कमूल एक सहारा संस्थान के टीम मेंबर्स ने शहर की कच्ची बस्ती मे गरीब व बेसहारा लोगों को कड़ाके की सर्दी से बचाव हेतु गर्म कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर शहर की बायपास एवं बस डिपो के पास की कच्ची बस्ती में कंबल और मिठाई वितरित कर नववर्ष की शुरुआत की गई। कंबल वितरण कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष डॉ. एस के फगेडिया द्वारा लोगों से नववर्ष पर फिजूल खर्ची को रोकने एवं गरीब बेसहारा लोगो की मदद करने की अपील की गई। इस अवसर पर संस्थान सचिव सुमन नेहरा, मीडिया प्रभारी शहरी शिवकरण, ग्रामीण रामसिंह, सहायक मीडिया प्रभारी विकास आदि टीम मेंबर्स उपस्थित रहे।

### राज्य बीमा पॉलिसी अभियान की कार्रवाई शुरू, 15 जनवरी अंतिम तिथि

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग झुंझुनूं के सहायक निदेशक राजेंद्रप्रसाद शर्मा ने बताया कि जिले में ऐसे राज्य कर्मचारी जिनकी जन्म तिथि दो अप्रेल 1965 से एक अप्रेल 1966 के बीच है। उन सभी कर्मचारियों की बीमा पॉलिसी एक अप्रेल 2025 को परिपक्व हो रही है। उन कार्मिकों को एक अप्रेल 2025 को भुगतान किया जाना है। इसलिए ऐसे सभी कार्मिक आहरण वितरण अधिकारी द्वारा सत्यापित अपनी बीमा रिकॉर्ड बुक मय टीवी नम्बर एवं दिनांक, पदस्थापन विवरण (परिशिष्ट क), मूल बीमा पॉलिसी बॉण्ड, वर्तमान में बैंक खाते नंबर एवं आईएफएससी कोड की आईएफएमएस पोर्टल पर जांच कर कैंसिल चैक ई बैग में अपलोड करते हुए दिसंबर 2024 के वेतन से अंतिम कटौती कर अपनी एसएसओ आईडी के क्लेम फॉर्म 15 जनवरी 2025 तक आवश्यक रूप से ऑनलाइन प्रस्तुत करें। जिससे बीमा पॉलिसी का समय पर भुगतान किया जा सके। कर्मचारी आवेदन फॉर्म में मोबाइल नंबर भी अंकित करें।

# भक्ति संध्या में झूमे श्रद्धालु

- नोकरा मामाजी मंदिर पर दो दिवसीय मेला
- भजन संध्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़
- भजनों पर देर रात तक झूमे श्रोता



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** कस्बे के घेवरियां नाड़ा स्थित नोकरा मामाजी मंदिर पर आयोजित दो दिवसीय वार्षिक मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, विशेष पूजा अर्चना के बाद जैकारों के साथ मामा धणी की घोड़ियां स्थापित की गई। इस दौरान आयोजित भक्ति संध्या में देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहें। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नोकरा मामाजी मंदिर पर 31 दिसंबर को एक शाम मामाधणी के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें ख्याति प्राप्त भजन कलाकारों ने गणपति वंदना के बाद एक से बढ़कर एक मामा धणी के भजनों पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते नजर आए। रात को बारह बजते ही रंग बिरंगी रोशनी से सजाएं पांडाल में आओ जी मामाजी पोमणा जी ओ आवणों पडेला मामा धणी की प्रस्तुती पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने हैप्पी न्यू ईयर करते हुए झूम उठें।

### बच्चों के मनोरंजन को लेकर लगाएं झूले आकर्षक का केंद्र बने

मामाजी मंदिर परिसर में आयोजित वार्षिक मेलें के दौरान अस्थाई रूप से हाट बाजार,चाट-पकौड़ी, मिष्ठान,मणिहारी की लगीं दुकानों पर दिन भर बड़ी संख्या में मेलार्थियों की भीड़ लगी रही वहीं मेले में लगे विभिन्न झूलों में छोटे-छोटे बच्चों के साथ बड़ों ने भी झूलों में झूलकर लुत्फ उठाया।

### महाप्रसादी में उमड़ा श्रद्धालुओं सैलाब

दो दिवसीय वार्षिक मेले में बुधवार को आयोजित महा प्रसादी में कस्बे सहित आस पास गांवों से बडी संख्या मे श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा,मेला कमेटी के भुराराम मालवीय,कपुराराम घांची,खिमाराम घांची,जगदीश कुमावत,नारायणलाल, हंसाराम,वागाराम,नटवर सैन सहित सदस्यो ने सभी महिलाओं व पुरुषों को अलग अलग पंगत बैठाकर सभी को भोजनशाला प्रसादी करवाने की व्यवस्था संभाली।इस दौरान मेले में विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर आगे आए भामाशाह परिवार का फुलमालाओ व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।



### मेले मे पहुंचे राज्यमंत्री जोराराम कुमावत

घेवरिया नाडा स्थित नोकरा मोमोजी मंदिर पर वार्षिक मेले के दौरान पहुंचे पशुपालन एवं डेयरी,गोपालन व देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मे यहां पर पहुंचा देखा तो दिन ब दिन यहां पर मेला बढ़ रहा है। भक्त यहां पर समस्या लेकर आते हैं तो उसका समाधान मिलता है जिससे भाविक भक्त यहां पर बढ़ते हैं। इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। बरसात से टूटे सड़कों को जल्द ही बजट पास करवा कर कार्य चालू करवाएं जाएगा। जहां पुल की जरूरत है वहां पुल बनाए जाएंगे अच्छी सड़क खेतों में जाने वाले किसान भाईयो को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। यहां के क्षेत्र में विकास के लिए में सदैव अग्रण रहूंगा। किसानों के लिए पशुपालकों के लिए योजनाओं मे ईमित्र पर निःशुल्क बीमा गोपालक कार्ड के लिए प्रेरित किया। । इस दौरान सुमेरपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अनोप सिंह राठौड, पुनमसिंह परमार, मोडसिंह, पन्नालाल माली, महावीर मेवाड़ा, मुकेश मोदी, भगतसिह जोधा पावा,शंकर सिंह काकु ने क्षेत्र की समस्याओ से अवगत करवाया जिससे क्षेत्र मे सम्पूर्ण विकास के लिए मंत्री ने आश्वासन दिया।

नववर्ष की पूर्व संध्या

# नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों में कंबल बांटे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** सर्दियों की कड़क ठंड में गरीब और जरूरतमंद परिवारों को राहत देने के लिए सुमेरपुर नवभारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ने एक अद्वितीय पहल की। ट्रस्ट के सदस्य और समाजसेवी डा. कमलेश कुमार की अगुवाई में, ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा ने 31 दिसंबर की रात सिहप्रष्ट तालाब के किनारे, ठंड से ठिठुरते हुए लोगों के बीच कंबल और गर्म टोपी वितरित की। यह कार्य रात 11:30 बजे से 12:15 बजे तक चलाया गया, जब सर्दी अपने चरम पर थी और गरीब परिवार रात की ठंड में बिना किसी गर्म कपड़े के परेशान हो रहे थे। इस नेक कार्य के दौरान ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा ने बताया, "सर्दियों में गरीब और असहाय लोग सबसे ज्यादा परेशान होते हैं। उनका दुःख देखकर हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम उन्हें थोड़ी राहत पहुंचाएं, ताकि वे सर्दी से बच सकें।" मेवाड़ा ने आगे कहा कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर यह कार्य करने का मुख्य उद्देश्य था कि समाज में प्यार और मदद का संदेश भेजा जाए और जरूरतमंद परिवारों को महसूस हो कि वे अकेले नहीं हैं। ट्रस्ट के द्वारा वितरित किए गए कंबल और गर्म टोपी पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी की झलक देखने लायक थी। एक परिवार के सदस्य ने बताया, "हमारे पास ठंड से बचने के लिए कुछ भी नहीं था, लेकिन आज ट्रस्ट के द्वारा दिए गए कंबल और टोपी ने हमारी रात को रोशन कर दिया। हम उनके आभारी हैं। डा. कमलेश कुमार ने कहा, "यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम समाज के हर तबके की मदद करें, खासकर उन लोगों की जो कठिनाइयों में जी रहे हैं। यह कार्य हमारी ओर से एक छोटा सा कदम है, लेकिन उम्मीद है कि इससे और लोग भी समाज सेवा के लिए प्रेरित होंगे।



# जनहित में स्थापित किए नए आयाम : सांसद मकवाना



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए डबल इंजन की राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में जनहित में कार्य करते हुए नए आयाम स्थापित कर रही हैं। ये विचार अहमदाबाद (गुजरात) सांसद दिनेश मकवाना ने मंगलवार शाम को धनला गांव में ओएनजीसी के सेवानिवृत्त मुख्य महाप्रबंधक तेजसिंह कुंपावत के फार्म हाउस पर आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर अहमदाबाद हाउसिंग कमेटी के पूर्व अध्यक्ष गिरवरसिंह शेखावत, अहमदाबाद भाजपा लिगल सेल के सतीश अग्रवाल, पूर्व उप मेयर विपिन कुमार, धनसिंह राठौड़, सेवानिवृत्त मुख्य महाप्रबंधक तेजसिंह कुंपावत, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष डूंगरसिंह राजपुरोहित, पूर्व उप प्रधान भंवरलाल, बुथ अध्यक्ष श्याम सिंह आदि उपस्थित थे। इससे पूर्व सांसद मकवाना का मारवाड़ी परंपरा अनुसार साफा एवं माला स्वागत किया गया।



# परिसीमाकंन को संशोधित नवीन कार्यक्रम जारी

## ▶▶ दावें व आपत्तियां नौ फरवरी तक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** वार्ड संख्या एवं परिसीमांकन के संबंध में स्वायत्त शासन विभाग के नवीन निर्देशानुसार 26 नवंबर 2024 के जारी कार्यक्रम में वार्ड परिसीमांकन के लिए संशोधित नवीन कार्यक्रम जारी किया गया हैं। जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी पाली एलएन मंत्री ने जिले में संबधित क्षेत्रों में नियुक्त नोडल अधिकारियों को नगर पालिका परिसीमांकन उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट सुमेरपुर व सहायक नोडल अधिकारियों, अधिशाषी अधिकारी को नवीन आदेशानुसार कार्य के लिए निर्देश जारी किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री ने बताया कि अब नवीन कार्यक्रम अनुसार वार्डों में परिसीमांकन के प्रस्ताव तैयार करना एवं प्रकाशन 51 दिवस यानि एक दिसंबर 2024 से 20 जनवरी तक, परिसीमांकन के प्रस्तावों पर आपत्ति आमंत्रित करना एवं आपत्तियां प्राप्त करना 20 दिवस यानि जिसे अब 21 जनवरी से नौ फरवरी तक, वार्ड गठन प्रस्ताव मय नक्शे एवं प्राप्त दावों एवं आपत्तियां पर टिप्पणी सहित राज्य सरकार को विशेष वाहक द्वारा प्रेषित किए जाना 20 दिवस यानि 10 फरवरी से एक मार्च 2025 तक तथा राज्य सरकार द्वारा आपत्तियों का निस्तारण एवं प्रस्तावों का अनुमोदन 20 दिवस यानि दो मार्च से 21 मार्च किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि शेष आदेश यथावत् रहेंगे। साथ ही नवीन कार्यक्रम के अनुसार परिसीमांकन कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करते हुए निर्धारित प्रपत्रों में समस्त प्रस्ताव, नक्शे एवं आपत्तियां मय टिप्पणी दिनांक 11 फरवरी सांय पांच बजे तक भिजवाने के लिए निर्देश दिए हैं।

### ब्लॉक स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम को आवेदन आमंत्रित

**पाली।** युवा कार्यक्रम विभाग, भारत सरकार के स्वायत्त संगठन नेहरू युवा केंद्र, पाली द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन हेतु इच्छुक युवा मंडलों से पांच जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला युवा अधिकारी राजेंद्र जाखड़ ने बताया कि इस वर्ष में चार ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जानी है जिसमें प्रत्येक ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में चार एकल श्रेणी के खेल एवं दो समूह खेलों का आयोजन दो दिनों में किया जाएगा। ब्लॉक स्तरीय विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करेंगे तत्पश्चात जिला स्तरीय विजेता इस बार आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। ब्लॉक स्तर के समूह खेल में विजेता टीमों को खेल किट नेहरू युवा केंद्र द्वारा प्रदान की जाएगी।

# मॉडल स्कूल का अंतराज्य शैक्षणिक भ्रमण दल लौटा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** स्थानीय विद्यायल स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल देसूरी का अंतर्राज्य शैक्षणिक भ्रमण वापस लौटा। भ्रमण प्रभारी व्यख्याता गौतम चंद मेवाड़ा ने बताया की विद्यार्थियों का दल छह दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कर सकुशल लौटा। शैक्षिक भ्रमण के दौरान पंजाब स्वर्ण मंदिर, वाल्मीकि मंदिर, वाघा बॉर्डर, बीकानेर में करणी माता मंदिर, बीकानेर किला, जैसलमेर में जैसलमेर किला, पवन चक्कियों की सैर और थार रेगिस्तान नाइट सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहर के दर्शन के पश्चात भ्रमण दल वापस लौटा। जिन से विधार्थियों ने भारत देश की विविधता को जाना साथ ही भौगोलिक धरातल की जानकारी ली। सहायक प्रभारी प्रकाश देपावत ने विधार्थियों को विशेष स्थलों की जानकारी दी। टूर में प्रधनाचार्य श्रवण लाल, शिक्षक संदीप कुमार, भंवर देवासी, हेतल गहलोत, कुंजल ने विधार्थियों की देख-भाल की। भ्रमण दल सकुशल लौटने पर उप प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह जैतावत ने माल्यार्पण कर दल का स्वागत किया।

# नदी में मिली वृद्ध की लाश, डूबने से मौत

**पाली।** पाली शहर के बांडी नदी में बुधवार शाम को एक पानी में एक बॉडी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने बॉडी को बाहर निकलवा बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। कोतवाल किशोरसिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त पाली शहर के औद्योगिक नगर थाना क्षेत्र के सुभाष नगर बी निवासी 72 साल के कानाराम पुत्र भीमाराम भाट के रूप में हुई। मृतक के परिजनों ने बताया कि वृद्ध 25 दिसंबर की शाम को घर से बिना बताए निकल गया था। उनकी मानसिक हालत कुछ खराब थी। इसको लेकर 27 दिसंबर को औद्योगिक थाने में गुमशुदगी भी दर्ज करवाई थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि संभवत पैर फिसलने से वृद्ध नदी में गिर गया। जिससे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बॉडी बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा जाएगा। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ सिटी देरावरसिंह सोढ़ा भी पहुंचे।

# पाली : कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का उद्घाटन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर गठित कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का उद्घाटन डीआईजी और एसपी ने किया। पाली में नववर्ष के मौके पर बुधवार को कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का उद्घाटन डीआईजी प्रदीप मोहन शर्मा, एसपी चूनाराम जाट ने हरी झंडी दिखाकर किया। दस स्कूटी पाली पुलिस को मिली है। प्रशिक्षण प्राप्त महिला कॉन्स्टेबल शहर के कॉलेज, स्कूलों के पास गश्त करेगी। बता दें कि महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन किया गया है। इसके साथ ही पुलिस के राजकॉप सिटीजन एप में भी महिला सुरक्षा को लेकर नया फीचर एड किया गया है। जिसकी जानकारी पाली पुलिस कॉलेजों, स्कूलों में जाकर दे रही है। करीब पांच हजार महिलाओं और युवतियों को राजकॉप सिटीजन एप मोबाइल में अपलोड भी करवाया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस को मिले इंटरसेप्टर वाहन का उद्घाटन भी किया गया। डीआईजी प्रदीप मोहन शर्मा ने कहा कि अक्सर सुनने में आता है कि स्कूल, कॉलेज से घर लौट रही युवतियों पर बदमाश प्रवृत्ति के युवा कमेंट करते हैं। ऐसे में लोकलाज और डर के मारे तो अधिकतर युवतियां-बालिकाएं अपने घर आकर परिजनों को बताती तक नहीं हैं। महिलाओं को भी बाजार में कई बार गलत कमेंट का शिकार होना पड़ता है। महिलाओं और युवतियों की इस समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन किया है ताकि उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाया जा सके।

# हर्षोल्हास के साथ मनाया समाजसेवी मेहता का जन्म दिवस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**फालना।** गो भक्त समाजसेवी जीव दया प्रेमी फालना निवासी अमित कुमार मेहता का जन्म दिवस आज फालना बाजार के गणमान्य नागरिक व्यापारी, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक एवं रूबरू होकर उनके 45 वे जन्म दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर मेहता ने सभी पिता तुल्य बंधुओं, मित्र गणों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नगर पालिका फालना सी आई विक्रम सिंह संधू जैन, संघ फालना के अध्यक्ष अरुण चौधरी, व्यापार संघ श्याम सिंह जोधा, उद्योग मंडल के डायरेक्टर रामकिशोर गोयल, भरत त्रिवेदी, पूर्व जिला महामंत्री देवेंद्र सिद्धावत, कर्मवीर मेवाड़ा, नेकराम चौधरी जितेंद्र कलावत, गिरीश अग्रवाल, सुनील चौधरी, शिव प्रकाश तिवारी, कुणाल पवार, फारूक मोहम्मद, अजय जोशी, पारस बागरेचा, राकेश अग्रवाल, भोपाल सिंह गुर्जर, महेंद्र सोलंकी, ललित शक्ति राठौर, मनीष चौधरी मुंबई, प्रदीप जैन, पारस सोमपुरा, छोग सिंह पवार, बंसीलाल मालवीय, अनंत नारायण सिंह, संभव जैन, कुलदीप सिंह बग्गा, दलपत गिरी गोस्वामी, प्रीतपाल सिंह छाबडा, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिद्धावत, जसवंत सिंह, माता दिन, रामलाल, दिनेश विश्नोई, मदन सिंह, मांगीलाल बेनीवाल, कृष्ण कुमार, सतपाल सिंह देवड़ा, मोहित मेहता, राजीव अग्रवाल, सुमेर सिंह राणावत, शैतान सिंह आदि लोगों ने मेहता को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# पाली: सड़क हादसे में वृद्ध व युवक घायल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वृद्ध पिकअप से टकराया, युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर**

**पाली।** पाली में दो अलग-अलग हादसों में एक वृद्ध और एक युवक घायल हो गया। दोनों का उपचार के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल लाया गया। जहां उनका उपचार किया गया। घायल वृद्ध को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार पाली जिले के मांडा गांव (रोहट) निवासी 48 साल के वागाराम पुत्र राजाराम बाइक से जा रहे थे। इस दौरान चेड़ा गांव के निकट उनके आगे चल रहे पिकअप ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे वे पिकअप से टकराकर गंभीर घायल हो गए। हादसे में उनके सिर और मुंह पर गंभीर चोटे आई। पाली के बांगड़ अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जोधपुर रेफर किया। इसी तरह पाली शहर के मंडिया रोड राजीव कॉलोनी में बाइक सवार 25 वर्षी धन्नाराम पुत्र चुन्नीलाल को राजीव कॉलोनी में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक से गिर वह घायल हो गया। घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो वह मौके पर पहुंचे और घायल धन्नाराम को उपचार के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल लेकर आए।

बाली में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता

# 500 प्रतिभावान खिलाड़ी सम्मानित

**बाली।** श्री जणवा चौधरी समाज 42 गांव तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन सेसली में संत श्री संतोष दास व समाज के सभी साधु-संतों सहित आरजेएस रेखा भावाराम चौधरी खूडाला, एसडीएम रमेश सिरवी पुनाडिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 500 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में 22 टीमों ने भाग लिया जिसमें फाइनल मैच सेसली व बोया के बीच खेला गया। जिसमें 1-0 बोया विजेता रही। इस प्रतियोगिता में जनप्रतिनिधिगण, सरकारी कर्मचारी, पंच पटेल, माता बहनों सहित सैकड़ों समाज बंधुओं ने शिरकत की।



कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सेसली ग्राम वासियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। यह कार्यक्रम 42 जणवा समाज अध्यक्ष जगदीश चौधरी सहित समस्त जणवा समाज सेसली के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर मेजर सूबेदार पेमाराम चौधरी, हीरालाल रावलिया मुंडारा, दलपतराज चौधरी गुड़ा सिरवियान, ए.एस.आई पुखराज चौधरी, राकेश चौधरी सेसली, विक्रम सिंह खुडाला, मगाराम चौधरी, विजयराज मुंडारा, जितेंद्र सेसली, नेमाराम, सुरेश चौधरी, प्रवीण चौधरी, वरदाराम चौधरी, रमेश चौधरी, राजू चौधरी, नरेश चौधरी जेठाराम चौधरी, प्रकाश चौधरी, मोहन चौधरी सहित समाज बंधु मौजूद थे।

### आज आठ घंटे ठप्प रहेगी बिजली आपूर्ति

**खिंवाड़ा।** घेनड़ी 33 केवी जीएसएस से जुड़े गांवों में दो जनवरी गुरुवार को आठ घंटे तक बिजली बंद रहेगी। खिंवाड़ा जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता नवीन मीणा ने बताया की घेनड़ी 33 केवी जीएसएस पर आरडीडीएस के तहत विद्युत संबंधी नए कार्य के चलते जीएसएस से जुड़े घेनड़ी, सिवास एग्रीकल्चर, पिलोवनी एग्रीकल्चर व गांव, रामाजी गुड़ा, टोकरला, गावड़ा, बोलागुड़ा आदि गांवों में दो जनवरी गुरुवार सुबह नौ बजे से सांय पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

गणपति किक्रेट प्रतियोगिता

# खिंवाड़ा : सिवास ने जीता खिताब

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** गणपति क्रिकेट क्लब मगरतलाब के तत्वावधान में गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित पांच दिवसीय गणपति क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता संयोजक पूर्व उप सरपंच घीसूसिंह सोलंकी ने बताया कि गणपति क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित गणपति क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल सिवास व मगरतलाब के बीच खेला गया। जिसमें सिवास की टीम ने 209 रन का लक्ष्य मगरतलाब की टीम को दिया गया। जिसमें मगरतलाब की टीम पांच विकेट पर 147 रन ही बना पाई। विजेता टीम को 21000 हजार व उपविजेता टीम को 5100 रूपए का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर थानाधिकारी प्रभूराम, गणपतसिंह, वगताराम देवासी, केपी सिंह, प्रवीण सरगरा सहित कई लोग उपस्थित थे।



# पाली में आज होगा अमृता हाट का शुभारंभ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**▶▶ दो से आठ जनवरी तक होगा आयोजन**

**पाली।** जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता विभाग पाली की ओर से अमृता हाट का शुभारंभ आज दो जनवरी गुरूवार को सायं चार बजे राजकीय बांगड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली के खेल मैदान में किया जाएगा। उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग भागीरथ चौधरी ने बताया कि सात दिवसीय इस मेले का आयोजन आठ जनवरी तक होगा। उन्होंने बताया कि मेले का समय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। जिसमें राज्य के सभी जिलों से आए हुए विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा अनेक प्रकार के हस्तनिर्मित उत्पादों की स्टॉल्स लगाई जाएगी। अमृता हाट में विभागीय महिला स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य विभागों जैसे नगर निगम, उद्योग विभाग व राजिविका द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के हैण्डीक्राफ्ट उत्पाद भिन्न वैरायटी व पर्याप्त मात्रा में उचित मूल्य पर बिक्री हेतु उपलब्ध रहेगें। उन्होंने बताया कि ग्राहकों द्वारा न्यूनतम 500 रुपए मूल्य की सामग्री की खरीददारी पर कूपन जारी करने की व्यवस्था रहेगी। लॉटरी द्वारा कूपन निकाल कर तीन विजेता ग्राहकों को अधिकतम 500 रुपए की सामग्री की खरीददारी विभाग के स्तर से निःशुल्क करवाई जाएगी। मेले में फूड चार्ट की सुविधा भी रहेगी अनेक खाद्य पदार्थ उपलब्ध होगें। उन्होंने बताया कि हाट में बच्चों के मनोरंजन हेतु झूलों की व्यवस्था व विभिन्न प्रतियोगिताएं/व्याखयान/सांस्कृतिक कार्यक्रम/संगोष्ठी करवाई जाएगी। महिलाओं की विशेष रूचि के अनुरूप मेंहदी लगवाने की व्यवस्था भी होगी। मेले परिसर में प्रतिदिन सायं तीन से पांच बजे के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताएं विद्यालयों के माध्यम से आयोजित करवाई जाएगी। स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद गुणवत्तायुक्त एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध होगें। उन्होंने जिले के समस्त प्रबुद्ध नागरिकों से निवेदन किया है कि हाट आयोजन की अवधि के दौरान मेले में पधारकर महिलाओं को प्रेरित करावें तथा उनके द्वारा प्रदर्शित उत्पादों का क्रय कर उनका उत्साह वर्द्धन करें।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

सीएच.ई. (एस.ओ.) विभाग

नं. ई.ई.एम./सीव./6779/सिटी-1 दि. 01.01.2025

### ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगर पालिका द्वारा निम्न ऑनलाइन निविदा आमंत्रित है। निविदा की प्रतिलिपी ई-अधिप्राप्ति सेक्शन अंतर्गत पोर्टल (https://mahatenders. gov.in/nicgep/app) से डाउनलोड कर सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा संदर्भ क्र. | ईएमडी रु. में | निविदा शुल्क रु. | निविदा की की नियत दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दादर पंपिंग परिसर में प्रशासकीय कार्यालय की प्रकाशीय प्रणाली का उन्नयन एवं रिजुवीनेशन। | 2024-एमसीजीएम-1130979-1 | 12,800/- | रु. 3300/- + 18% जीएसटी बजे | 09.01.2025 को शाम 04.00 |

आगामी जानकारी हेतु https://mahatenders.gov.in/nicgep/app पर लॉगऑन करें।

PRO/2121/ADV/2024-25

एम.के. बापट
कार्यकारी अभियंता मैक. (सीव.)
सिटी-1 प्रभारी

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।

# नए साल में बुमराह के नाम जुड़ा बड़ा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में इतिहास रच दिया है। वह गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कायम हैं और अब सबसे ज्यादा रेटिंग पॉइंट्स हासिल करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह ने हाल में संन्यास लेने वाले स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2016 में 904 अंकों की अपनी सर्वोच्च रेटिंग हासिल की थी। बुमराह ने हाल में अश्विन की बराबरी की थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के दम पर वह नया भारतीय रिकार्ड बनाने में सफल रहे। उनके नाम अब 907 रेटिंग पॉइंट्स हो गए हैं। बुमराह 907 रेटिंग अंकों के साथ सर्वकालिक सूची में इंग्लैंड के डेरेक अंडरवुड के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने जारी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में दमदार प्रदर्शन किया है। भारत अभी पांच टेस्ट मैच की सीरीज में एक-दो से पीछे चल रहा है। सीरीज का पांचवा और अंतिम मैच शुक्रवार से खेला जाएगा। बुमराह ने अभी तक सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है तथा 20 से भी कम औसत से 30 विकेट लिए हैं। भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिसके कारण टीम पीछे चल रही है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस को भी रैंकिंग में बेहतरीन फायदा हुआ है।

**▶▶ सबसे ज्यादा रेटिंग पॉइंट्स हासिल करने वाले पहले भारतीय बॉलर**

### बुमराह ने अपने 44वें टेस्ट में उपलब्धि हासिल की

▪ उन्होंने चौथे टेस्ट में छह विकेट लेकर 15 रेटिंग पॉइंट्स हासिल किए और गेंदबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज हैं। कमिंस ने मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया की शानदार जीत के दौरान 90 महत्वपूर्ण रनों की पारी के दम पर टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में तीसरा स्थान भी हासिल कर लिया है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेलते हुए बुमराह टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। इससे पहले महान कपिल देव ने मार्च 1983 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में 50 मैचों में 200 विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया था। बुमराह ने अपने 44वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे वह रविंद्र जडेजा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय बन गए।

## वर्ष 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम का शेड्यूल

**नई दिल्ली।** एक जनवरी से नए साल का आगाज हो गया है। दुनियाभर में 2025 का स्वागत जश्न के साथ किया जा रहा है। पिछला साल भारतीय क्रिकेट के लिए मिला-जुला ही रहा है। टी20 इंटरनेशनल में भारतीय टीम ने धमाल मचाते हुए टी20 वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया। मगर वनडे और टेस्ट में उसे कई करारी शिकस्त झेलनी पड़ी हैं। इन दोनों ही फॉर्मेट में भारतीय टीम की हालत पतली नजर आई है। 2024 का आखिरी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में खेला, जिसमें 184 रनों से हार झेलनी पड़ी है। अब भारतीय टीम 2024 की इन कड़वी यादों को भुलाकर 2025 का जोरदार स्वागत करना चाहेगी। साथ ही भारतीय टीम नए साल में जीत से आगाज करने और बड़े खिताब भी जीतने का इरादा रखती है। टीम इंडिया को नए साल का अपना पहला मुकाबला भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट खेलना है। यह दोनों टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत पांच मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट भी होगा।

# सिडनी टेस्ट से बाहर हो सकते ऋषभ पंत

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। अब तीन जनवरी से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का पांचवां टेस्ट मैच खेला जाना है। पांचवां टेस्ट मैच तीन जनवरी से सात जनवरी तक सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है। इस टेस्ट मैच को जीतकर भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को ड्रॉ कराना चाहेगी। लेकिन ऋषभ पंत के बेमतलब के शॉट टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। ऐसे में अब खबर आ रही है कि पंत को सिडनी टेस्ट से बाहर किया जा सकता है। ऋषभ पंत की जगह ध्रुव जुरेल को मौका मिल सकता है।



### पंत का प्रदर्शन निराशाजनक

मेलबर्न टेस्ट में ऋषभ पंत ने कई गलतियां कीं। जब टीम को संभलकर खेलने की जरूरत थी, तब उन्होंने नाथन लियोन की गेंद पर जोखिम भरा शॉट खेला और मिचेल मार्श को कैच थमा बैठे। इसके बाद भारतीय टीम 121/3 से 155 रन पर सिमट गई और मैच 184 रन से हार गई। पंत के प्रदर्शन ने टीम मैनेजमेंट को पांचवें टेस्ट से पहले अपनी प्लेइंग 11 पर दोबारा विचार करने पर मजबूर कर दिया है। ऋषभ पंत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल का नाम चर्चा में है। जुरेल ने इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच खेले गए मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मेलबर्न में 80 और 68 रनों की दो अहम पारियां खेलीं। इसके अलावा ईरानी ट्रॉफी में भी उन्होंने 93 रन बनाकर अपनी अहमियत साबित की। ध्रुव जुरेल का फर्स्ट क्लास रिकॉर्ड भी पंत से बेहतर नजर आता है।

विश्व ब्लिट्ज़ शतरंज

## मैगनस कार्लसन और नेपोमनिशी सयुंक्त विजेता



**महिला वर्ग मे वेंजून जीती, वैशाली को कांस्य पदक**

**न्यू यॉर्क।** फीडे विश्व शतरंज ब्लिट्ज़ चैंपियनशिप का समापन गत वर्ष की अंतिम संध्या को संपन्न हो गया। इस बार रोचक तौर पर पुरुष वर्ग में एक की जगह हमें दो विजेता मिले। नॉर्वे के मैगनस कार्लसन और रूस के यान नेपोमनिशी शतरंज के सबसे फटाफट फॉर्मेट के सयुंक्त विजेता रहे। महिला वर्ग में यह खिताब चीन की मौजूदा क्लासिकल विश्व चैंपियन जू वेंजून नें अपने नाम किया। भारत की वैशाली नें कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में क्वाटर फाइनल में मैगनस कार्लसन नें यूएसए के नीमन हंस को 2.5-1.5 से और सेमी फाइनल में पोलैंड के यान डूड़ा को 3-0 से मात देते हुए फाइनल में प्रवेश किया। वहीं रूस के यान नेपोमनिशी नें क्वाटर फाइनल में हमवतन मुरजिन वोलोदर को 2.5-0.5 से और सेमी फाइनल मे यूएसए के वेसली सो को तीन-दो से पराजित करते हुए फाइनल में जगह बनाई। बेस्ट ऑफ फॉर के मुक़ाबले में कार्लसन नें पहले दो मुक़ाबले जीतकर 2-0 से बढ़त बना ली थी। नेपो की हार तय नजर आ रही थी पर नेपो नें शानदार वापसी करते हुए लगातार दो जीत के साथ स्कोर दो-दो से बराबर कर दिया। टाईब्रेक के तौर पर लगातार तीन मुक़ाबले बेनतीजा रहे। उसके बाद मैगनस कार्लसन नें नेपोमनिशी को सयुंक्त विजेता बनने का प्रस्ताव दिया। नेपो मान गए पर नियमानुसार परिणाम आने तक मुक़ाबले होने थे। दोनों ने यह प्रस्ताव फीडे को दिया। इसे स्वीकार कर लिया गया। दोनों को सयुंक्त विजेता घोषित कर दिया।

# शुभमन गिल की जगह राशिद खान बनेंगे गुजरात के कप्तान

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस के लिए 2024 का आईपीएल काफी चुनौतीपूर्ण रहा था। टीम के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या ट्रेड के जरिए मुंबई इंडियंस में चले गए थे। इसके बाद टीम ने स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल को कमान सौंपी थी। आईपीएल 2025 से पहले गुजरात ने बड़ा हिंट दिया कि टीम आगामी सीजन में गिल की जगह अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान को कप्तान बना सकती है। टीम की तरफ से नए साल के दिन यह संकेत दिया गया। बता दें कि राशिद खान मेगा ऑक्शन से पहले गुजरात की तरफ से सबसे ज्यादा कीमत में रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ी थे। टीम ने राशिद को 18 करोड़ की कीमत में रिटेन किया था। वहीं पिछली सीजन कप्तानी करने वाले शुभमन गिल को टाइटंस ने 16.50 करोड़ की कीमत में रिटेन किया था।

**नए साल पर टाइटंस ने चौंकाया**



### पोस्ट ने मचाई खलबली

नए साल के दिन गुजरात ने एक्स पर लिखा, "एक क्लीन स्लेट। एक नई कहानी।" इस पोस्ट में गौर करने वाली बात यह रही कि टीम ने राशिद खान की 19 नंबर की जर्सी की तस्वीर साझा की। इसके बाद से ही राशिद खान के कप्तान बनने की चर्चा तेज हो गई। हालांकि अभी कप्तानी को लेकर टीम की तरफ से किसी भी तरह का कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है।

### पहले सीजन में चैंपियन बनी गुजरात

गौरतलब है कि गुजरात टाइटंस ने 2022 में आईपीएल डेब्यू किया था। टीम ने पहले सीजन में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया था। हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने 2022 यानी अपने पहले ही सीजन में खिताब जीत लिया था। आईपीएल 2023 में भी टीम फाइनल तक पहुंची थी।

# जोकोविच ने कोच एंडी मर्रे संग बनाई रणनीति



**ब्रिस्बेन।** विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच वर्ष 2024 में पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक के रूप में एकमात्र खिताब जीत पाए थे लेकिन अब उन्होंने नए कोच एंडी मर्रे के साथ मिलकर यानिक सिनर और कार्लोस अल्कराज जैसे युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने के लिए नई रणनीति तैयार की है।

वर्तमान में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी 23 वर्षीय सिनर ने बीते साल ऑस्ट्रेलियाई और अमेरिकी ओपन तथा 21 वर्षीय अल्कराज ने विंबलडन और फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल के खिताब जीते थे। ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में अपने पहले दौर का मैच जीतने के बाद 37 वर्षीय जोकोविच ने कहा कि उन्होंने 12 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले मर्रे के साथ मिलकर अपने युवा प्रतिद्वंदियों के वीडियो देखकर उनके खेल का आकलन किया है। अपने 100वें एटीपी खिताब की कवायद में लगे जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रिंकी हिजिकाटा को 6-3, 6-3 से हराने के बाद कहा कि वह मर्रे साथ मिलकर अपने खेल में छोटे-छोटे बदलाव करेंगे। जोकोविच ने कहा, 'मैं अपने खेल में आमूलचूल बदलाव करने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। मैं जियोवानी (फ्रांस का 21 वर्षीय स्टार जियोवानी एमपेत्शी पेरीकार्ड) की तरह नहीं बनने जा रहा हूं, जो पहले दो सर्विस करके नेट पर आ जाए।'

मनोरंजन

# बॉलीवुड ने किया 2025 का स्वागत



नए साल का आगाज हो चुका है और इसका हर कोई दिल खोलकर स्वागत कर रहा है। साल 2024 को अलविदा कहकर नए साल का जश्न बॉलीवुड सेलेब्स मना रहे हैं। कई सेलेब्स फैमिली के साथ पार्टी करके इसे सेलिब्रेट कर रहे हैं तो कुछ ट्रिप के लिए विदेश निकल गए हैं। करीना कपूर से लेकर श्रद्धा कपूर तक सेलेब्स ने शानदार तरीके से नया साल सेलिब्रेट किया है। जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। आइए आपको बताते हैं अजय देवगन, अनुष्का शर्मा, रितेश देशमुख, सोनाक्षी सिन्हा ने किस तरह से पुराने साल को अलविदा कहा।

### श्रद्धा कपूर ने शेयर की क्यूट फोटो

▪ श्रद्धा कपूर ने न्यू ईयर पर फैंस के लिए अपनी कुछ क्यूट फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में वो ब्लैक टी-शर्ट और डेनिम पहने नजर आ रही हैं। उन्होंने फोटोज शेयर करते हुए लिखा- सच और झूठ? मैं आज 11 बजे सो जाऊंगी।



### दीया मिर्जा

▪ दीया मिर्जा नए साल का जश्न मनाने के लिए श्रीलंका गई हैं। श्रीलंका में बीच पर रेस्ट करते हुए दीया मिर्जा ने अपनी कई फोटोज शेयर की हैं। दीया की बीच फोटोज को बहुत पसंद किया जा रहा है।



### रणबीर-आलिया ने भी किया न्यू ईयर सेलिब्रेशन

▪ नए साल 2025 का आगाज हो चुका है। 31 दिसंबर की रात क्या आम, क्या खास सभी नए साल के स्वागत के लिए जश्न में थे। बॉलीवुड के सितारे ऐसे मौके, पल कहां जाने देने वाले हैं। 2025 की शुरुआत से पहले ही कपूर फैमिली पार्टी करते हुए दिखी जहां रणबीर कपूर ने न्यू ईयर का जश्न शुरू होते ही पत्नी आलिया भट्ट को आकर गले लगाया और न्यू ईयर विश किया। नीतू कपूर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में आधी रात को ही पार्टी की फोटो और वीडियो शेयर कर दिया था। वीडियो में दिख रहा है पूरा कपूर परिवार जश्न मनाने के लिए मौजूद है। सभी 31 दिसंबर की रात 12 बजने के लिए काउंटिंग कर रहे हैं और जैसे ही घड़ी के कांटे 12 बजे से आगे बढ़ते हैं पूरी परिवार एक दूसरे को बधाई देने में लग जाता है। इस दौरान रणबीर-आलिया की बेटी राहा भी अपने पिता को गले लगाते हुए नजर आती है। इस मौके पर आलिया ब्लैक ड्रेस में नजर आ रही हैं। वहीं रणबीर कपूर ने भी ब्लैक सूट पहन रखा है। उनकी बेटी ने रेड फ्रॉक में है। क्रिसमस के मौके पर भी राहा कपूर ने पैपराजी को खूब पोज दिए थे। राहा का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल भी हुआ था।

### शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी ने एक वीडियो शेयर की है जिसमें वो ठंड का मजा लेती नजर आ रही हैं। उसके साथ ही उन्होंने एक वीडियो भी शेयर की है जिसमें अपनी गैंग के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट करती नजर आ रही हैं।





### अजय देवगन ने शेयर की प्यारी तस्वीरें

▪ काजोल और अजय फैमिली की अनसीन फोटोज अक्सर शेयर करते रहते हैं। साल 2024 को अलविदा कहते हुए उन्होंने कुछ प्यारी सी फोटोज शेयर की हैं। जिसमें वो बेटे युग और फैमिली के साथ पोज देती नजर आ रही हैं।



### करीना कपूर ने भी सेलिब्रेट किया

करीना कपूर हर साल की तरह अपनी फैमिली के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए बाहर जाती हैं। इस साल करीना स्विट्जरलैंड अपनी फैमिली के साथ गई हैं। क्रिसमस से लेकर न्यू ईयर तक करीना ने अपना खास दिन अच्छे से सेलिब्रेट किए हैं। वो अपने सेलिब्रेशन की झलक फैंस को दिखा रही हैं। क्रिसमस से लेकर अब तक करीना ने कई फोटोज शेयर की हैं।



### सोनाक्षी ने किया वीडियो पोस्ट

▪ सोनाक्षी सिन्हा इस समय पति जहीर इकबाल के साथ ऑस्ट्रेलिया में हैं। उन्होंने जहीर के साथ एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो फायरवर्क्स एंजॉय करते नजर आ रहे हैं। शादी के बाद से सोनाक्षी और जहीर कई ट्रिप पर जा चुके हैं।

### कैटरीना ने समुंदर किनारे किया नए साल का स्वागत

पूरा बॉलीवुड नए साल के जश्न में मगन है। कई सितारे न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए विदेश पहुंचे हैं। एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने भी विदेश में नए साल का स्वागत किया। वहीं खुशी कपूर और रवीना टंडन ने भी फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं। कैटरीना कैफ पति विक्की कौशल के साथ विदेश में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने न्यू ईयर सेलिब्रेशन की झलकियां अपने फैंस के साथ शेयर की हैं। कैटरीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ फोटोज शेयर करते हुए सभी को न्यू ईयर विश किया है। तस्वीरों में कैटरीना व्हाइट एंड ब्लैक कलर की शॉर्ट पोल्का ड्रेस में नजर आ रही हैं। पोनी टेल के साथ उन्होंने अपने लुक को पूरा किया है. । जहां दो तस्वीरों में एक्ट्रेस सोलो पोज दे रही हैं तो वहीं एक तस्वीर समुंदर किनारे की है जिसमें 2025 लिखा दिख रहा है। पोस्ट के साथ कैप्शन में कैटरीना ने लिखा- '2024 खत्म और 2025 शुरू हो गया है।'





### तमन्ना भाटिया ने अपने दोस्तों के साथ खास अंदाज में मनाया न्यू ईयर

▪ बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपने माता-पिता को नए साल की शुभकामनाएं दी। अभिनेत्री ने परिवार से दूर रहने के बावजूद दिल छू लेने वाले पलों को साझा किया। अपने दोस्तों के साथ छुट्टियां मना रही अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपने माता-पिता के साथ वर्चुअल सेलिब्रेशन की एक झलक दिखाई। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वीडियो कॉल सेशन की एक तस्वीर शेयर की, जिसके कैप्शन में उन्होंने दिल वाली इमोजी के साथ "हैप्पी न्यू ईयर" लिखा। 'बाहुबली' की अभिनेत्री ने कार से एक वीडियो पोस्ट की। वीडियो क्लिप रिकॉर्ड करते समय उनकी मुस्कान फैंस को दीवाना बना रही है। कुछ दिन पहले ही तमन्ना ने इंस्टाग्राम पर अपने जन्मदिन की शानदार तस्वीरें शेयर की थीं। एक तस्वीर में अभिनेत्री बॉयफ्रेंड विजय वर्मा और उनके दोस्त एक साथ वीडियो गेम का आनंद लेते नजर आए थे। भाटिया ने कई सोलो और कैंडिड तस्वीरें भी पोस्ट की। अभिनेत्री ने पोस्ट का कैप्शन दिया, "गोवा गेटअवे।"

# नए वर्ष पर सीएम ने किए श्रीनाथजी के दर्शन



▶▶ मंदिर में भक्तिभाव से की पूजा
▶▶ धार्मिक स्थलों पर उमड़ी भीड़

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नववर्ष से पूर्व दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी धाम तथा डीग जिले के पूंछरी का लौठा स्थित श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की। शर्मा ने सर्वप्रथम दौसा जिले में स्थित मेहंदीपुर बालाजी धाम में दर्शन किए। मंदिर महंत डा. नरेशपुरी महाराज ने मुख्यमंत्री को मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक विक्रम बंशीवाल, भागचंद टांकड़ा, जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लांबा, दौसा कलक्टर देवेन्द्र कुमार, करौली कलक्टर नीलाभ सक्सेना सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री इसके बाद पूंछरी का लौठा धाम पहुंचे तथा श्रीनाथ जी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नववर्ष 2025 में प्रदेश की प्रगति तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। शर्मा ने पूंछरी ग्राम में आमजन के साथ भी आत्मीयता के साथ मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश, जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने रात को मंदिर के गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम किया और सुबह मंगला आरती में शामिल हुए।



## गोविंद देव जी के मंदिर में कतार में लगे भक्त

जयपुर के गोविंद देव जी, मोती डूंगरी स्थित गणेश जी, काले हनुमान मंदिर, आमेर आदि मंदिरों में दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। जयपुर के आराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं, सीकर के खाटूश्यामजी, जीण माता मंदिर, चूरू के सालासर बालाजी, दौसा के मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में भी दूर दराज से आए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और वहां लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

## मध्य रात्रि में ही खुल गए बालाजी के द्वार

सालासर बालाजी का मंदिर रात ढाई बजे ही खोल दिया गया और नव वर्ष पर बालाजी के दर्शन के लिये देश भर से लोग पहुंचे। मंदिर के आसपास के सभी होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाएं दो दिन के लिए पहले से ही बुक हो चुकी थीं। मंदिर प्रशासन ने इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली थीं। दर्शन के लिए सात कतार बनाई गई। ठंड को देखते हुए अलाव तथा गर्म पानी की भी व्यवस्था की गई थी। 31 दिसंबर रात साढ़े नौ बजे दर्शन बंद किए गए थे, जो रात ढाई बजे फिर से खोल दिए गए।



## तनोट माता मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- जैसलमेर के तनोट माता मंदिर और रामदेवरा में नव वर्ष के अवसर पर बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। बीकानेर के देशनोक स्थित करणी माता के मंदिर और सवाई माधोपुर के त्रिनेत्र गणेशजी मंदिर में नव वर्ष पर बुधवार को विशेष पूजा-अर्चना व आरती की गई।

## सांवलिया सेठ के दर्शन को लगी कतार

राजसमंद जिले के नाथद्वारा में श्रीनाथजी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीनाथ जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। चित्तौड़गढ़ के सांवलिया सेठ मंदिर में दर्शन के लिए लोग कतार में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे।

नववर्ष पर नागरिकों को दी शुभकामनाएं

# प्रगतिशील-गतिशील महाराष्ट्र के संकल्प को एकजुट हों : फडणवीस

▶▶ किसानों, मजदूरों समेत सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने का दिया भरोसा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** "हमें एक नया महाराष्ट्र बनाना है। प्रगतिशील महाराष्ट्र को और भी गतिशील बनाना है। इसके लिए हमें संकल्प लेना होगा कि 'महाराष्ट्र अब रुकेगा नहीं'। इस संकल्प के साथ सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा।" यह बात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य के नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कही। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि इस संकल्प को पूरा करने में किसानों, मजदूरों और मेहनतकश लोगों समेत सभी का सहयोग मिलेगा, ऐसा विश्वास है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर दिए गए अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने यह आश्वासन भी दिया।

## नया वर्ष सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, "आने वाला वर्ष सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। महाराष्ट्र की प्रगति का ध्वज निरंतर लहराता रहे, इसके लिए ऊर्जा और प्रेरणा मिलती रहे, यही मेरी कामना है। छत्रपति शिवाजी महाराज और अनेक महान संतों के आशीर्वाद से संरक्षित महाराष्ट्र को आधुनिक युग में विश्व का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है। मेहनतकश किसान, मजदूर और कला, खेल, साहित्य एवं संस्कृति के रचनात्मक हाथों ने इस राज्य की समृद्धि में हमेशा योगदान दिया है। इस गौरव को और आगे बढ़ाना है।

## नई औद्योगिक क्रांतियों को सफल बनाना

हमें खेती, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, ऊर्जा, और सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर नई औद्योगिक क्रांतियों को सफल बनाना है। इसके लिए राज्य में शांति, सद्भाव, आपसी प्रेम और सम्मान को बढ़ावा देना होगा। पर्यावरण और जल, जंगल, जमीन के संरक्षण-संवर्धन के प्रयास करने होंगे। इस दिशा में कदम बढ़ाकर नववर्ष को ऊर्जा और सकारात्मकता से भरपूर बनाना है। यह वर्ष नई अवधारणाओं और प्रयासों के साथ महाराष्ट्र को अविराम प्रगति की ओर ले जाएगा। फडणवीस ने यह कहते हुए अपनी शुभकामनाएं समाप्त कीं, "ईश्वर से प्रार्थना है कि हमारा यह प्रयास सफल हो। सभी को नववर्ष की ढेरों शुभकामनाएं और बधाई।

# एयर मार्शल मिश्रा ने संभाली वायु सेना की पश्चिमी कमान



**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा ने बुधवार को भारतीय वायु सेना की पश्चिमी कमान की बागडोर संभाल ली।

एयर मार्शल मिश्रा को 06 दिसंबर 1986 को लड़ाकू पायलट के रूप में भारतीय वायु सेना में कमीशन दिया गया था। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे, एयर फोर्स टेस्ट पायलट स्कूल, बैंगलोर, एयर कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, यूएसए और रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज, यूके के पूर्व छात्र हैं। एक फाइटर कॉम्बैट लीडर और एक प्रायोगिक टेस्ट पायलट के तौर पर एयर मार्शल मिश्रा के पास 3000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। 38 साल से अधिक के सेवा करियर में, एयर मार्शल महत्वपूर्ण कमांड और स्टाफ नियुक्तियों पर रहे हैं। मौजूदा नियुक्ति से पहले वह इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (ऑपरेशंस) के डिप्टी चीफ थे। एयर मार्शल को 'अति विशिष्ट सेवा पदक' और 'विशिष्ट सेवा पदक' से सम्मानित किया गया है। उन्होंने एयर मार्शल पंकज मोहन सिन्हा का स्थान लिया है, जो वायुसेना में 39 साल से अधिक की विशिष्ट सेवा देने के बाद 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो गए।

# प. बंगाल : बांग्लादेशी घुसपैठिया बन गई ग्राम प्रधान!

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राशीदाबाद ग्राम पंचायत की प्रधान लवली खातून की पहचान का मामला तूल पकड़ रहा है। दावा किया जा रहा है कि वह बांग्लादेशी हैं और अवैध तरीके से भारत में आई हैं। इस मामले में खातून की पार्टी तृणमूल कांग्रेस भी एक्टिव हो गई है और जांच शुरू कर दी है। इधर, कलकत्ता हाईकोर्ट ने इन आरोपों को लेकर रिपोर्ट भी तलब की है। रिपोर्ट के अनुसार, लवली का असली नाम नासिया शेख है। कथित तौर पर वह बगैर पासपोर्ट के भारत पहुंची थी और यहां उन्होंने अपनी सारी पुरानी पहचान को मिटा दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने पिता का नाम बदलकर शेख मुस्तफा कर दिया था। दस्तावेजों में यही नाम दर्ज है। उन्हें साल 2015 में वोटर कार्ड मिला और साल 2018 में जन्म प्रमाण पत्र मिला।



## ममता दे रहीं घुसपैठियों को प्रश्रय : भाजपा

भाजपा के स्थानीय नेता आरोप लगा रहे हैं कि तृणमूल के नेताओं द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण दी जा रही है और उन्हें भारतीय दस्तावेज बनवाने में मदद की जा रही है। उनका यह भी कहना है कि इन घुसपैठियों ने विदेशों से पैसे लेकर मालदा जिले में बड़ी मात्रा में जमीन खरीद ली है। इससे इलाके की जनसंख्या संरचना बदल रही है और ये घुसपैठिए स्थानीय लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रहे हैं।

## हाईकोर्ट में याचिका के बाद गर्माया माहौल

- लवली के खिलाफ हाईकोर्ट में चंचल की रहने वालीं रेहाना सुल्ताना की तरफ से याचिका दाखिल की गई थी। रेहाना की वकील अमलान भादुड़ी का कहना है, 'याचिका दाखिल करने वाली रेहाना सुल्तान ने तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था, लेकिन लवली खातून के सामने हार गई थीं। खातून ने कांग्रेस और लेफ्ट गठबंधन की उम्मीदवार बनकर चुनाव लड़ा था। चुनाव जीतने के एक या दो महीने के बाद खातून ने टीएमसी का दामन थाम लिया था।' उन्होंने आरोप लगाए हैं कि खातून के नाम पर जारी हुए आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र फर्जी दस्तावेज के आधार पर बने हैं। भादुड़ी ने बताया, 'हमें यह भी स्थानीय लोगों से पता चला है कि खातून पड़ोस के गांव में गई थीं, जहां उन्होंने एक व्यक्ति को अपने पिता के तौर पर पेश होने का अनुरोध किया था। सभी जानते हैं कि उनके पिता का नाम शेख मुस्तफा नहीं है, बल्कि जमील बिस्वास है। यहां तक कि एनपीआर पर भी शेख मुस्तफा के परिवार में लवली का कोई जिक्र नहीं है।'

# टाइगर ने तीन लोगों पर किया हमला



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दौसा।** राजस्थान के दौसा जिले में टाइगर ने एक महिला सहित तीन लोगों पर हमला कर दिया है। तीनों की हालत गंभीर है और उन्हें जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) हॉस्पिटल रेफर किया गया है। हमले में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। बता दें कि टाइगर के हमले में विनोद मीना गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उप जिला अस्पताल बांदीकुई से जयपुर रेफर किया गया है। वहीं उगा महावर का रैणी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बाबूलाल मीना को बांदीकुई उप जिला अस्पताल ले जाया गया है। टाइगर के हमले के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बांदीकुई वन रेंजर दीपक शर्मा ने इस बात की पुष्टि की है कि गांव में आया जानवर टाइगर ही है। इस संबंध में सरिस्का वन क्षेत्र को जानकारी दे दी गई है। वहां से एक टीम मौके पर पहुंचने वाली है। इसके बाद टाइगर को ट्रेंकुलाइज करके सुरक्षित स्थान पर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि संभावना है कि यह टाइगर सरिस्का वन क्षेत्र से ही आया है।

- तीनों की हालत गंभीर
- एसएमएस हॉस्पीटल रैफर

उल्लेखनीय है कि बुधवार सुबह कुछ महिलाएं खेतों पर काम करने गई थीं। इस दौरान टाइगर ने सबसे पहले उगा महावर नाम की महिला की पीठ पर हमला किया। शोर सुनकर कई ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद टाइगर ने दो अन्य लोगों पर भी हमला कर घायल कर दिया।

# वक्फ बोर्ड ने जबरन खाली कराईं दुकानें, थाने में शिकायत दर्ज



**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में वक्फ बोर्ड की कार्रवाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पुराने राजकोट के दानपीठ इलाके में नवाब मस्जिद के परिसर में स्थित तीन दुकानों को मस्जिद के लोगों ने जबरन ताला तोड़कर खाली करा दिया। दुकानों का सामान बाहर फेंकने और इस गैरकानूनी कार्रवाई से माहौल गरमा गया है। बताया जा रहाहै कि ये तीन दुकानें पिछले 60 साल से अलग-अलग हिंदू परिवारों के पास किराए पर थीं। दुकानदारों का कहना है कि वक्फ बोर्ड की तरफ से कानूनी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए गए थे, जिसमें नोटिस देना और बातचीत करना शामिल था। इसके बावजूद मस्जिद प्रबंधन ने ताला तोड़कर सामान बाहर निकाल दिया। दुकानदार उपेन कोटेचा ने बताया कि हम अहमदाबाद में थे, तभी हमें सूचना मिली कि हमारी दुकानें जबरन खाली करा दी गई हैं। हमने कई बार किराया देने की पेशकश की थी, लेकिन कोई लेने नहीं आया। अब हमने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और न्याय की उम्मीद है। मस्जिद के प्रबंधक फारूक मसानी ने दावा किया कि गुजरात वक्फ बोर्ड के आदेश पर हमने यह कार्रवाई की। दुकानें कई सालों से बंद और जर्जर थीं, जिससे मस्जिद को नुकसान हो रहा था। हमने आदेश का पालन किया है। इस मामले में राजकोट के ए-डिवीजन पुलिस स्टेशन में फारूक मसानी समेत पांच लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस उपायुक्त जगदीश बंगारवा ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं, भाजपा विधायक डा. दर्शिता शाह ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर गैरकानूनी कार्रवाई पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड ने कानूनी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसका उल्लंघन हुआ है।

# 1.47 करोड़ रुपए के हीरे चुराने वाला राजस्थान से गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई की एक कंपनी से 1.47 करोड़ रुपए के हीरे चुराने के आरोप में 40 वर्षीय ज्वेलरी कारीगर को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि वह मुंबई में काम करता था। गोरेगांव पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि 120 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच के बाद सचिन जे मकवाना का पता चल पाया। हीरा व्यापारी किरण रतिलाल रोकानी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि मकवाना ने 10 दिसंबर को गोरेगांव स्थित फर्म से 1.47 करोड़ रुपए के 491 कैरेट हीरे चुराए थे। उसका पता लगाने के लिए पुलिस ने गोरेगांव, मलाड, दहिसर, चारोटी टोल, भिलाड, वापी, सूरत, अहमदाबाद, पालनपुर और इदर सहित विभिन्न स्थानों से सीसीटीवी फुटेज की जांच की। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को गिरफ्तारी के बाद उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया और पुलिस ने चोरी का 97 फीसदी सामान बरामद कर लिया, जिसमें 77,380 रुपए नकद और 1.40 करोड़ रुपए मूल्य के 470 कैरेट हीरे शामिल हैं। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

**120 सीसीटीवी कैमरों की जांच में खुलासा**

# मंत्री की गाड़ी का हॉर्न बजाने पर बवाल

▶▶ दो गुटों में जमकर पथराव
▶▶ आगजनी के बाद कर्फ्यू



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव में साल के पहले ही दिन दो गुटों में मामूली विवाद ने हिंसक रूप अख्तियार कर लिया है। विवाद ऐसा भड़का कि देखते-ही देखते पथराव और आगजनी होने लगी। इसके बाद पुलिस को शहर में कर्फ्यू लगाना पड़ा है। ये विवाद तब शुरू हुआ, जब उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव जिले के एक गांव में राज्य के मंत्री गुलाबराव पाटिल की कार के चालक और स्थानीय निवासियों के समूह के बीच हॉर्न बजाने को लेकर मामूली विवाद हुआ। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पल्थी गांव में हिंसा के दौरान कई दुकानों में आग लगा दी गई और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कसाईवाड़ा में राज्य के मंत्री गुलाबराव पाटिल की कार के चालक और स्थानीय लोगों के एक समूह के बीच उस समय तीखी नोकझोंक हुई, जब चालक ने हॉर्न बजाकर रास्ता देने के लिए कहा। शिवसेना नेता और जलापूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री पाटिल मौके पर मौजूद नहीं थे, लेकिन उनके परिवार का एक सदस्य कार में सवार था। हालांकि बहस मौके पर ही खत्म हो गई, लेकिन बाद में इलाके के कुछ लोग गांव के चौराहे पर पहुंच गए और विरोध-प्रदर्शन शुरू कर किया। एक और समूह वहां पहुंच गया, जिसके बाद दोनों गुटों में झड़प शुरू हो गई। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद दोनों गुटों में पथराव हुआ फिर तोड़फोड़ और गांव में कई दुकानों में आग लगा दी गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि असल विवाद पलथी गांव के कसाईवाड़ा इलाके में मंगलवार देर रात शुरू हुआ था, जो बुधवार को हिंसक हो गई। उन्होंने बताया कि गांव में अतिरिक्त पुलिस कर्मियों, राज्य रिजर्व पुलिस बल और दंगा नियंत्रण पुलिस टीमों के साथ-साथ दमकल वाहनों को तैनात किया गया है।

नए साल 2025 पर करणी माता मंदिर में

# 17,500 किलो दाल का हलवे से बना महारिकॉर्ड



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बीकानेर।** नए साल 2025 की शुरुआत के साथ ही राजस्थान के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिसमें बीकानेर के देशनोक में करणी माता मंदिर में भी काफी भीड़ रही। करणी माता मंदिर में महाप्रसादी कार्यक्रम करणी माता मंदिर में सावन भादो कढ़ाही महाप्रसादी नामक विशेष आयोजन किया गया। मंदिर ने नए साल के स्वागत के लिए 17,500 किलो दाल हलवा तैयार किया। यह प्रसाद 1 जनवरी को भक्तों में वितरित किया गया। इस वितरण से पहले, मां करणी के लिए एक विशेष पूजा समारोह आयोजित किया गया, जिसने इस अवसर के आध्यात्मिक महत्व को और बढ़ा दिया। करणी बाग पैलेस के महंत डा. करणी प्रताप सिंह के परिवार ने इस भव्य महाप्रसादी का आयोजन किया। श्रीकर्णी मंदिर निवी प्रन्यास के अध्यक्ष बादल सिंह चारण ने बताया कि महाराजा गंगा सिंह के समय में सावन भादो का प्रसाद प्रचलित था। पहले लापसी परोसी जाती थी, बाद में हवा और बूंदी का प्रचलन शुरू हुआ। इस साल पहली बार दाल का हलवा बनाया गया।

महाकुंभ 2025

# श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़े का महाकुंभ छावनी में प्रवेश

▶▶ निकाली शोभायात्रा
▶▶ त्रिवेणी पर अखाड़ा

**प्रयागराज।** प्रयागराज स्थित संगम किनारे 13 जनवरी से लगने जा रहे दुनिया के सबसे बड़ा मेला 'महाकुंभ' देश-विदेश में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस महाकुंभ में रहने वाले अखाड़ों से जुड़े साधु-संतों के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। 13 अखाड़ों में से एक शैव संप्रदाय से जुड़े श्रीशंभू पंचायती अटल अखाड़े ने गुरूवार को अपना छावनी प्रवेश (पेशवाई) मेला क्षेत्र में बने शिविर में किया। मेला क्षेत्र में प्रवेश करने पर पुलिस अधिकारियों द्वारा साधु संतों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। अटल अखाड़े के छावनी प्रवेश की भव्य शोभा यात्रा दारागंज स्थित बक्शीबांध से शुरू हुई। करीब सात किलोमीटर लंबी अटल अखाड़े की शोभा यात्रा सेक्टर 20 स्थित अखाड़ा नगर अपने शिविर में पहुंची। बैंड बाजे की धुन के साथ अटल अखाड़े के सैकड़ों साधु-संतों ने राजशाही अंदाज में शोभायात्रा निकाली। घोड़े, बग्धी समेत चांदी के रथ पर सवार होकर अटल अखाड़े के साधु-संत अपने लाव लश्कर के साथ इस शोभायात्रा में शामिल हुए। इस प्रकार से मेला क्षेत्र में आज चौथे अखाड़े का छावनी प्रवेश हुआ है। अटल अखाड़े की शोभायात्रा में आस्था और संस्कृति के तमाम रंग देखने को मिले।



## घोड़े पर सवार नागा साधु

- अटल अखाड़े की पेशवाई यानि महाकुंभ छावनी प्रवेश शोभा यात्रा बक्शी बांध स्थित आश्रम से शुरू होकर दारागंज की गलियों से होती हुई महाकुंभ छावनी में प्रवेश कर गई। पेशवाई यानी छावनी प्रवेश शोभा यात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वजा शान से फहरा रही थी। इसके बाद अखाड़े के आराध्य भगवान गजानंद की पालकी ट्रैक्टर पर बने रथ पर सवार थी।

## संत महात्मा दे रहे थे आशीर्वाद

- इसके पीछे जम्मू कश्मीर से आए हुए 200 से ज्यादा वेद पाठी हाथों में भगवा झंडा लेकर इस शोभायात्रा में शामिल थे। यह सभी वेदपाठी पीले रंग के कपड़े पहने हुए थे। पेशवाई में दर्जनों बैंड पार्टियां भक्ति गीतों की धुन पेश कर रही हैं। अखाड़े के महामंडलेश्वर और संत महात्मा शाही रथों पर रखे चांदी के सिंहासन पर छत्र-छड़ी और चंवर के साथ विराजमान थे।

## महाकुंभ में बम ब्लास्ट की धमकी

- प्रयागराज महाकुंभ में बम ब्लास्ट कर 1000 हिंदुओं को मारने की धमकी मिली है। X पर नसर पठान नाम के यूजर ने लिखा-ऑल ऑफ यू, तुम सब अपराधी हो। महाकुंभ में 1000 हिंदुओं को मारेंगे। 31 दिसंबर को सूचना मिलते ही यूपी पुलिस एक्टिव मोड पर है। धमकी भरा पोस्ट करने वाले युवक की तलाश की जा रही है। खालिस्तान समर्थक आतंकी पन्नू ने भी महाकुंभ में हमले की धमकी दी थी। महाकुंभ मेले में बम ब्लास्ट की धमकी देने वाले शख्स ने अपनी बायो में कट्टर मुस्लिम लिख रहा है। उसने यह भी लिखा है कि मुझे मुस्लिम होने पर गर्व है। पुलिस उसके मोबाइल नंबर और ई-मेल ID तलाश रही है। महाकुंभ में हर दिन लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। पूरे मेले में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं पुण्यलाभ लेने आएंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए यहां व्यापक इंतजाम किए गए हैं।



राजस्थान नगर निकाय उपचुनाव

# नौ जिलों में 9 जनवरी को मतदान, गाइडलाइन जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान के 9 जिलों बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, दौसा, हनुमानगढ़, जयपुर, झालावाड़, जोधपुर ग्रामीण, सवाई माधोपुर और सीकर में नगर निकाय के लिए उप-चुनाव होने वाला है। 9 जनवरी को इसके लिए मतदान होंगे। इसपर मतदान दिवस को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए जिला कलेक्टर को अधिकृत किया गया है। चुनाव आयोग के आदेश के अनुसार उप-चुनाव वाले क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू रहने के दौरान चुनाव से संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव समाप्ति तक मंत्री शासकीय दौरे पर नहीं जाएंगे।

कानून व्यवस्था बिगड़ने या किसी आपात स्थिति के कारण मंत्री यदि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में दौरे पर रहते हैं तो उन्हें इसकी सूचना विभाग के शासन सचिव द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को भेजनी होगी। यदि कोई मंत्री संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के दौरे पर हैं तो इस दौरान वे किसी सरकारी वाहन का प्रयोग नहीं करेंगे और निजी वाहन पर लाल बत्ती या सायरन आदि का प्रयोग मना है।




आयोग के आदेश के अनुसार क्षेत्र के विश्रामगृह, डाक बंगले या अन्य सरकारी आवासों का या इससे संलग्न परिसरों का उपयोग प्रचार कार्यालय के रूप में या चुनाव से संबंधित कोई बैठक करने की दृष्टि से नहीं कर सकेंगे। इन स्थानों को निष्पक्ष तरीके से अन्य दलों या अभ्यर्थियों को भी उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन वे भी उनका चुनाव से संबंधित कार्य में इस्तेमाल नहीं करेंगे।